@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 20 अगस्त 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 284 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## सचिन वाजे ने याचिका में यूएपीए प्रावधानों और जांच पर उठाए सवाल

मुंबई, 19 अगस्त। मुंबई पुलिस के बर्खास्त अधिकारी सचिन वाजे ने बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। याचिका में उन्होंने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और एंटीलिया बम धमकी मामले तथा कारोबारी




मनसुख हिरेन की मौत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजुषा देशपांडे की पीठ ने सोमवार को एनआईए को वाजे की याचिका पर जवाब देने का आदेश दिया। वाजे इनमें से दो मामलों में अभी जेल में हैं। पीठ ने टिप्पणी की कि वाजे की 185 पेज की याचिका जेल से दायर की गई एक थिसिस जैसी लग रही है। अदालत ने कहा, यह याचिका है या थिसिस? इसमें ऑस्कर वाइल्ड के भी उद्धरण हैं। यह तो पीएचडी की थिसिस जैसी लगती है। इस पर वरिष्ठ वकील आबाद पोंडा ने कहा, वाजे जेल में होने की वजह से यही काम कर रहे हैं। वाजे ने अपनी याचिका में तत्काल रिहाई की मांग की है। पोंडा ने कहा कि यूएपीए के प्रावधान इस मामले में गलत तरीके से लागू किए गए हैं और एनआईए ने कानून लागू होने से पहले ही जांच शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ मुंबई में किसी के घर के बाहर मिले जिलेटिन का है। इसमें कोई आतंकवाद नहीं है। याचिका में एनआईए की जांच क्षमता पर भी सवाल उठाए गए हैं। अदालत ने एनआईए से जवाब मांगा और मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को तय की। 25 फरवरी 2021 को एक विस्फोटक से भरी एसयूवी मुंबई में मुकेश अंबानी के पास मिली थी। एनआईए का कहना है कि वाजे और अन्य आरोपियों ने उस एसयूवी में विस्फोटक रखा और हिरेन को मार डाला।

# सीबीआई ने आरजी अस्पताल का किया निरीक्षण, आरोपी का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

**सिम्मी कौर बब्बर**

कोलकाता, 19 अगस्त। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता और अन्य हिस्सों में रविवार की रात सैकड़ों महिलाओं ने सड़क पर उतरकर रिक्लेम द नाइट अभियान को दोबारा शुरू किया। महिलाओं ने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में न्याय की मांग की। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी के मामले की जांच कर रही सीबीआई टीम आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया। पश्चिम बंगाल- कोलकाता में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने दीवार पर चित्र बनाकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी के मामले पर अपना विरोध और अपनी एकजुटता व्यक्त की। टीएमसी नेता उदयन गुहा के बयान पर केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा, कितने लोगों के हाथ आप तोड़ेंगे, उंगली काटेंगे...पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर करोड़ों उंगलियां उठ रही हैं कि वे इस्तीफा दें। पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ममता बनर्जी को इस्तीफा देना चाहिए...मैं इस घटना के खिलाफ




प्रदर्शन कर रहे सभी लोगों को आश्वस्त करता हूं कि भाजपा कानूनी मदद देने के लिए तैयार है। कोलकाता- टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा, दर्द राजनीतिक नहीं है लेकिन सोशल मीडिया पर लोगों के दर्द को राजनीतिक नारे में बदला जा रहा है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आप सोशल मीडिया पर जो दर्द बयां कर रहे हैं और जो विरोध कर रहे हैं, उस पर कोई आपत्ति नहीं है। आप कुछ भी कह सकते हैं लेकिन भाषा मर्यादित होनी चाहिए। तस्वीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर फर्जी रिपोर्ट, फर्जी ऑडियो, फर्जी खबरें फैलाना गलत है। ऐसा न करें, यह आपत्तिजनक है। दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है, अपराधी को फांसी होनी चाहिए लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि राम, वामपंथी और कुछ बुरी ताकतें मिलकर इसे दूसरी दिशा में मोड़ दें। वे वोटों से नहीं जीत पाए लेकिन हम उनके की तरफ से किए जा रहे नाटक का विरोध कर रहे हैं। हम स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि मौत की सजा होनी चाहिए। हम समाधान चाहते हैं, मामले में सजा होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश- लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी के मामले में न्याय की मांग करते हुए काली राखी बांधी।

## मैं केवल अहम लोगों की बात पर ध्यान देता हूं: अजित पवार

कोलकाता, 19 अगस्त। भाजपा नेताओं द्वारा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के काफिले को काले झंडे दिखाने के बाद उन्होंने (अजित पवार) प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उन्हें दूसरों द्वारा अपनी आलोचना की परवाह नहीं है, उन्हें केवल इस बात की चिंता है कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के प्रमुख नेता क्या कहते हैं। पवार ने मुंबई में जन सम्मान यात्रा के दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात की। अजित पवार ने कहा, दूसरे लोग क्या कहते हैं, इसे लेकर मुझे कुछ नहीं करना है। मैं अहम लोगों पर ध्यान देता हूं। इसमें शिवसेना के सीएम एकनाथ शिंदे और भाजपा के चंद्रशेखर बावनकुले और देवेंद्र फड़णवीस शामिल हैं। पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने पूछा कि फड़णवीस यह स्पष्ट करें कि क्या वह अपने भाजपा कार्यकर्ताओं के व्यवहार को स्वीकार करते हैं? भाजपा की जुन्नर प्रमुख आशा बुचाके ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जुन्नार सीट से राकांपा अपने उम्मीदवार का प्रचार कर रही थी। उन्होंने कहा, वे हमारा गला घोंटने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए हमने आक्रमक रुख अपनाया। आशा बुचाके ने आगे कहा, अगर हम महायुति का हिस्सा हैं तो मीटिंग हॉल में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तस्वीर क्यों नहीं थी। अजित पवार से पूछा गया कि क्या वे रक्षाबंधन के मौके पर अपनी बहन सुप्रिया सुले से राखी बंधवाएंगे।

## आपातकाल के बाद भारतीयों ने जनसंख्या नियंत्रण पर ध्यान नहीं दिया

नई दिल्ली, 19 अगस्त। इंफोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति ने रविवार को बढ़ती जनसंख्या को देश के लिए एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि भारतीयों ने आपातकाल के बाद से जनसंख्या नियंत्रण पर ध्यान नहीं दिया है। मूर्ति ने प्रयागराज में मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दीक्षांत समारोह के दौरान यह टिप्पणी की, जहां वह मुख्य अतिथि थे। मूर्ति ने कहा, भारत आबादी, प्रति व्यक्ति भूमि उपलब्धता और स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित चुनौतियों का सामना कर रहा है। मूर्ति ने कहा, आपातकाल के बाद से, हम भारतीयों ने जनसंख्या नियंत्रण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया है। इससे हमारे देश के अस्थिर होने का खतरा है। इसकी तुलना में अमेरिका, ब्राजील और चीन जैसे देशों में प्रति व्यक्ति भूमि उपलब्धता कहीं अधिक है। मूर्ति ने इस बात पर भी जोर दिया कि एक सच्चे पेशेवर की जिम्मेदारी देश की प्रगति में योगदान देना है। उन्होंने कहा, यह योगदान उच्च आकांक्षाओं, बड़े सपने देखने और उन सपनों को हकीकत में बदलने के लिए कड़ी मेहनत करने पर निर्भर करता है। नारायणमूर्ति ने कहा, एक पीढ़ी को अगले के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कई बलिदान करने पड़ते हैं। मेरे माता-पिता, भाई-बहनों और शिक्षकों ने मेरी प्रगति के लिए महत्वपूर्ण बलिदान दिए हैं और मुख्य अतिथि के रूप में यहां मेरी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया। समारोह के दौरान, 1,670 डिग्री प्रदान की गई। स्नातकोत्तर छात्रों को 34 स्वर्ण पदक मिले जबकि स्नातक छात्रों को 13 स्वर्ण पदक प्राप्त हुए।

# बंगाल महिलाओं के लिए सुरक्षित जगह नहीं: राज्यपाल सीवी आनंद बोस

**सौरभ शर्मा**

कोलकाता, 19 अगस्त। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार को कहा कि बंगाल महिलाओं के लिए सुरक्षित जगह नहीं है। बंगाल ने अपनी महिलाओं को नाकाम कर दिया है। समाज नहीं, बल्कि मौजूदा सरकार ने अपनी महिलाओं को नाकाम किया है। उन्होंने कहा कि बंगाल को उसके प्राचीन गौरव की स्थिति में वापस लाया जाना चाहिए, जहां महिलाओं को समाज में सम्मानजक स्थान मिलता था। अब महिलाएं गुंडों से डरती हैं। यह स्थिति सरकार की असंवेदनशीलता के कारण बनी है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के मामले पर राज्यपाल ने कहा, मैं (पीड़िता की) मां की भावनाओं का सम्मान करता हूं। कानून अपनी प्रक्रिया का पालन करेगा। राज्यपाल ने रक्षाबंधन के मौके राजभवन में महिला नेताओं और डॉक्टरों से मुलाकात की। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। यह नहीं चल सकता। आज हमें अपनी बेटियों-बहनों की रक्षा करने की शपथ लेनी होगी। समाज ऐसा होना चाहिए, जहां महिलाएं खुश और सुरक्षित महसूस करें। हम अपनी बहनों के प्रति अपने मिशन में विफल रहे हैं। अब भी पुरुषों के पास खुद को सुधारने का समय है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के नेता शहजाद पूनावाला



ने भी मामले को लेकर ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आज सवाल उठता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कब इस्तीफा देंगी। इसके बजाय, हम देख रहे हैं कि जो भी इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं, ममता बनर्जी सरकार उन्हें नोटिस भेज रही है और धमका रही है। पुलिस डॉक्टरों को बुला रही है। जब उनके नेता आवाज उठाते हैं तो उन्हें भी तलब किया जा रहा है। जांच की मांग करने के लिए सांसद सुखेंदु शेखर राय को कोलकाता पुलिस ने तलब किया है। सरकार ने सबूतों को नष्ट करने के लिए संस्थागत और प्रणालीगत दृष्टिकोण अपनाया। कलकत्ता हाईकोर्ट पहले ही इस मामले पर बंगाल सरकार के प्रति असंतोष जता चुकी है। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले का संज्ञान लिया है। ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवण ने कहा, कांग्रेस की संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी कोलकाता की इस घिनौनी घटना पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं? सोनिया गांधी ने तृणमूल सरकार की निंदा क्यों नहीं की, जो न्याय की मांग करने वालों की आवाजों को दबा रही है? यह समय है कि सोनिया गांधी अपनी चुप्पी तोड़ें और भारत के लोकतंत्र के सबसे अंधकारमय अध्यायों में से एक पर बोलें, जो इंदिरा गांधी की आपातकाल के बाद का है।

## शिंदे ने सही ठहराया उद्धव से अलग होने का निर्णय

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 19 अगस्त। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 2022 में उद्धव ठाकरे से अलग होने के अपने फैसले को सही कदम बताते हुए रविवार को कहा कि अगर वह उनके साथ रहते तो पार्टी टूट जाती, चुनाव चिह्न धनुषबाण भी खत्म हो जाता। एक बातचीत में शिंदे ने कहा कि उस समय हमने देखा कि पार्टी कोई और चला रहा था। नेतृत्व कोई और कर रहा था। महाराष्ट्र सीएम ने कहा कि अगर उस समय एकजुट शिवसेना का भाजपा के साथ गठबंधन होता, तो उनकी विचारधारा ठीक होती और वे सभी एकजुट रहते। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि भाजपा को तोड़ने के लिए महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने देवेंद्र फडणवीस को गिरफ्तार करने की योजना बनाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उन्होंने (शिंदे ने) इस पर आपत्ति जताई, तो उन्होंने मुझे भी गिरफ्तार करने की तैयारी की थी। आईपीएस अधिकारी परमवीर सिंह के इन आरोपों पर कि सीएम उद्धव ठाकरे और तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख के तहत एमवीए सरकार देवेंद्र फड़नवीस और एकनाथ शिंदे को गिरफ्तार करना चाहती थी, महाराष्ट्र के सीएम ने कहा, इस बात को लेकर मुझे दुख होता है। शिंदे ने कहा कि उन्होंने इसे अंजाम देने के लिए पूरी योजना बना ली थी। मुझे कुछ अफसरों से इसका पता चला था, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद एमवीएम की इस पूरी साजिश का मुझे पता चला।

## वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के कर्ज माफ करें बैंक: मुख्यमंत्री विजयन

वायनाड, 19 अगस्त। केरल के वायनाड में 30 जुलाई को भूस्खलन के कारण स्थानीय लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। इस त्रासदी से पीड़ित लोगों की मदद के लिए केरल सरकार ने बड़ा कदम उठाया। मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने सोमवार को विभिन्न बैंकों से केरल के वायनाड में भूस्खलन में मरने वालों और प्रभावित लोगों के कर्ज माफ करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कर्ज माफ करने से बैंकों पर कोई असहनीय बोझ नहीं पड़ेगा। बता दें कि वायनाड भूस्खलन में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। तिरुवनंतपुरम में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की बैठक को संबोधित करते हुए सीएम सिजयन ने कहा, ब्याज राशि में छूट या मासिक किस्तों को जमा करने के लिए समय बढ़ाने से भूस्खलन प्रभावित लोगों की समस्या हल नहीं होगा। उन्होंने आगे बताया कि कर्ज लेने वाले कई लोगों की मौत हो चुकी है। भूस्खलन के बाद उनकी जमीन भी अनुपयोगी हो गई। विजयन ने कहा, हम बस यह चाहते हैं कि प्रभावित क्षेत्रों में लोगों द्वारा लिए गए कर्ज को माफ कर दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बैंकों द्वारा प्रभावित लोगों से मासिक किस्तें लेने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एसएलबीसी से इस संबंध में निर्णय लेने की भी अपील की। 30 जुलाई की त्रासदी को याद करते हुए सीएम विजयन ने कहा कि भूस्खलन पीड़ित अब वायनाड में खेती की गतिविधियों में लगे हुए हैं, लेकिन इस त्रासदी ने वहां की कृषि भूमि का भूगोल ही बदल दिया। रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्र अनुपयोगी हो चुके हैं। वहां खेती संभव नहीं है। सीएम ने कहा, उस क्षेत्र के कई किसानों ने कर्ज लिया था। जिन्होंने घर बनाने के लिए कर्ज लिया था, उनके घर ही नष्ट हो गए। उन्होंने बैंकों पर निशाना साधते हुए कहा कि कर्ज माफ करने के बाद बैंक अक्सर सरकार से माफ की गई राशि का भुगतान करने की उम्मीद करते हैं।

# राहुल गांधी ने केंद्र पर साधा निशाना

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 19 अगस्त। ल्क्स्ष्ट से सीधी भर्ती मामले में राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सुधार आयोग दलित, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि भाजपा का रामराज्य का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करने और बहुजनों से आरक्षण छीनने का प्रयास है। रविवार को भी राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट कर हमला बोला था। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग की जगह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जरिए लोकसेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला कर रहे हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के जरिए भर्ती कर खुलेआम एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है। वहीं इस मामले में पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि सीधी भर्ती को लेकर पहला प्रयास यूपीए सरकार ने किया था। प्रशासनिक सुधा आयोग को 2005 में यूपीए सरकार में ही विकसित किया गया था। उन्होंने



कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली ने प्रशासनिक सुधार आयोग की अध्यक्षता की थी। आयोग को भारतीय प्रशासनिक प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक अनुकूल बनाने के लिए सुधारों की सिफारिश करने का काम सौंपा गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ल्क्स्ष्ट से सीधी भर्ती को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह आरक्षण को छीनकर संविधान बदलने का भाजपा का चक्रव्यूह है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि सीधी भर्ती का प्रावधान संविधान पर हमला है। सरकारी महकमों में रिक्तियां भरने के बजाय पिछले 10 वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में ही भारत सरकार के हिस्सों को बेचकर भाजपा ने 5.1 लाख पद खत्म कर दिए। उन्होंने कहा कि अनुबंधित भर्ती में 91 प्रतिशत इजाफा हुआ है। एससी-एसटी और ओबीसी के पदों में 1.3 लाख तक की कमी आई है। हम सीधी भर्ती गिने-चुने विशेषज्ञों को कुछ विशेष पदों में उनकी उपयोगिता के अनुसार नियुक्त करने के लिए लाए थे।

## मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिला रहा तीन तलाक कानून: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 19 अगस्त। तीन तलाक कानून को लेकर दायर याचिका के जवाब में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। इसमें कहा गया है कि तीन तलाक कानून मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिला रहा है। साथ ही विवाहित मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का संरक्षण करता है। खुद को सुन्नी विद्वानों का संघ बताने वाले केरल के जमीयतुल उलेमा ने मुस्लिम महिला अधिनियम 2019 को असंवैधानिक बताते हुए याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को अमान्य करार कर दिया है तो इसे अपराध घोषित नहीं किया जाना चाहिए। इसे लेकर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने हलफनामा दायर किया है। सरकार ने कहा कि तीन तलाक की प्रथा मुस्लिम महिलाओं के लिए घातक और उनकी स्थिति को दयनीय बना देती है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से 2017 में इस प्रथा को अमान्य करार किए जाने को कुछ ही मुस्लिम समुदायों ने वैध माना है। इसके बाद भी तीन तलाक के मामले पूरी तरह नहीं रुके। सरकार ने कहा कि तीन तलाक की पीड़िताओं के पास पुलिस के पास जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है। कानून में दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान न होने के चलते पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर पाती। इसलिए इस कानून में कड़े प्रावधानों की जरूरत है। सरकार ने तर्क दिया कि 2019 अधिनियम विवाहित मुस्लिम महिलाओं को न्याय और समानता के बड़े संवैधानिक लक्ष्यों को सुनिश्चित करने में मदद करता है। उनके गैर-भेदभाव और सशक्तीकरण के मौलिक अधिकारों को संरक्षित करने में मदद करता है। सरकार ने हलफनामे में यह भी कहा गया है कि अभी कानून में अपने विवेक से तीन तलाक लेने वाली विवाहित महिलाओं की रक्षा के लिए प्रावधान किए गए हैं।

## चंपई के झामुमो छोड़ने को लेकर भड़के संजय राउत

मुंबई, 19 अगस्त। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत झारखंड के पूर्व सीएम चंपई के झामुमो छोड़ने को लेकर भड़के। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव आगे बढ़वाए हैं। उनको हार का डर सता रहा है। भाजपा झारखंड में हेमंत सोरेन को सीएम पद से हटाना चाहती है। पार्टी को तोड़ना चाहती है। उनका उद्देश्य झारखंड में अस्थिरता लाना है। चंपई सोरेन ने बैठक के बाद जो कुछ भी कहा उससे सब साफ है। चुनाव इसलिए टाले गए हैं क्योंकि भाजपा को वक्त चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की हार तो हो रही है, यह वो जानती है। इसलिए चुनाव से पहले वक्त लेकर ठेकेदारों, सरकारी संस्थानों में लूट करना चाहती है। चुनाव आयोग भी संविधान के खिलाफ और दबाव में काम कर रहा है। लेकिन भाजपा सफल नहीं हो पाएगी। वहीं चंपई सोरेन मामले को लेकर झारखंड के मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह जेएमएम का आंतरिक मामला है। हेमंत सोरेन अच्छे सीएम हैं और सरकार अच्छे से चला रहे हैं। वह राजनीति की बारीकियां समझते हैं यह उनका आंतरिक मामला है। वहीं झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि चंपई सोरेन को लेकर सब अफवाहें और अटकलें हैं। वह अपनी बेटी से मिलने के लिए निजी यात्रा पर दिल्ली आए थे। वह झामुमो और गठबंधन के समर्पित नेता हैं। गठबंधन ने हमेशा उनका सम्मान किया है। वह इस सम्मान और अपनी पार्टी को छोड़कर कहीं नहीं जाने वाले हैं। यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी और आगे भी हम सरकार बनाएंगे। हमारी कल्याणकारी योजनाओं से भाजपा घबरा गई है। दरअसल, चंपई सोरेन ने रविवार को अपना दर्द साझा करते हुए कहा था कि लगातार अपमान और तिरस्कार के बाद उनके सामने राजनीति से संन्यास लेने, अपना संगठन खड़ा करने या नए साथी के साथ सफर करने का विकल्प बचा था। मेरे लिए विधानसभा चुनाव तक के सफर के लिए विकल्प खुले हुए हैं। अपमान और तिरस्कार के कारण मैं वैकल्पिक राह तलाशने के लिए मजबूर हो गया। आज से मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। गौरतलब है कि चंपई रविवार को कोलकाता के रास्ते दिल्ली पहुंचे। कोलकाता में उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की। इसके बाद देर शाम सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से झामुमो नेतृत्व पर तीखा हमला बोला।

# मुडा मामले में सिद्धारमैया को राहत, 29 अगस्त तक कार्रवाई न करें विशेष अदालत

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 19 अगस्त। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने एमपी/एमएलए कोर्ट को निर्देश दिया कि वह कथित मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) स्थल आवंटन घोटाले में सिद्धारमैया के खिलाफ 29 अगस्त तक कोई कार्यवाही न करे। इसी दिन सीएम के खिलाफ शिकायतों के मामले की सुनवाई होनी है। सीएम सिद्धारमैया की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने कहा कि मैंने प्रथमदृष्टया प्रस्तुतीकरण पर विचार किया। यह तर्क दिया गया कि निचली अदालत के समक्ष कार्यवाही इस बात पर आदेश के लिए लंबित है कि मुख्यमंत्री पर मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी दी जानी चाहिए या नहीं। मुख्यमंत्री के खिलाफ आगे की कार्रवाई की अनुमति देने वाला कोई भी आदेश इस अदालत के समक्ष कार्यवाही को विफल कर देगा। चूंकि कार्यवाही इस अदालत के समक्ष लंबित है और दलीलें अभी पूरी नहीं हुई हैं। इसलिए मामले की अगली सुनवाई तक संबंधित अदालत अपनी कार्यवाही स्थगित रखेगी। इन शिकायतों के संबंध में कोई प्रारंभिक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और केंद्र के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता राज्यपाल थावरचंद गहलोत की ओर से पेश हुए। सिंघवी ने कहा कि राज्यपाल ऐसे मामलों में कैबिनेट के फैसले से बंधे होते हैं लेकिन इसके बजाय उन्होंने मामले की योग्यता पर विचार किए बिना दो पेज के छोटे आदेश में मंजूरी जारी कर दी। यह तर्क दिया गया कि राज्यपाल ने बिना किसी विशेष कारण के कई लंबित शिकायतों में से वर्तमान शिकायत को चुना। यदि इस तरह की मंजूरी दी जाती है तो आपको सरकार के मालिकों को अस्थिर करने के लिए संविधान के किसी प्रावधान की आवश्यकता नहीं है। साथ ही कहा कि सिद्धारमैया की कथित घोटाले में कोई भूमिका नहीं है क्योंकि यह पिछली सरकार में हुआ था। उन्होंने तर्क दिया कि मंजूरी बिना सोचे समझे दी गई और इसे रद्द किया जाना चाहिए। सिद्धारमैया ने रिट याचिका दायर कर मुडा में अनियमितताओं के संबंध में उनके खिलाफ जांच की मंजूरी देने वाले



राज्यपाल के आदेश को रद्द करने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि मंजूरी आदेश बिना सोचे-समझे जारी किया गया और यह वैधानिक आदेशों का उल्लंघन है। साथ ही कहा कि यह सांविधानिक सिद्धांतों के विपरीत है, जिसमें मंत्रिपरिषद की सलाह भी शामिल है और संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत बाध्यकारी है। उन्होंने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत पूर्व अनुमोदन और मंजूरी देने वाले 16 अगस्त के आदेश को चुनौती दी थी। उन्होंने याचिका में कहा था कि राज्यपाल का आदेश कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है। यह प्रक्रियात्मक रूप से त्रुटिपूर्ण है और बाहरी कारकों से प्रेरित है। गहलोत ने मुडा भूमि आवंटन घोटाले के संबंध में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच करने को मंजूरी दे दी थी। आरोप है कि सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूरू में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किया गया था, जिसका संपत्ति मूल्य उनकी उस भूमि की तुलना में अधिक था, जिसे मुडा ने अधिगृहीत किया था। राज्यपाल ने प्रदीप कुमार एसपी, टीजे अब्राहम और स्नेहमयी कृष्णा के आवेदन पर आदेश दिया था। इसके बाद अब्राहम और कृष्णा ने एमपी/एमएलए कोर्ट का रुख किया और मामले की सुनवाई मंगलवार और बुधवार को होनी है। रिट याचिका दायर करने के कुछ घंटों बाद सिद्धारमैया ने कहा कि मेरी अंतरात्मा साफ है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन पहुंचे इजराइल, गाजा में सीजफायर डील पर होगी बातचीत

एजेंसी

**तेल अवीव।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन रविवार देर रात इजराइल पहुंचे। वे दोपहर 1.30 बजे यरूशलम में पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच इजराइल और हमास के बीच सीजफायर को लेकर अहम चर्चा और बंधकों की रिहाई से जुड़ी डील पर बातचीत होगी। ब्लिंकन, इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट और राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से भी मुलाकात करेंगे। इजराइल-हमास युद्ध समाप्त कराने का मकसद लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन रविवार देर रात तेल अवीव पहुंचे। गाजा में इजराइल और हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ब्लिंकन नौंवी बार मध्य पूर्व में अपने राजनयिक मिशन पर पहुंचे हैं। इससे पहले कतर की राजधानी दोहा में 15 और 16 अगस्त को इजराइल, अमेरिका, कतर और मिस्र के प्रतिनिधियों के बीच सीजफायर को लेकर बातचीत हुई थी। इस बातचीत में हमास ने हिस्सा नहीं लिया था। बातचीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने दावा किया था कि सीजफायर डील काफी करीब है। सीजफायर डील के दूसरे चरण की बातचीत इसी सप्ताह मिस्र में होनी है। इस बातचीत के लिए इजराइली प्रतिनिधिमंडल रविवार शाम मिस्र के लिए रवाना हो गया। ब्लिंकन के तेल अवीव पहुंचने से पहले इजराइली पीएम नेतन्याहू ने कैबिनेट बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर इजराइल लचीला हो सकता है।

## टेक्सास में सड़क हादसे में एक ही परिवार के भारतीय मूल के तीन सदस्यों समेत पांच की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास में कार से हुए सड़क हादसे में भारतीय मूल के दंपति और उनकी बेटी की मौत हो गयी। इस हादसे में दूसरी कार में बैठे दो अन्य लोगों की भी मौत हो गयी। एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गयी है। जानकारी के अनुसार, अरविंद मणि (45), उनकी पत्नी प्रदीपा अरविंद (40) और उनकी 17 वर्षीय बेटी एंड्रिल अरविंद की कार दुर्घटना में मौत हो गयी। इसमें कहा गया है कि ये लोग लिएंडर के रहने वाले थे। रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना टेक्सास के लैम्पासस काउंटी के निकट हुयी। इस परिवार का एकमात्र सदस्य बच गया है, दंपति का 14 साल का बेटा आदिरयान है। वह दुर्घटना के समय उनके साथ वाहन में नहीं था। टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग के अनुसार मणि की कार जिस अन्य वाहन से टकरायी उसे जैसिंटो गुडिनो दुरान (31) चला रहा था और दोनों वाहनों की आमने सामने की टक्कर हो गयी।

## गाजा समझौते में अस्पष्टता के कारण युद्ध विराम को लेकर असमंजस

**गाजा।** गाजा पट्टी में बंधकों की रिहाई पर संभावित समझौते के शब्द अस्पष्ट होने के चलते इस बात में संदेह है कि यह इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच स्थायी युद्धविराम का नेतृत्व करने में सक्षम होगा। 'वाशिंगटन पोस्ट' में जानकार राजनयिकों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। अखबार ने कहा कि अगर कोई समझौता हो भी जाता है, तो इसके शब्दों में अस्पष्टता के कारण व्यापक संदेह है कि इससे गाजा में युद्ध समाप्त हो जाएगा।

प्रकाशन के अनुसार मसौदे में परिकल्पना की गई है कि हमास द्वारा अधिकांश बंधकों को रिहा करने के बाद, इजरायल और हमास युद्धविराम के पहले छह हफ्तों के भीतर स्थायी युद्धविराम पर बातचीत में प्रवेश करेंगे। हालाँकि सूत्रों ने कहा कि अगर इज़राइल निर्धारित करता है कि वार्ता विफल हो गई है तो वह गाजा पट्टी में अपने सैन्य अभियान फिर से शुरू कर सकता है। इससे पहले इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि नेतन्याहू गाजा समझौते को आगे बढ़ाने के लिए काम करना जारी रख रहे है। जिससे बंधकों की रिहाई की संख्या अधिकतम हो जाएगी और वह इस बात पर भी जोर दे रहे थे कि आईडीएफ गाजा पट्टी और मिस्र के बीच सीमा पर गलियारे में रहे।

## बंगलादेश की अंतरिम सरकार सुधारों के तुरंत बाद राष्ट्रीय चुनाव की बना रही है योजना



**ढाका।** बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा है कि देश की प्रणाली में आवश्यक सुधार लाने के बाद जल्द से जल्द स्वतंत्र, निष्पक्ष और भागीदारीपूर्ण चुनाव की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने ढाका में राजनयिकों के साथ एक बैठक में कहा, जैसे ही हम अपने चुनाव आयोग, न्यायपालिका, नागरिक प्रशासन, सुरक्षा बलों और मीडिया में महत्वपूर्ण सुधार करने के अपने जनादेश को पूरा कर लेंगे, हम एक स्वतंत्र, निष्पक्ष भागीदारी वाला चुनाव कराएंगे। श्री यूनुस ने कहा कि अंतरिम सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रण में लाना होगी। उन्होंने कहा, हमारे लोगों और देशभक्त सशस्त्र बलों के अटूट समर्थन से हम थोड़े समय के भीतर सामान्य स्थिति के करीब होंगे। पुलिस बल ने भी अपना अभियान फिर से शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब तक स्थिति उचित होगी, सशस्त्र बल नागरिक शक्ति की सहायता में काम करना जारी रखेंगे।

# यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के दो महत्वपूर्ण पुलों पर हमला किया, जवाबी हमले में रूसी सेना ने कीव पर दागी मिसाइल, बेलारूस हुआ अलर्ट

एजेंसी

**कीव/मास्को।** यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पुल को नष्ट कर दिया है तथा पास में ही स्थित एक और पुल पर हमला किया है। वहीं रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना के लगातार हमला के बाद रूस के भी जवाबी हमले को कमजोर करने के लिए यूक्रेन ने एक अन्य पुल को निशाना बनाया है। इसके कारण रूसी सेनाओं की आपूर्ति पर असर पड़ा है। यह हमला सीमा पार से की गई घुसपैठ के दो सप्ताह से भी कम समय में हुआ है। इस हमले से रूसी आपूर्ति मार्ग बाधित हो गया है। वहीं रूस के रोस्तोव में यूक्रेनी ड्रोन के मलबे की चपेट में आकर एक गोदाम में आग लग गई। वहां डीजल का भंडारण किया गया था। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा कि यूक्रेन ने बेलारूस के साथ अपनी सीमा पर 120,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है और मिन्स्क ने पूरी सीमा पर अपने लगभग एक तिहाई सशस्त्र बलों को तैनात किया है। हालांकि, मास्को यहां तक पहुंचने के लिए पोंटून और अन्य माध्यमों का उपयोग कर सकता है। यूक्रेनी वायु सेना की ओर से शुक्रवार को एक वीडियो साझा किया गया, जिसमें क्षतिग्रस्त पुल नजर आ रहा है। दो दिन पहले ही सियाम नदी पर बने एक अन्य पुल को ध्वस्त कर दिया गया था। आधिकारिक रूप से साफ नहीं हो पाया कि दूसरा पुल कहां है, लेकिन एक रूसी टेलीग्राम चैनल की ओर से कहा गया है कि



यह सियाम पर जवान्नो के पास स्थित है। रूस की मैश समाचार साइट के अनुसार, हमलों के कारण क्षेत्र में अब केवल एक ही पुल बचा है। इसके कारण रूसी सेना तक पहुंचने वाली मदद और क्षेत्र से आम नागरिकों को निकालने के मॉस्को के प्रयासों की चुनौती बढ़ गई है।

इस बीच, रूस ने कीव पर मिसाइलों से हमला बोला है। हमले में क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रयोग किया गया है। इस महीने रूस की ओर से कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल से तीसरा हमला है। रूस हर छह दिनों के बाद यहां मिसाइलें दाग रहा है। हालांकि, यूक्रेनी वायु सुरक्षा प्रणाली की ओर से इन्हें मार गिराया गया। यूक्रेन की वायुसेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट मायकोला ओलेशचुक ने शुक्रवार को यूक्रेनी हवाई हमले का एक वीडियो जारी किया, जिसमें पुल दो हिस्सों में बंट गया। ओलेशचुक और रूस के क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्सई स्मिरनोव के अनुसार, दो दिन से भी कम समय बाद यूक्रेनी सैनिकों ने रूस में एक दूसरे पुल पर हमला किया।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार देर रात कीव के सहयोगियों से रूस के कुर्स्क समेत आंतरिक इलाकों में लक्ष्यों पर हमला करने के लिए पश्चिमी हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंधों को हटाने का आग्रह किया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि हमारे साझेदार उन बाधाओं को दूर करें जो हमें इस युद्ध की मांग के अनुसार रूसी स्थिति को कमजोर करने से रोक रही हैं।ज्हमारे सैनिकों की बहादुरी और हमारी लड़ाकू ब्रिगेड का लचीलापन हमारे साझेदारों की ओर से आवश्यक निर्णय न ले पाने की कमी को पूरा करता है।''

## गाजा पर इजराइली हमलों में 28 की मौत, अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन संघर्षविराम के लिए पश्चिम एशिया रवाना

एजेंसी

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** हमास और इजराइल के बीच जारी युद्ध की ताजा कड़ी में इजराइली हमलों में 28 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल ने यह हमला गाजा में शनिवार रात और किया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन संघर्ष विराम समझौता कराने के लिए पश्चिम एशिया के लिए रवाना हुए।

अमेरिका और उसके सहयोगी मध्यस्थ देश मिस्र और कतर समझौता कराने की दिशा में दोहा में दो दिन की वार्ता के बाद करीब पहुंचते दिख रहे हैं। अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों ने समझौते को लेकर आशा व्यक्त की है लेकिन हमास ने लड़ाई जारी रखने के संकेत दिए हैं।

संघर्षविराम प्रस्ताव में तीन चरण वाली प्रक्रिया की बात कही गई है, जिसके तहत हमास सात अक्टूबर को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करेगा। बदले में, इजराइल गाजा से अपनी सेना वापस बुलाएगा और फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, मध्यस्थों को इस युद्ध के समाप्त होने की उम्मीद है, जिसमें 40,000 से अधिक फलस्तीनियों



की मौत हो चुकी है। गाजा के 23 लाख से अधिक निवासियों में से अधिकतर विस्थापित हो चुके हैं और मानवीय तबाही हुई है। विशेषज्ञों ने अकाल और वैक्सीन की कमी से पोलियो जैसी बीमारियों के फैलने के प्रति आगाह किया है। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के चरमपंथियों के हमलों में लगभग 1,200 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें अधिकतर आम नागरिक थे जबकि लगभग 250 लोगों को अगवा कर लिया गया था। माना जाता है कि उनमें से लगभग 110 लोग अब भी गाजा में हैं, जबकि इजराइली अधिकारियों का कहना है कि उनमें से लगभग एक तिहाई की मौत हो चुकी है। नवंबर में एक हफ्ते के संघर्षविराम के दौरान 100 से ज्यादा बंधकों को रिहा किया गया था। अल अक्सा अस्पताल के अनुसार, इजराइल ने नए सिरे से बमबारी करते हुए रविवार तड़के दीर अल-बलाह में एक मकान पर हमला किया जिसमें एक महिला और उसके छह बच्चों की मौत हो गई।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ओली की भारत यात्रा की तैयारी, विदेश मंत्री भारत दौरे पर

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सितम्बर के पहले हफ्ते में भारत यात्रा की तैयारी की जा रही है। चौथी बार प्रधानमंत्री बनने पर अपने पहले विदेश भ्रमण के लिए उन्होंने भारत जाने की इच्छा जताई है। हाल ही में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपने नेपाल दौरे के क्रम में प्रधानमंत्री ओली से मुलाकात कर उन्हें भारतीय प्रधानमंत्री की तरफ से भ्रमण का औपचारिक पत्र दिया था। इसके बाद से ही ओली के दिल्ली दौरे को लेकर तैयारियां शुरू की गई हैं। हालांकि पहले उनका भ्रमण थाइलैंड के बैंकक में 4-6 सितम्बर तक तय था जहां उन्हें बिमस्टेक देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने जाना था।

प्रधानमंत्री ओली की यहीं बैंकॉक में ही भारत के प्रधानमंत्री के साथ साइडलाइन मुलाकात तय थी। लेकिन थाईलैंड में हाल ही में हुए सत्ता परिवर्तन और बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद बैंकॉक में होने वाले बिमस्टेक सम्मेलन के स्थगित होने की पूरी संभावना है। नेपाल की तरफ से इसी तारीख में ओली के भारत भ्रमण का आग्रह किया गया है। जिसे भारत के तरफ से भी सकारात्मक जवाब मिलने की जानकारी दी गई है। इसलिए सितम्बर



के पहले हफ्ते में ही ओली का भारत दौरा करने की पूरी संभावना है। नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा रविवार से पांच दिनों के भारत दौरे पर दिल्ली के लिए रवाना हो रही हैं। सोमवार को हैदराबाद हाउस में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ उनकी मुलाकात तय है। डॉ. राणा ने बताया कि भारतीय विदेश मंत्री से मुलाकात के दौरान आपसी द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होने के साथ प्रधानमंत्री ओली के संभावित भारत भ्रमण को लेकर भी चर्चा की जाएगी। अपने भारत दौरे के क्रम में डॉ. आरजू राणा के भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की पूरी संभावना है। हालांकि अब तक समय निश्चित नहीं हुआ है लेकिन दिल्ली पहुंचने के बाद समय मिलने की आशा है। विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा ने बताया कि सोमवार को ही वो भाजपा के विदेश विभाग के इंचार्ज डॉ. विजय चौथाईवाले से भी मिलने उनके घर जाने वाली हैं।

## नेपाल के हाई-प्रोफाइल भूटानी शरणार्थी मामले में बेचन झा की जमानत याचिका खारिज

**काठमांडू।** नेपाल में काठमांडू की जिला अदालत ने फर्जी भूटानी शरणार्थियों से जुड़े संगठित अपराध मामले में बिचौलिए बेचन झा की जमानत याचिका खारिज कर दी। झा को पिछले महीने भारत से गिरफ्तार कर नेपाल पुलिस को सौंपा गया था। झा काठमांडू की जेल में बंद हैं। आरोपित बेचन झा के खिलाफ संगठित अपराध, राज्य के खिलाफ अपराध, धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया गया था। झा की जमानत याचिका पर चार दिन तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया। पुलिस ने अदालत में झा के खिलाफ कई पुख्ता सबूत पेश किए लेकिन झा ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया। पुलिस की ओर से पहले दायर की गई चार्जशीट के मुताबिक तत्कालीन गृहमंत्री बालकृष्ण खांड



और गृह सचिव टेकनारायण पांडे धोखाधड़ी गिरोह से मिले हुए थे। तत्कालीन गृह सचिव पांडे ने अदालत के समक्ष अपने लिखित बयान में कहा था कि राजनीतिक रूप से मंत्रालय के संपर्क में रहने वाले बेचन झा ही थे जो बाहर नकली भूटानी शरणार्थी बनाए गए लोगों से पैसे वसूलते थे। पुलिस की चार्जशीट में यह भी जानकारी दी गई है कि झा के कांग्रेस के बड़े नेताओं से करीबी रिश्ते हैं।

पुलिस के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े हाई-प्रोफाइल केस माने जाने वाले भूटानी शरणार्थी कांड में अब तक दो पूर्व उपप्रधानमंत्री टोप बहादुर रायमाझी और बालकृष्ण खांड, पूर्व गृहमंत्री रामबहादुर थापा के बेटे प्रतीक थापा, पूर्व उपप्रधानमंत्री कृष्ण बहादुर महरा के बेटे राहुल महरा, पूर्व सांसद आंगटावा शेर्पा, तत्कालीन गृह सचिव टेक नारायण पांडे, पूर्व गृहमंत्री राम बहादुर थापा के सुरक्षा सलाहकार इंद्रजीत राय, नेपाल हज कमिटी के अध्यक्ष शमशेर मियां, भूटानी शरणार्थी नेता टेकनाथ रिजाल को गिरफ्तार किया गया था। इसी तरह रायमाझी के बेटे संदीप रायमाझी, खांड के पीए नरेन्द्र केसी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें बालकृष्ण इस समय जमानत पर बाहर हैं, बाकी सभी न्यायिक हिरासत में हैं।

## गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 40 हजार के पार पहुंचा



एजेंसी

**गाजा।** गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या 40,099 हो गई है। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक प्रेस बयान में कहा कि अक्टूबर 2023 में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के फैलने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 40,099 और घायलों की संख्या 92,609 हो गई है। इसमें कहा गया है कि कई पीड़ित चिकित्सा कर्मचारियों और नागरिक सुरक्षा दल की पहुंच से दूर है तथा मलबे के नीचे और सड़कों पर दबे हुए हैं।

सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के उत्पात के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसके दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 को बंधक बना लिया गया।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस लगातार आगे बढ़ रही है

एजेंसी

**ढाका।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस लगातार आगे बढ़ रही हैं। वे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लगातार चुनौती दे रही हैं। एक ताजा सर्वेक्षण में उनको ट्रंप से चार फीसदी ज्यादा वोट मिले हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन से पहले मिली यह मामूली बढ़त हैरिस के लिए काफी अहम मानी जा रही है।

वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक ताजा सर्वेक्षण में हैरिस को 49 फीसदी वोट मिले, जबकि डोनाल्ड ट्रंप को 45 फीसदी वोट मिले। अगर अलग-अलग उम्मीदवारों की बात करें तो हैरिस को 47 फीसदी, डोनाल्ड ट्रंप को 44 फीसदी और रॉबर्ट एफ कैनेडी को पांच फीसदी वोट मिले।

जबकि जुलाई में हुए सर्वेक्षण में ट्रंप 43 फीसदी वोटों के साथ आगे थे। बिडेन को 42 फीसदी और



कैनेडी को नौ फीसदी वोट मिले थे। पोल में हैरिस को मिलती बढ़त ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। जबकि पोल से संकेत मिलता है कि नवंबर में होने वाले चुनाव में दोनों उम्मीदवारों में कड़ी टक्कर होगी। बताया जाता है कि मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, विस्कॉन्सिन, नॉर्थ कैरोलिना, जॉर्जिया, एरिजोना और नेवादा दोनों ऐसे राज्य हैं जो दोनों उम्मीदवारों के लिए कड़ी चुनौती पेश करेंगे।

**डोनाल्ड ट्रंप की बढ़ रही चिंता**

कमला हैरिस की बढ़ती लोकप्रियता से कहीं न कहीं डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम भी चिंतित है। यही वजह है कि ट्रंप लगातार कमला हैरिस और उनकी योग्यता पर सवाल उठा रहे हैं। बीते दिनों ट्रंप ने कमला हैरिस पर नस्लभेदी टिप्पणी की थी और उनके अश्वेत मूल का होने पर सवाल उठाए थे। पेंसिलवेनिया में रैली में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि उनकी (बाइडन) तुलना में उन्हें (हैरिस) हराना ज्यादा आसान है। इस दौरान ट्रंप ने कई नीतियों पर कमला हैरिस को वामपंथी के रूप में दिखाने की कोशिश की। इसके अलावा उन्होंने हैरिस पर निजी तौर पर भी हमला किया।

# इमरान की पार्टी का चुनाव आयोग पर आरोप, कहा- हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त न्यायाधिकरणों में बदलाव गलत

एजेंसी

**ढाका।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पंजाब प्रांत में चुनावी विवादों को निपटाने के लिए लाहौर हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त चुनाव न्यायाधिकरणों को बदलने का प्रयास किया। यह सरासर गलत है। पार्टी के नेता सलमान अकरम राजा ने कहा कि पंजाब में नियुक्त चुनाव न्यायाधिकरणों को काम करने की अनुमति नहीं दी गई। जबकि अन्य प्रांतों में चुनाव न्यायाधिकरण मुख्य न्यायाधीशों द्वारा दी गई सूची के अनुसार काम करते हैं। चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए राजा ने कहा कि पाकिस्तान के लोग आठ फरवरी को हुए आम चुनावों को भूल नहीं सकते हैं। इसमें सबसे ज्यादा धांधली की गई। उन्होंने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को जनादेश



चोर कहा। राजा ने कहा कि सरकार को पंजाब में सबसे ज्यादा डर लगता है। अगर एलएचसी के मुख्य न्यायाधीश द्वारा नियुक्त न्यायाधिकरण विवादों की सुनवाई करेंगे तो कई खुलासे होंगे। उन्होंने कहा कि जो संस्थाओं और लोगों के बीच मतभेद पैदा करता है, वह पाकिस्तान का दुश्मन है। पीटीआई नेता मेहर बानो क़ुरैशी ने कहा कि लोकतंत्र की ताकत महिलाओं के प्रतिनिधित्व में निहित है। अफसोस है कि केवल तीन महिला नेता संसद में पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रही थीं।

दरअसल राजा ने पंजाब में चुनाव न्यायाधिकरणों को कार्यात्मक बनाने की मांग करते हुए पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय में एक समीक्षा याचिका दायर की थी।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# 'कमला हैरिस की उम्मीदवारी से राष्ट्रपति चुनाव में आया नया उत्साह', डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी प्रमुख बोले

एजेंसी

**वाशिंगटन।** डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के अध्यक्ष जैमी हैरिसन ने रविवार को कहा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने से चुनाव में नई उर्जा और उत्साह आया है। उन्होंने कहा कि हैरिस ने बहुत सारी खुशी और उम्मीद दी है।

**डर फैलाने और देश को बांटने की कोशिश कर रहे ट्रंपः हैरिसन**

हैरिसन ने पीटीआई के साथ एक इंटरव्यू में कहा, ÷डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नामांकन ने राष्ट्रपति चुनाव को अत्यधिक उर्जा और उत्साह से भर दिया है। वह इस अभियान में बहुत सारे युवाओं और विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को शामिल कर रही हैं। लोग उनके प्रति बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा, हैरिस इस चुनाव में बहुत सारी उम्मीद और खुशी लेकर आई हैं, जो (पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार) डोनाल्ड ट्रंप जैसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जरूरी है। ट्रंप डर फैलाने और देश को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। कमला हैरिस एक महान नेता हैं और उनका अभियान शानदार है।

**डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन आज से शुरू**

चार साल में एक बार होने वाला डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन सोमवार से शिकागो में शुरू हो रहा है। उपराष्ट्रपति हैरिस गुरुवार को अपने नामांकन को स्वीकार करने का औपचारिक भाषण देंगी। हैरिसन ने कहा, मुझे लगता है कि इस मंच से आपको बहुत सारी उम्मीद और खुशी मिलेगी। डेमोक्रेटिक पार्टी के पुराने और नए सभी नेता मंच पर होंगे।

**कन्वेंशन में 30000 से ज्यादा डेमोक्रेट्स जुटेंगे**

हैरिसन ने कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन भी इस कन्वेंशन को संबोधित कर सकते हैं। कन्वेंशन में डेमोक्रेटिक पार्टी के 30 हजार से ज्यादा नेता और सदस्य शामिल होंगे। हर कोई मंच पर अपनी छवि देखेगा, जो एक बड़ी बात है। आप यह रिपब्लिकन पार्टी के बारे में नहीं कह सकते। हमारी पार्टी अमेरिका की विविधता दर्शाती है, जो पूरी दुनिया में देखी जाती है। यही बात हमें गौरवान्वित करती है। उन्होंने सभी अमेरिकियों से अपील की कि वे कमला हैरिस और टिम वाल्ट्ज का समर्थन करें क्योंकि वे अमेरिका के भविष्य के लिए काम कर रहे हैं और सिर्फ अतीत में नहीं फंसे हुए हैं। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में सभी 50 राज्यों से डेमोक्रेट्स शिकागो में एकत्र होंगे, ताकि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और गवर्नर टिम वाल्ट्ज का डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी का समर्थन कर सकें। 20 अगस्त को उपराष्ट्रपति हैरिस और गवर्नर वाल्ट्ज का रोल कॉल उत्सव होगा। रोल कॉल के दौरान सभी 57 प्रतिनिधिमंडल टिप्पणियां देंगे और राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों के रूप में हैरिस और वाल्ट्ज के लिए औपचारिक मतदान करेंगे। हैरिसन ने कहा, रोल कॉल एक लोकप्रिय और पारंपरिक परंपरा है। हमें इसे एक नए और मजेदार स्वरूप में लाने पर गर्व है।

## बृजमोहन अग्रवाल संसद की प्राक्कलन समिति के सदस्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ भाजपा के दिग्गज नेता और रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल को लोकसभा की प्राक्कलन समिति का सदस्य बनाया गया है। ज्ञात हो कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वर्ष 2024-25 के लिए समिति के सदस्यों की घोषणा की।बृजमोहन को उनके बड़े सियासी कद और अनुभव का लाभ मिला है। प्राक्कलन समिति में चुने हुए संसद सदस्य शामिल होते हैं। इसकी मुख्य भूमिका सरकारी मंत्रालयों और विभागों के व्यय और वित्तीय प्रबंधन की जांच करना है। समिति प्रशासन में दक्षता और मितव्ययिता बढ़ाने के लिए वैकल्पिक नीतियों का भी प्रस्ताव करती है।इस महत्वपूर्ण समिति में बृजमोहन अग्रवाल की नियुक्ति सरकारी खर्च की निगरानी में उनकी जिम्मेदारियों से जुडी है। इस समिति सार्वजनिक धन का प्रभावी और पारदर्शी तरीके से उपयोग सुनिश्चित करने के लिए समिति का काम महत्वपूर्ण है। यह जांच करके कि पैसा कैसे खर्च किया जाता है, अनुमान समिति विभिन्न सरकारी क्षेत्रों में जवाबदेही बनाए रखने में मदद करती है। सुशासन और राजकोषीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए यह निगरानी आवश्यक है। इस समिति में बृजमोहन अग्रवाल को शामिल करने से सार्वजनिक व्यय से संबंधित मामलों को संभालने में उनकी विशेषज्ञता और विश्वसनीयता मानी जाती है। लिहाजा उनकी भूमिका में प्रशासनिक कार्यप्रणाली में सुधार के उद्देश्य से विस्तृत विश्लेषण और सिफारिशें शामिल होंगी।

## मोदी ने पैतोंगतार्न शिनावात्रा को थाईलैंड की प्रधानमंत्री निर्वाचित होने पर बधाई दी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुश्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को थाईलैंड की प्रधानमंत्री निर्वाचित होने पर बधाई दी। श्री मोदी ने बधाई संदेश में सुश्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के नेतृत्व में थाईलैंड के साथ भारत के संबंधों के और सुदृढ़ बनने की आशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि दोनों देशों के संबंध सभ्यतागत, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच परस्पर जुड़ाव की मजबूत नींव पर आधारित है। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'थाईलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में आपके चुने जाने पर बधाई ।एक अत्यन्त सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ। भारत और थाईलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ बनाने के लिए आपके साथ काम करने के लिए तत्पर हूँ, जो सभ्यतागत, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच परस्पर जुड़ाव की मजबूत नींव पर आधारित है।

## श्रीराम आईएएस कोचिंग पर लगा तीन लाख का जुर्माना

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने श्रीराम आईएएस कोचिंग संस्थान पर भ्रामक विज्ञापन के लिए तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह निर्णय एक वर्ग के रूप में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और प्रचार करने और यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया था कि किसी भी सामान या सेवाओं का कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन न किया जाए जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करता हो। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के नियंत्रण में सीसीपीए, उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन, भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार व्यवहार से संबंधित मामलों को विनियमित करने के लिए एक निकाय है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, श्रीराम आईएएस ने अपने विज्ञापन में दावा करते हुए कहा, (i) यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में 200 से अधिक चयन और (ii) हम भारत के नंबर एक प्रतिष्ठित यूपीएससी/आईएएस कोचिंग संस्थान हैं। सीसीपीए ने पाया कि श्रीराम आईएएस ने विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों का विज्ञापन किया था, लेकिन उपर्युक्त यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा परिणामों में विज्ञापित सफल उम्मीदवारों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी जानबूझकर विज्ञापन में छिपाई गई थी।

## 2022 से लंबित हैं कई सीएजी रिपोर्ट, भ्रष्टाचार को दबाने का प्रयास - कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बीते दिनों विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र लिखा है। अपने इस पत्र में उन्होंने सीएजी की 11 रिपोर्ट विधानसभा पटल पर रखने को कहा है। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया जाहिर की। कांग्रेस ने कहा कि दिल्ली सरकार की तरफ से इस पत्र का कोई जवाब नहीं आया। यह सरकार द्वारा दिल्ली की जनता के प्रति बेरुखी को दिखाता है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इस संबंध में दिल्ली सरकार से जल्द विधानसभा सत्र बुलाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र बुलाकर सीएजी रिपोर्ट तुरंत पेश की जाए। आम आदमी पार्टी अपनी जरुरत के अनुसार अल्पकालीन सत्र बुलाती रही है। सीएजी रिपोर्ट जारी करने के लिए सत्र बुलाने में देरी क्यों की जा रही है। वित्त मंत्री आतिशी के पास जो रिपोर्ट लंबित हैं, वह प्रदूषण निवारण, शराब का विनियमन और आपूर्ति, विनियोग खाते, देखभाल व संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों पर निष्पादन लेखा से संबंधित हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, मैं बताना चाहता हूं कि इनमें से कुछ रिपोर्ट 2022 से लंबित है। रिपोर्ट को उजागर नहीं करने का मकसद केजरीवाल सरकार की विवादास्पद, विफल शराब नीति में हुए भ्रष्टाचार को दबाना है।

# माझी ने चंपाई का एनडीए परिवार में स्वागत किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम माझी ने 'केंद्र में सत्तारुढ एनडीए परिवार में चंपाई सोरेन का स्वागत किया। उनके पोस्ट के बाद केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्यम विभाग के मंत्री माझी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा 'चंपाई दा आप टाइगर थे, टाइगर है और टाइगर ही रहेंगे, एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) परिवार में आपका स्वागत है, जोहार टाइगर चंपाई सोरेन। सोरेन ने अपने लंबे पोस्ट के आखिर में लिखा है एक बात और, यह मेरा निजी संघर्ष है इसलिए इसमें पार्टी के किसी सदस्य को शामिल करने अथवा संगठन को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने का मेरा कोई इरादा नहीं है। जिस पार्टी को हमने अपने खून-पसीने से सींचा है उसका नुकसान करने के बारे में तो कभी सोच भी नहीं सकते। उन्होंने लिखा जोहार साथियों, आज समाचार देखने के बाद, आप सभी के मन में कई सवाल उमड़ रहे होंगे। आखिर ऐसा



क्या हुआ, जिसने कोल्हान के एक छोटे से गांव में रहने वाले एक गरीब किसान के बेटे को इस मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत में औद्योगिक घरानों के खिलाफ मजदूरों की आवाज उठाने से लेकर झारखंड आंदोलन तक, मैंने हमेशा जन-सरोकार की राजनीति की है। राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, गरीबों, मजदूरों, छात्रों एवं पिछड़े तबके के लोगों को उनका अधिकार दिलवाने का प्रयास करता रहा हूं। किसी भी पद पर रहा अथवा नहीं, लेकिन हर पल जनता के लिए उपलब्ध रहा, उन लोगों के मुद्दे उठाता रहा जिन्होंने झारखंड राज्य के साथ अपने बेहतर भविष्य के सपने देखे थे।

## भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल का निधन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनको गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

रक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि महानिदेशक राकेश पाल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ तटरक्षक बल के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। सीने में बेचैनी की शिकायत पर उन्हें रविवार दोपहर 2.30 बजे राजीव गांधी सामान्य अस्पताल (आरजीजीएच) में भर्ती कराया गया था। पाल के निधन की जानकारी मिलते ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उन्हें श्रद्धांजलि देने अस्पताल पहुंचे। राकेश पाल को जुलाई 2023 में भारतीय तटरक्षक बल का 25वां महानिदेशक नियुक्त किया गया था।

राकेश पाल मूलतःउत्तर प्रदेश के निवासी थे। साथ ही भारतीय नौसेना अकादमी के छात्र रहे और जनवरी 1989 में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हुए थे। उन्होंने भारतीय नौसेना स्कूल द्रोणाचार्य, कोच्चि में गनरी और हथियार प्रणाली में पेशेवर विशेषज्ञता हासिल की। इसके अलावा पाल ने ब्रिटेन से इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स फायर कंट्रोल सॉल्यूशन कोर्स भी किया। महानिदेशक राकेश पाल ने आईसीजी के पहले गनर होने की भी उपलब्धि हासिल की।

उन्होंने अपने 34 वर्षों से अधिक के शानदार कॅरिअर में फ्लैग ऑफिसर समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह कमांडर कोस्ट गार्ड क्षेत्र (उत्तर पश्चिम), गांधीनगर, उप महानिदेशक (नीति और योजना), और तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली में अतिरिक्त महानिदेशक तटरक्षक भी रहे। इसके अलावा उन्होंने निदेशक (इन्फ्रा और वर्क्स) और तटरक्षक मुख्यालय नई दिल्ली में प्रधान निदेशक (प्रशासन) का कार्यभार भी संभाला। उन्होंने समुद्र में कई जहाजों की कमान संभाली है। राकेश पाल को ICGS समर्थ, ICGS विजित, ICGS सुचेता कृपलानी, ICGS अहिल्याबाई और ढ्ढष्टत्रस् ष्ट-03 में काम करने का अनुभव था। उन्होंने गुजरात में दो तटरक्षक ठिकाने ओखा और वडिनार की भी कमान संभाली।

डीजी राकेश पाल को फरवरी 2022 में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर पदोन्नत करके तटरक्षक मुख्यालय नई दिल्ली में तैनात किया गया था। उन्होंने कई महत्वपूर्ण ऑपरेशन और अभ्यास पूरे किए। इनमें करोड़ों रुपये की नशीली दवाओं/मादक पदार्थों और सोने की जब्ती, भयंकर चक्रवाती तूफानों के दौरान नाविकों का बचाव, विदेशी तटरक्षकों के साथ संयुक्त अभ्यास, अवैध शिकार विरोधी अभियान, चक्रवातों/प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मानवीय सहायता और तटीय सुरक्षा अभ्यास शामिल हैं। महानिदेशक राकेश पाल को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए 2013 में तटरक्षक पदक और 2018 में राष्ट्रपति तटरक्षक पदक से सम्मानित किया गया था।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं और भारत समर्थकों का नरसंहार और भारत सरकार

दीपक कुमार

नई दिल्लीए 19 अगस्त। 5 अगस्त, 2024 को जब टेलीविजन पर यह सुनने को मिला कि शेख हसीना अपना इस्तीफा देकर भारत आ गई है जब एक आम नागरिक को बांग्लादेश की वास्तविक स्थिति का ज्ञान हुआ और हर बुद्धिजीवी चिन्ता में पड़ गया। परन्तु अगले ही दिन से समाचार आने लगे कि सनातनी हिन्दुओं को मारा जा रहा है, सम्पत्ति लूटी जा रही है बलात्कार हो रहे हैं। तथा हिन्दू अपनी जान बचाने के लिये सीमा पर इकटते हो रहे हैं। भारत सरकार की सुरक्षा कमेटी ने आपातकाल मीटिंग करी उसका जो ब्यौरा दिया गया उसमें इन विषयों पर चुप्पी थी सिर्फ चिंता बताई गई वही डिप्लोमेटिक भाषा कि स्थिति पर नजर है। और फिर शुरू हुआ सोशल मीडिया और वक्तव्यों का प्रचार कि विरोधी दल चुप है। कुछ बोलते नहीं। जो यह अभियान चला रहे हैं उन्हें पता ही नहीं कि शासन कौन कर रहा है वह या विरोधी पार्टिया। जो संगठन अपने को हिन्दूवादी कहते हैं यह भी चुप थे सबसे पहले उनके भूतपूर्व अखिल भारतीय अधिकारी का बयान आया। अब वह भी बोल रहे हैं शायद 4-5 दिन के बाद चिन्तन पूरा हुआ होगा। मेरे एक मित्र ने भाजपा का नेता है मुझसे पूछा सरकार क्या कर सकती है? मैंने कहा बहुत कुछ। उसने कहा



बताओं सबसे पहले हमें यह वातावरण बनाना चाहिये था कि यदि यह नरसंहार नहीं रूका तो हम सैनिक कार्रवाई के बारे में सोच सकते हैं दूसरी और शेख हसीना को राजनैतिक शरण देने के लिये तैयार हैं इसकी सार्वजनिक घोषणा करनी चाहिये थी। इसका प्रभाव होता कि बंगलादेश की सेना और राष्ट्रपति हजारों बार सोचते साथ में हिन्दू व भारत की लाबी का मनोबल बढ़ता। मैंने उन्हें बताया हम किसी भी कीमत पर लडना नहीं चाहते। दूसरा हिन्दू शरणार्थीयों को सीमा पार करने देते उन्हें शरणार्थी कैम्पों में रखते और जब वह वापस जाते तो बंगलादेश सरकार हमारा और उनका जो नुकसान हुआ उसका हर्जाना देती। हमे तुरन्त संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलानी चाहिये थी। मानवाधिकार आयोग में जाना चाहिये था। भारतीय जल सेना को आवश्यकता पड़ने पर नेवल ब्लोकेड% के लिये तैयार होना चाहिये। सेना की कुछ कुमक सीमा पर भेजनी चाहिये थी। भारत के मुल्ला मौलवियों की फौज से बयान जारी करवाने थे। बंगलादेश दूतावास के आगे एक प्रदर्शन करना चाहिये था। मैंने बोला याद है. 1971 में जब बंगलादेश में हिन्दूओं पर अत्याचार हुआ था तो जनसंघ ने 10 लाख लोगों का प्रदर्शन वोट क्लब, दिल्ली पर किया था। मैंने बोला कि सर गैर भाजपा सरकार होती तो देश में आप लोग आग लगा देते। बंगलादेश सरकार को सुझाव देते हिन्दूओं को एक जगह इक ?ट्ठा करो फिर उन्हें सेना सुरक्षा दे। जगमोहन ने गर्वनर रहते हुए कश्मीर में यही किया था। मैं अपने दोस्तों को कहना चाहता हूँ कि जब उनके विरोधी सरकार में थे तो उन्होंने अपना धर्म निभाया था। दलाईलाम को 6597 किलोमीटर की दूरी पर, ल्हासा से उसके दल सहित भारत में 31 मार्च, 1959 को लेकर तवांग आये थे। यही नहीं उनकी 29 अप्रैल, 1959 को मसूरी में निर्वासित सरकार बनवाई थी। मात्र भारत आगमन के चार दिन बाद। और 14 नवम्बर, 1962 को स्पेशल फन्टियर फोर्स का गठन किया था। जिसमें तिब्बतियों की भर्ती करी थी और उन्हें सैन्य ट्रेनिग दी गई थी यह फोर्स आज भी है। इसी प्रकार 1971 में जहां करोड हिन्दू शरणार्थियों को भारत में रखा ब्लकि शेख मुजीब रहमान की निर्वासित सरकार बनायी थी जिसका मुख्यालय भारत में था। और दुनिया में एक नये देश का उदय कर भारतीय उपमहाद्वीप का भूगोल बदला। हमें 56 इंच का सीना नहीं बेजामिन नेतन्याहू जैसा नेतृत्व चाहिये।

## लोक सेवक भर्ती में फर्जीवाड़ा संविधान पर हमलाः राहुल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार लोक सेवकों की भर्ती लोक सेवा आयोग की बजाय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जरिए कर रही है और यह फर्जीवाड़ा होने के साथ ही संविधान पर हमला भी है।

श्री गांधी ने कहा, श्री नरेंद्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग की जगह 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' के ज़रिए लोक सेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला कर रहे हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के ज़रिए भर्ती कर खुलेआम एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि टॉप ब्यूरोक्रेसी समेत देश के सभी शीर्ष पदों पर वंचितों का



प्रतिनिधित्व नहीं है, उसे सुधारने के बजाय लेटरल एंट्री द्वारा उन्हें शीर्ष पदों से और दूर किया जा रहा है। यह यूपीएससी की तैयारी कर रहे प्रतिभाशाली युवाओं के हक़ पर डाका और वंचितों के आरक्षण समेत सामाजिक न्याय की परिकल्पना पर चोट है।

कांग्रेस नेता ने कहा, चंद कॉरपोरेट्स' के प्रतिनिधि निर्णायक सरकारी पदों पर बैठ कर क्या कारनामे करेंगे, इसका ज्वलंत उदाहरण सेबी है, जहां निजी क्षेत्र से आने वाले को पहली बार चेयरपर्सन बनाया गया। प्रशासनिक ढांचे और सामाजिक न्याय दोनों को चोट पहुंचाने वाले इस देश विरोधी कदम का इण्डिया गठबंधन मजबूती से विरोध करेगा। आईएएस का निजीकरण' आरक्षण खत्म करने की 'मोदी की गारंटी' है।

## शाह ने 188 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत 188 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किये। एक अन्य कार्यक्रम में श्री शाह ने अहमदाबाद नगर निगम की लगभग 1003 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन मौकों पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि सीएए देश में बसे लाखों लोगों को सिर्फ नागरिकता देने का नहीं, बल्कि न्याय और अधिकार देने का कानून है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की तुष्टिकरण की नीति के कारण 1947 से 2014 तक देश में शरण लेने वाले लोगों को अधिकार और न्याय नहीं मिला। इन लोगों को न सिर्फ पड़ोसी देशों में बल्कि यहां भी प्रताड़ना सहनी पड़ी। ये लाखों-करोड़ों लोग तीन-तीन पीढ़ियों तक न्याय के लिए तरसते रहे लेकिन विपक्ष की तुष्टिकरण की नीति के कारण इन्हें न्याय नहीं मिला।


केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज़ादी के समय भारत का विभाजन धर्म के आधार पर किया गया और उस समय भीषण दंगे हुए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान और बंगलादेश में रहने वाले करोड़ों हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन और ईसाई समुदाय के लोग अपनी वेदना नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि उस वक्त विभाजन का फैसला करते हुए तत्कालीन सरकार ने वादा किया था कि पड़ोसी देशों से आने वाले हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन और ईसाई संप्रदायों के लोगों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। श्री शाह ने कहा कि चुनाव आते-आते तत्कालीन सरकार के नेता इन वादों से मुकरते गए और 1947, 1948 और 1950 में किए गए इन वादों को भुला दिया गया। उन्होंने कहा कि उस समय की सरकार ने इन लोगों को इसी लिए नागरिकता नहीं दी कि इससे उनका वोट बैंक नाराज़ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की नीति के कारण इन लाखों-करोड़ों लोगों को नागरिकता से वंचित रखा गया और इससे बड़ा पाप कोई नहीं हो सकता।

# इस विश्वविद्यालय में झलकती है मोदी की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति की सफलता

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** नरेन्द्र मोदी सरकार की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति की सफलता दिल्ली की अरावली पहाड़ियों के बीच 'साउथ एशियन यूनिवर्सिटी' यानी 'दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय' के 100 एकड़ में फैले परिसर में साफ तौर पर झलकती है।आठ सदस्यीय सार्क देशों की सरकारों के आपसी सहयोग से स्थापित और संचालित इस अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के अध्यक्ष का पद संभालने से पहले भारत में कई विश्वविद्यालयों के करीब डेढ़ दशक तक संस्थापक कुलपति रहे 76 वर्षीय जाने-माने शिक्षाविद् प्रोफेसर के. के. अग्रवाल ने इसकी खासियत समेत विभिन्न मुद्दों पर 'यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया' (यूएनआई) की हिंदी सेवा 'यूनीवार्ता' से बातचीत की। उन्होंने बताया, 'यह दुनिया का इकलौता अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय है, जिसे दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के सदस्य देशों ने मिलजुलकर बनाया और चला रहे हैं।भारत 50 फीसदी के साथ इसका सबसे बड़ा सहयोगी और हिस्सेदार देश है, जो माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अहम भूमिका निभा रहा है।





प्रो. अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार के 100 एकड़ जमीन के अलावा 1200 करोड़ रुपए की लागत से इस विश्वविद्यालय का आधुनिक सुविधाओं वाला नया परिसर पिछले साल तैयार हुआ और इसका लाभ अब विद्यार्थियों को मिलने लगा है। इससे पहले यह विश्वविद्यालय नयी दिल्ली के चाणक्यपुरी के अकबर भवन में चलाया जा रहा था। इसकी शुरुआत वर्ष 2010 में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पुराने परिसर से हुई। दिल्ली के गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति (1998 से 2008 तक) के अलावा देश-विदेश के अनेक प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थानों में उल्लेखनीय सेवा देने वाले प्रो. अग्रवाल ने बताया कि महज कुछ विद्यार्थियों के साथ 2010 में शुरू किये साउथ एशियन यूनिवर्सिटी में वर्तमान में विभिन्न देशों से आए करीब 625 छात्र-छात्राएं हैं। ये सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अलावा विभिन्न विषयों पर शोध कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस शैक्षणिक सत्र से इंजीनियरिंग में स्नातक और स्नातक सह स्नाकोत्तर की पढ़ाई शुरू की जा रही है। इसके अलावा आने वाले समय में पैरामेडिकल के क्षेत्र में कुछ पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है। इस तरह से अगले शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की संख्या बढ़कर करीब 1000 से अधिक हो सकती है। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. अग्रवाल ने बताया कि यहां पाठ्यक्रमों को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि विद्यार्थियों को सार्क के सदस्य देशों- भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, पाकिस्तान, मालदीव और अफगानिस्तान के अलावा अन्य मुल्कों की सामाजिक, सांस्कृतिक विविधता, कानून, तकनीकी आदि खासियतों से रूबरू होने के साथ ही उन देशों के समक्ष भविष्य में आने वाली चुनौतियों का समाधान ढूंढने का अवसर मिल रहा है। प्रो. अग्रवाल ने बताया कि सार्क देशों के समक्ष आने वाले वर्षों की चुनौतियों से निपटने वाले पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना को मूर्त रूप देने के लिए काम चल रहा है। जलवायु परिवर्तन, कृषि और अन्य क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि पर केंद्रित उच्च स्तरीय पाठ्यक्रमों को शुरू करना, उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।


**Name Change**
I, RAMBHOOL S/o Godhu Ram R/o Flat No.204, GH 33 ASK Greens Sector-1,IMT Manesar, Gurgaon, Haryana-122052, Have Changed My Name To Ram Bhool Bukkal

**Name Change**
I, TAEYAN ALI S/O SK GIYASUDDIN Residing at C-418, BLOCK-C, JAHANGIR PURI, N S MANDI, DELHI-110033 have changed my name to TAIYAB ALI for all future purpose.

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given that Tek Bahadur Thapa S/O Dhan Bahadur Thapa is applying to the Secretary to the Government of India in the Ministry of Home Affairs for naturalization and that any person who knows any reason why naturalization should not be granted should send a written signed statement of the facts to the said Secretary

**Name Change**
I HITHERTO KNOWN AS GUJINDER SINGH ALIAS GAJINDER SINGH SON OF SH SURINDER SINGH RESIDING AT 553, GALI NO 20 WZ BLOCK SHIV NAGAR, DELHI - 110058, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HEREAFTER BE KNOWN AS GUJINDER SINGH BHASIN. IT IS CERTIFIED THAT I HAVE COMPLIED WITH OTHER LEGAL REQUIREMENTS IN THIS CONNECTION

**Name Change**
I Vibhuti Patthak patel D/o Manish Mukundbhai Sapariya R/o Tower-1516 B, The Magnolias, DLF City Phase-5 DLF Golf Links, Sector-42, Gurgaon Haryana-122009, have changed my Name Vibhuti Patel for all purposes.

**DATE OF BIRTH CHANGE**
I, MOUSUMI GHOSH, Wife of No-15779149Y HAV BROJO GOPAL GHOSH, residing at VILL-MONAI KANDRA, PO-KULI KANDI, TEHSIL-KANDI, DISTT-MURSHID-ABAD, WEST BENGAL-742168, in my husband's service records my date of birth wrongly written as 10/07/1988 instead of my correct date of birth as 17/05/1992 vide Affidavit dated 19/08/2024 before Notary Public Delhi.

**Name Change**
It is for general information that I, MOHAMMED KABUL S/o KALIMU DDIN R/o H.No.-91, 3rd Floor, Gali No.-9, D - Block, Wazirabad Burari, North Delhi, Delhi-110084 declare that name of my wife has been wrongly written as RUNUFA KHATOON in my minor son namely MOHAMMED SAHIN aged 15 years in his school record. The actual name of my wife is RUNUFA KHATUN which may be amended accordingly.

**Name Change**
I, GYASUDDIN S/O DEBURUDDIN Residing at UTTAR PARA, PUR-BANGSHO, BAMANKHALI SAGAR, DAKSHIN-24, PARAGANA, WEST BENGAL-743373 have changed my name to SK GIYASUDDIN for all future purpose.

**Name Change**
I, Inder Pal Singh Pahwa S/o Narain Singh R/o Flat 702, Tower 8, The Close South, Nirvana Country, Sector-50, Gurgaon, Haryana-122018, Have Changed My Name To Indra Pal Singh Pahwa

**Name Change**
I, MD FAIZ MALIK S/O AMIR MALIK residing at H.NO-689, GALI NO-6A, OLD MUSTAFABAD, DELHI-110094 have changed my name to MOHD FAIZ MALIK for all future purposes.

**Name Change**
I, USHA Mother of No. 4581319Y Rank-L/NK Name-MANE YOGESH ASHOK Presently residing at VPO-SHIRDHON, TEH-KOREGAON, DIST-SATARA, MAHARASHTRA-415501 have changed my name from USHA to MANE USHA ASHOK for all future purposes vide Affidavit dated 19/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I, VIVA DEVI mother of NO-15800722A Rank-NK Name-PRINCE KUMAR SINGH R/O VILL-MOKHTARPUR, PO-MAHNAR, TEH-MAHNAR, P.S-MAHNAR, DIST-VAISHALI, BIHAR-844506 have changed my name from VIVA DEVI to BIBHA DEVI for all future purposes vide affidavit dated 19/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**
I Amaan Ahmad Khan S/o Nayaz Ali Khan R/o H-111A, Block-H, Batla House, Jamia Nagar, New Delhi-110025, have changed my Name Amaan Ahmed Khan for all purposes.

**Name Change**
I, hitherto known as SAROJ GUPTA alias SAROJ BALA GUPTA D/o GIAN CHAND GUPTA W/o JAI BHAGWAN GUPTA residing at BG-6/125-B, Pashchim Vihar, West Delhi, Delhi - 110063 have changed my name and shall hereafter be known as SAROJ BALA GUPTA.

**Name Change**
I, JITENDRA SINGH father of NO-15800722A Rank-NK Name-PRINCE KUMAR SINGH R/O VILL-MOKHTARPUR, PO-MAHNAR, TEH-MAHNAR, P.S-MAHNAR, DIST-VAISHALI, BIHAR-844506 have changed my name from JITEN-DRA SINGH to JITENDRA KUMAR SINGH for all future purposes vide affidavit dated 19/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
My clients Ahmad Hussain Son Of Abdul Hameed and his wife Shakila Begum both Resident Of C-756, Sangam Vihar, New Delhi-110080, has disowned/debarred their son SHOAIB AKHTAR and his wife CHAND BANO from all his/her move-able/immovable properties/ assets and severed all their relations with them due to their misbehavior/mis-conduct towards my clients. If any-body dealing with their son and daughter-in-law in any manner will do so at his/her/their own risk and responsibility. My clients shall not responsible for any kind of acts done by their son and daughter-in-law.
MOHD TAHIR QIDWAI ADVOCATE
CH.NO.888, LAWYERS BLOCK
SAKET COURT, NEW DELHI-17

## केहरवाला हत्याकांड में चौकी इंचार्ज सस्पेंड, सूचना के 2 घंटे बाद पहुंची थी पुलिस

एजेंसी

**सिरसा।** पुलिस थाना रानियां के अंतर्गत आने वाली श्रीजीवननगर चौकी के इंचार्ज को निलंबित करके लाइन हाजिर कर दिया है। चौकी इंचार्ज पिछले कई दिनों से इलाके में हुई घटनाओं को लेकर विवादों में घिरे हुए थे। दो दिन पूर्व गुरुवार को केहरवाला में हुए मर्डर मामले को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा तुरंत प्रभाव से निलंबित करके लाइन हाजिर किया है। केहरवाला के जोगिंद्र सिंह की दर्दनाक मौत जमीनी विवाद को लेकर हुई है। मामले में पीड़ित परिवार आदराम केहरवाला की ओर से श्रीजीवननगर चौकी में शिकायत दर्ज करवाई गई। जिसकी अभी जांच ही चल रही थी कि 2 दिन पूर्व नथोर के भीम सेन झोरड 15 -20 अन्य लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से जोगिंदर के खेत में नरमे की फसल को ट्रेक्टर चलाकर तबाह कर दिया और कब्जा करने लगे। घटनाक्रम में डायल 112 पर सूचना दी गई, सूचना देने के 2 घंटे बाद पहुंची डायल 112 की गाड़ी व श्रीजीवननगर चौकी पुलिस 2 घंटे लेट पहुंचने के कारण पीड़ित पक्ष का रोष बढ़ गया। पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई न करने के कारण बड़ा हादसा हो गया।

## हिंदू विरोधी बयान दिए जाने पर बिफरे कार्यकर्ता

**जींद।** जयति-जयति हिंदू महान संगठन कार्यकर्ताओं ने गोहाना रोड पर बायकॉट राहुल गांधी के हजारों पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया और अपना विरोध दर्ज करवाया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि राहुल गांधी हिंदू विरोधी बयान दे रहे हैं। जिससे हिंदुओं में रोष है। संगठन संयोजक अतुल चौहान ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण से सियासी बवाल मचा हुआ है। सदन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने सत्ता पक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा था कि जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं वे हिंसा की बात करते हैं। अतुल चौहान ने कहा कि सभी हिंदुओं को हिंसक और नफरती बता कर उन्होंने संपूर्ण हिंदू समाज का अपमान किया है। उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। अतुल चौहान ने कहा कि राहुल गांधी सनातन और हिंदुओं को गाली देना, हिंदुओं को हिंसक, आतंकवादी बता रहे हैं7 उन्होंने कहा कि संसद के पहले सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने बचकाना भाषण देकर संसद और नेता प्रतिपक्ष की गरिमा को भी गर्त में गिरा दिया है। एक ओर राहुल गांधी भगवान शिव की फोटो दिखा कर खुद को हिंदू बता कर उनके रास्ते पर चलने की बात करते हैं वहीं भाजपा और आरएसएस के लोग हिंदू नही हैं जैसी बताकर देश के सवा सौ करोड़ जनता को अपमानित करने का काम किया है। देश की जनता इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। अतुल चौहाल ने कहा कि बांगला देश में हिंदुओं के नर्संहार पर एक भी कांग्रेसी या राहुल गांधी का बयान नही आया है। हिंदू विरोधी बयान दिए जाने को लेकर राहुल गांधी को चाहिए कि वो सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें।

## राज्य के 10381 शतायु मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। राज्य की 90 सीटों के लिए 1 अक्टूबर को मतदान होगा। इस बार चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर खास इंतजाम किए गए हैं। राज्य के 10381 शतायु मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा है। वहीं साइबर सिटी गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत में मल्टी स्टोरीज हाउसिंग सोसायटी में पोलिंग बूथ बनाए गए जाएंगे, इसके साथ स्लम बस्तियां झुग्गी-झोपडियों में भी मतदान की व्यवस्था होगी। चुनाव आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में 2.01 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें लगभग 1.06 करोड़ पुरुष और 95 लाख महिला मतदाता हैं। राज्य में 4.52 लाख युवा पहली बार अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके अलावा 2.54 लाख 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिक और 1.5 लाख दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। 10,381 से अधिक मतदाता 100 साल से अधिक उम्र के हैं। हालांकि 27 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा, जिसमें नए मतदाताओं की संख्या में इजाफा होने की संभावना है। चुनाव आयोग की ओर से 20629 पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे, जिनमें सात हजार शहरी तो 13 जारह के करीब गांव देहात के क्षेत्रों में होंगे।

## सार्वजनिक स्थलों पर हथियार लेकर चलने पर रहेगी पाबंदी

**सिरसा।** जिलाधीश शांतनु शर्मा ने हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी प्रकार के तनाव की आशंका के मद्देनजर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर किसी भी प्रकार के हथियार या हथियार के रूप में प्रयोग किए जा सकने वाली वस्तु को लेकर चलने पर पाबंदी लगाई है। जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 की प्रदत्तः शक्तियों का प्रयोग करते हुए आग्नेयास्त्र, तलवारें, लाठी, डंडे, बरछा, कुल्हाड़ी, जाली, फरसा, गंडासी, भल्ला, रॉड, हॉकी या किसी अन्य वस्तु जिसे हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है, को लेकर चलने पर पूर्णतः पाबंदी लगाई है। हथियार को ले जाने से कानून और व्यवस्था के रखरखाव में बाधा उत्पन्न होने की संभावना है। यह आदेश पुलिस बल, ड्यूटी पर तैनात अन्य लोक सेवकों, लाठी लेकर चलने वाले दिव्यांग/अक्षम व्यक्तियों तथा कृपाण लेकर चलने वाले सिख धर्म के अनुयायियों पर लागू नहीं होगा।

# तीसरी बार भी हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी - मुख्यमंत्री

एजेंसी

**छरौली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी छिछरौली में थे। यहां एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस में दो गुट हैं, एक तरफ सुरजेवाला-शैलजा और दूसरी तरफ बाबू-बेटा। इनकी लड़ाई लूट का पैसा बांटने-खाने की है।

उन्होंने कहा कि मैं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्?डा से कहना चाहता हूं कि अब आप सत्ता में आने के सपने देखते रह जाएंगे और भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा अपनी किताब-कॉपी उठा लें और हरियाणा की जनता को हिसाब दें। मैं भी बताऊंगा कि हरियाणा में किसने कितना रोजगार दिया है।

सैनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि जबसे आचार संहिता लगी है? तब से कहीं कांग्रेस दिखाई नहीं दे रही। ये हुड्डा पिता-पुत्र सिस्टम को बिगाड़ने वाले लोग हैं, सिस्टम बनाने वाले लोग नहीं हैं। जब वे मुख्यमंत्री थे और केंद्र में भी



कांग्रेस की सरकार थी तब एमएसपी लागू करने से किसने इनको रोक रखा था। इनकी मंशा ही नहीं थी। हमने हर फसल को एमएसपी पर खरीदने का फैसला करके दिखा दिया है कि हम किसान के साथ हैं।

सैनी ने आगे कहा कि केंद्र और राज्य दोनों जगह कांग्रेस की सरकार थी और भूपेंद्र हुड्डा प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। तब स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को लागू क्यों नहीं किया। इनकी मंशा कभी भी किसानों का भला करने की नहीं थी। इनकी सोच भ्रष्टाचार करके किसानों की जमीन और पैसे हड़पने की थी। भाजपा सरकार में आज हरियाणा के 50 लाख परिवारों को 500 रुपए में सिलेंडर मिल रहा है। 3 लाख से ज्यादा बुजुर्गों के खाते में 3,000 रुपए की पेंशन आ रही है।

# विधानसभा चुनाव में हरियाणा में इतिहास रचेगी जजपा, प्रदेश का करेगी नेतृत्व : दुष्यंत चौटाला

एजेंसी

**नूंह।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से जननायक जनता पार्टी (जजपा) में भगदड़ मची हुई है। पार्टी के चार विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है जिसको लेकर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़कर गए, वह लोग लोकसभा चुनाव में भी पार्टी से दूरियां बना चुके थे। जब कार्यकाल खत्म हो जाता है तो इस्तीफा देना एक औपचारिकता मात्र जाती है। चौधरी देवीलाल के साथ भी कई ऐसे दौर आए थे। लोग उनके साथ जुड़े और तमाम पदों पर बैठे थे। लेकिन जब संघर्ष का दौर आया तो चौधरी देवीलाल को लोग छोड़ कर चले गए। विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी इतिहास रचने का काम करेगी।

पूर्व सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पार्टी की पीएसी की बैठक होगी। उसके अंदर जो भी साथी इच्छुक हैं, उनके नाम पर चर्चा होगी और तभी उम्मीदवारों के नामों का ऐलान होगा। परिस्थितियां अनुकूल बनेंगी। त्रिशंकु नतीजों में भी जननायक जनता पार्टी की भूमिका मजबूत होगी और प्रदेश का नेतृत्व भी जननायक जनता पार्टी करेगी। पहलवान विनेश फोगाट के मामले



को लेकर उन्होंने कहा, हमारी बहन घर आई है। जिस तरह का ओलंपिक एसोसिएशन ने आर्डर दिया है। यह नियम हैं और नियमों के माध्यम से एक बार नहीं अनेक बार हुआ है कि लोगों को दिए गए मेडल भी वापस लिए गए हैं और बीच कंपटीशन में भी लोगों को डिसक्वालीफाई किया गया है। लेकिन देश के लिए एक झटका था। उन्होंने कहा, अगर विनेश मेडल लेकर आतीं तो जो पदक में हरियाणा की हिस्सेदारी 90 फीसदी होती। मेडल के बाद हमारी जो ग्लोबल रैंकिंग 71वीं है, वह शायद 52 या 53 पर आ जाती। यह पूरे देश के लिए बड़ा झटका है। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम ने नूंह जिले के पुनहाना शहर में जमालगढ़ रोड पर स्थित पार्टी की महिला सेल की पूर्व अध्यक्ष नफीसा के अस्पताल और जच्चा-बच्चा केंद्र का उद्घाटन किया। इसके बाद दुष्यंत सिंह चौटाला नूंह विधानसभा के पार्टी के दिवंगत नेता चौधरी बदरुद्दीन के पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे।

## प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से तंग आ चुकी है : जसवंत कस्वां

एजेंसी

**सिरसा।** हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसवंत कसवां ने विभिन्न गांवों में लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों की जनता को पीपीपी के नाम पर योजनाओं से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रदेश की जनता कांग्रेस को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है और चुनाव का बेसब्री से इंजजार कर रही



जानकारी दी। जसवंत कसव ने आज जनसम्पर्क कार्यक्रम के तहत गांव सैनपाल,नगराना व संतावाली में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियाँ हमेशा आम आदमीं के हक़ में बनी है।

इस मौके पर जसंवत कस्वां ने कहा कि भाजपा सरकार के 10 साल के कुशासन से जनता तंग आ चुकी है। योजनाओं का लाभ देने के लिए बनाई गई पीपीपी आज हर व्यक्ति के लिए परेशानी बनी हुई है और इससे संबधित शिकायतों का समाधान नहीं हो रहा। है। कांग्रेस शासन काल में सरकार सभी वर्गों का साथ लेकर चलने के साथ उनके कल्याण के लिए काम करती थी। कसवां ने कहा कि इस भाजपा सरकार से सभी परेशान आ चुके है। उन्होंने कहा कि रानियां में जितने भी विकास कार्य हुए सब कांग्रेस पार्टी की ही देन है। इस मौके पर रामचन्द्र सरपंच बणी,रणबीर झौरड सरपंच बचेर, हरजीत सिंह सरपंच, शगनलाल सरपंच नाईवाला, मा.लखविन्द्र सिंह, कृष्ण शर्मा, मोदनसिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# जींद इंकलाबी जिला है, इस जिले को जो मिलना चाहिए था वो मिल नहीं पाया : कुमारी शैलजा

एजेंसी

**जींद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, उत्तराखंड की प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि हर रोज जहां भी हम जाते हैं लोगों का प्यार और भीड़ उमड़ती है। जींद जिला इंकलाबी जिला है। इस जिले को जो मिलना चाहिए था वो मिल नहीं पाया। जींद जिला भेदभाव का शिकार हुआ है। अब दस सालों में बीजेपी की सरकार में जो वीरान माटी जींद की हुई है वैसे पहले कभी नहीं हुई।

कुमारी शैलजा जींद की पुरानी अनाज मंडी में आयोजित बदलाव रैली को संबोधित कर रही थी। रैली को कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने भी संबोधित किया। कुमारी शैलजा ने कहा कि भाजपा को दस साल का लेखा-जोखा देना होगा। अब वक्त आ गया है बीजेपी से दस साल का हिसाब मांगने का। उन्होंने कहा कि रणदीप सुरजेवाला जब राज्यसभा में हरियाणा की आवाज उठाते हैं तो बीजेपी के पास जवाब नहीं होता। उन्होंने कहा कि किसान के साथ भेदभाव हुआ है। जवाब जो बीजेपी को देना होगा। किसानों की कोई सुनवाई नहीं हुई। एमएसपी के वादे कर रही है, बीजेपी पर बताए तो सही एमएसपी के लिए क्या कानून बनाया है।

**बीजेपी सरकार में जींद के साथ विकास में भेदभाव हुआ :रणदीप सुरजेवाला**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी




की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सूरजेवाला ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि राहुल गांधी व खड़गे जी कुछ ही दिनों में जींद से ही हरियाणा में सत्ता के परिवर्तन की जंग को शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में जींद के साथ विकास में भेदभाव हुआ है। विकास के नाम पर कोई काम नहीं हुआ। अपराध इतना बढ़ गया है कि लोग भय के माहौल में जी रहे हैं। सरकारी नौकरियों के पेपर बिक रहे हैं। इसलिए युवाओं को अपना भविष्य उज्जवल नजर नहीं आ रहा और वे विदेशों में जा रहे हैं। बीजेपी सरकार किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार करती आ रही है। महिला खिलाडियों के साथ जो हुआ सब ने देखा। व्यापारियों से जजिया कर की तरह बसूली की जा रही है। सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में ऐसा माहौल बना दिया है कि कोई भी वर्ग सुखी नहीं। ऐसी सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए वोट की चोट से बदला लेना होगा।

## फरीदाबाद में अस्पताल में लापरवाही से नवजात बच्ची की मौत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के तीन नंबर स्थित निजी प्राची अस्पताल में डिलीवरी के बाद नवजात बच्ची की अस्पताल में हुई लापरवाही के चलते मौत हो गई। शिवानी की डिलीवरी कराने के लिए प्राची अस्पताल गई थी, जहां शनिवार को शिवानी ने ऑपरेशन के बाद एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। बच्ची का वजन लगभग 3.30 किलो था। वह सही से हाथ पांव चला रही थी, देखने में बिल्कुल स्वस्थ लग रही थी। शिवानी की सास ने बताया कि डिलीवरी होने के बाद उन्होंने ऑपरेशन के 40 हजार रुपए जमा कराए, लेकिन डॉक्टर ने ऑपरेशन होने की बात कह कर उन्हें कहा कि एक-दो दिन अभी बच्ची को आईसीयू में रखना पड़ेगा। इसके बाद उसे छुट्टी दे दी जाएगी। शिवानी की सास जब शनिवार को कई बार बच्ची को देखने के लिए गई, तो अस्पताल के स्टाफ ने उन्हें बच्ची को देखने नहीं दिया। बच्ची रो रही थी,उन्होंने कहा कि बच्ची भूखी हो सकती है, उसे दूध पिलाया जाए लेकिन अस्पताल के स्टाफ ने यह कहकर उन्हें डांट दिया कि ये उनकी जिम्मेदारी है।

# विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी : सतीश पूनिया

एजेंसी

**जींद।** भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। कार्यकर्ता फील्ड में उतर कर पूरी मेहनत करें। बूथ व शक्ति केंद्रों को मजबूत करें और पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों को बताएं। भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया भाजपा जिला कार्यालय में जुलाना विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल भी उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बैठक में प्रदेश प्रभारी के सामने अपनी बातें भी रखी। लोकसभा चुनाव के दौरान जो भी कमियां रही, उनको लेकर चर्चा की गई। सतीश पूनिया ने कहा कि पहले जो भी कमियां रही हैं, उनको दूर किया जाएगा। प्रदेश में भाजपा का संगठन काफी मजबूत है, जिसके दम पर लगातार तीसरी बार सरकार बनेगी। पिछले 10 साल में पूरे प्रदेश में समान रूप से भाजपा सरकार ने विकास कार्य करवाए हैं। पहले क्षेत्रवाद चलता था। हुड्डा सरकार में क्षेत्र विशेष का विकास हुआ और नौकरी भी चहेतों को मिली। भाजपा सरकार में मेरिट के आधार पर योग्य युवाओं को रोजगार दिया गया। वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके नेता आपस में ही उलझे हुए हैं। मुख्यमंत्री बनने को लेकर लड़ाई चल रही है, उन्हें आमजन के सरोकार से कोई लेना-देना नहीं है। जनता भी उनके बहकावे में नहीं आएगी। जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार हैं। जिले की पांचों विधानसभा सीट अपने कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा जीतेगी। संगठन को और मजबूत करने व विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अलग-अलग पांचों विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक हो चुकी है। इस अवसर पर जिला महामंत्री डा. राज सैनी, डा. ओमप्रकाश पहल, सुखदीप बुआना, संदीप लोहान, रामफल शर्मा, दलशेर लोहान, पुरुषोत्तम शर्मा, राजेश शास्त्री, विष्णु शर्मा, बबलू गोयल, सुरेंद्र गौतम, सत्यवान खटकड़ सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हरियाणा में भाजपा-हलोपा मिलकर लड़ सकते हैं चुनाव, 3 दिन में सीट बंटवारे पर फैसला संभव

एजेंसी

**सिरसा।** हरियाणा की सिरसा विधानसभा सीट से हरियाणा लोकहित पार्टी (हलोपा) के विधायक गोपाल कांडा ने एक बार फिर क्चछ्क्क नेताओं की टेंशन बढ़ा दी है। एक महीने के अंदर दूसरी बार हलोपा सुप्रीमो गोपाल कांडा ने हरियाणा के बीजेपी प्रभारी से मुलाकात की है। गोपाल कांडा ने धमेंद्र प्रधान के घर 40 मिनट तक बैठक की है। बताया जा रहा है कि इस बैठक में हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन चला। बैठक में हरियाणा विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा हुई। आगामी 2 से 3 दिनों में सीट शेयरिंग पर दोनों दलों के बीच सहमति बन सकती है। गोपाल कांडा हरियाणा में 5 विधानसभा सीट पर अपनी पसंद के उम्मीदवार उतारना चाहता है। भाजपा और हलोपा दोनों की पसंद से यह उम्मीदवार उतारे जाएंगे। 3 दिनों में यह साफ हो जाएगा कि हलोपा कितनी सीटों पर और भाजपा के सिंबल पर हलोपा की पसंद से कौन लड़ेगा।

# हुड्डा ने तो अपने हिसाब के कागज ही जला दिए, जनता को क्या बताएंगे, विधानसभा चुनाव में इनका बस्ता भी नहीं खुलेगा : सीएम नायब सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जगाधरी विधानसभा के लिए छछरौली अनाजमंडी में ÷नॉन स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली÷ की। जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस और हुड्डा पिता-पुत्र को आड़े हाथों लिया और कहा कि जब विपक्ष के पास कहने को कुछ नहीं रहा तो एक मनघडंत शोशा छोड़कर यात्रा निकालते घूम रहे हैं। नायब सैनी ने कहा कि हम तो जनता को हर साल हिसाब देते हैं, लेकिन हुड्डा का क्या करें, इन्होंने तो अपने हिसाब के कागज ही जला दिए हैं, उनके बही-खाते फटे पड़े हैं। अब बाप-बेटा हिसाब मांगते घूम रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस की गुटबाजी पर तंज कसा और कहा कि सैलजा और रणदीप सुरजेवाला अपना अलग गुट चला रहे हैं, दूसरी तरफ बाप-बेटा का अपना निजी गुट है। इनमें लड़ाई हरियाणा के भले के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार करके जनता के रुपये बांटने और खान आवंटन के लिए है। अब फिर हुड्डा और कांग्रेसी जनता को लूटने का सपना देख रहे हैं। हमने भ्रष्टाचार पर कड़ी चोट की तो इनका पेट खराब हो गया। हुड्डा जनता को लूटने का सपना देखते रह जाएंगे और 4 अक्टूबर को भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि मैंने हुड्डा से पांच सवाल किए थे, आज तक उनका जवाब नहीं दिया जा रहा। अब हुड्डा किसानों के नाम पर राजनीति कर रहे हैं,उनसे जनता पूछती है कि जब 10 साल उनकी सरकार रही, वे स्वामीनाथन कमेटी के चेयरमैन भी थे तब किसानों का हित करने से उन्हें किसने रोका था। सच्चाई ये है कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा किसानों के हित में नहीं सोच सकते, उनकी सोच भ्रष्टाचार और किसानों के नाम से रुपये खाने की है। अब वे झूठ बोलकर जनता को बरगला रहे हैं। लेकिन जनता इस बार विधानसभा चुनाव में उनका बिस्तरा गोल कर उनका खाता भी नहीं खुलने देगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस कहीं दिखाई नहीं दे रही और जनता के आशीर्वाद से भाजपा तीसरी बार सरकार बना



रही है। इस मौके पर जगाधरी के विधायक और कृषी मंत्री कंवर पाल, भाजपा नेत्री बंतो कटारिया,विधायक घनश्यामदास अरोड़ा, राजेश सपरा, पूर्व विधायक बलवंत सिंह, ईश्वर, रमेश ठसका, भोपाल खदरी, रामनिवास गर्ग, रामपाल नंबरदार, कृष्ण सिंगला, विपुल गर्ग, कल्याण सिंह, प्रवीण गर्ग, सीमा गुलाटी, बलविंद्र, जगदीश विद्यार्थी,अंकित गोयल समेत वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**दीपेंद्र अपने पिता के कार्यकाल का हिसाब भी दें**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा कह रहे हैं कि हरियाणा में बेरोजगारी बहुत ज्यादा है। दीपेंद्र अपने पिता के कार्यकाल का हिसाब भी दें और बताएं कि कितनों को रोजगार दिया था। दरअसल दीपेंद्र हुड्डा हमेशा एसी में रहते थे और उन्हें कुछ पता ही नहीं था कि हो क्या रहा है। एक गरीब व्यक्ति उन्हें वोट देता था और नौकरी के लिए ठोकरे खाता था। हमने जनता में विश्वास पैदा किया और युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी दी। कांग्रेस के समय में नौकरी की बात आती थी तो लोग कहते थे कि मंत्री का बेटा एसडीएम लगेगा, इंस्पेक्टर लगेगा लेकिन अब हमारी सरकार में नौकरी का रिजल्ट आता है तो पता चलता है कि एक गरीब का बेटा एचसीएस लग गया।

**100-100 गज के प्लॉट पर हुड्डा ने राजनीति की**

जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 100-100 गज के प्लॉट पर राजनीति की, लोगों को न कागज दिए न कब्जा। लेकिन भाजपा ने लोगों को प्लॉट भी दिए कागज भी दिए और प्लॉट पर कब्जा भी दिलवाया। इससे आगे बढ़कर हमने पोर्टल खोल दिया है, जो पात्र परिवार हैं वे अपना रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं और चुनाव के बाद भाजपा की सरकार बनते ही उन्हें 100-100 गज के प्लॉट दे दिए जाएंगे। हमने शहरी आवास योजना के तहत भी लोगों को 30-30 गज के प्लॉट दिए। रोडवेज में फ्री यात्रा करने के लिए 84 लाख लोगों को हैप्पी कार्ड दिए।

**राहुल देते हैं शिगूफा, हुड्डा बरगलाते रहते**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा की जनता से झूठ बोल रहे हैं। हुड्डा सुबह राहुल गांधी को फोन करते हैं और राहुल उन्हें एक शिगूफा दे देते हैं। हुड्डा उसी शिगुफे को जनता के सामने गाते फिरते हैं।

अब हुड्डा बोल रहे हैं कि बुजुर्गों की पेंशन 6 हजार रुपये कर देंगे, लेकिन 10 साल सरकार रही तो 500 रुपये से आगे नहीं बढ़ पाए। 2013-14 में एक हजार करने का वादा किया लेकिन दी नहीं। बाद में भाजपा ने पेंशन बढ़ाई।

## हरियाणा में भाजपा-हलोपा मिलकर लड़ सकते हैं चुनाव, 3 दिन में सीट बंटवारे पर फैसला संभव

एजेंसी

**सिरसा।** हरियाणा की सिरसा विधानसभा सीट से हरियाणा लोकहित पार्टी (हलोपा) के विधायक गोपाल कांडा ने एक बार फिर क्चछ्क्क नेताओं की टेंशन बढ़ा दी है। एक महीने के अंदर दूसरी बार हलोपा सुप्रीमो गोपाल कांडा ने हरियाणा के बीजेपी प्रभारी से मुलाकात की है। गोपाल कांडा ने धमेंद्र प्रधान के घर 40 मिनट तक बैठक की है। बताया जा रहा है कि इस बैठक में हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन चला। बैठक में हरियाणा विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा हुई। आगामी 2 से 3 दिनों में सीट शेयरिंग पर दोनों दलों के बीच सहमति बन सकती है।

गोपाल कांडा हरियाणा में 5 विधानसभा सीट पर अपनी पसंद के उम्मीदवार उतारना चाहता है। भाजपा और हलोपा दोनों की पसंद से यह उम्मीदवार उतारे जाएंगे। 3 दिनों में यह साफ हो जाएगा कि हलोपा कितनी सीटों पर और भाजपा के सिंबल पर हलोपा की पसंद से कौन लड़ेगा। हलोपा-क्चछ्क्क की मुलाकात से सिरसा और फतेहाबाद के भाजपा नेताओं की चिंता बढ़ी हुई है। बता दें कि हलोपा-भाजपा के बीच सीट बंटवारे का फार्मूला फिट बैठता है तो सबसे ज्यादा खतरा रणजीत चौटाला को है। रणजीत चौटाला रानियां विधानसभा से दावेदार हैं और विधायक का चुनाव जीत चुके हैं। वहीं गोपाल कांडा ने अपने भतीजे गोबिंद कांडा के बेटे धवल कांडा को रानियां से हलोपा प्रत्याशी घोषित किया है। इससे रणजीत चौटाला की टेंशन बढ़ गई है। वहीं गोबिंद कांडा पहले से ही भाजपा का हिस्सा हैं। वे दो सीटों ऐलनाबाद और फतेहाबाद से दावेदारी कर रहे हैं। ऐलनाबाद में मीनू बेनीवाल और फतेहाबाद में विधायक दुड़ाराम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

वैश्य और पंजाबी वोट बैंक पर पकड़

गोपाल कांडा का राज्य में वैश्य और पंजाबियों के बीच अच्छा जनाधार है। हलोपा को लगता है कि हलोपा उन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी, जिन पर भाजपा को चुनाव जीतना मुश्किल लगता है।

# फरीदाबाद में रहस्यमय परिस्थितियों में हुई सिक्योरिटी गार्ड की मौत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिला में संदिग्ध परिस्थितियों में 60 वर्षीय व्यक्ति की डीएसवाई फोर्स में सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके में पहुंची पुलिस ने व्यक्ति के शव को पोस्टमॉर्टम करवाने के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

झाड़सेतली के पास सेक्टर 59 स्थित डीएसवाई फोर्स कंपनी में काम कर रहे 60 वर्षीय व्यक्ति की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। करीब 2 घंटे बाद कंपनी में दूसरे मजदूरों ने उसे मृत अवस्था में देखकर पुलिस को सूचित किया। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। मृतक व्यक्ति कपूर चंद गुप्ता के बेटा राहुल ने बताया कि बल्लभगढ़ के सेक्टर 3 के रहने वाले है। उसके पिता शनिवार रात 8 बजे घर से अपनी सिक्योरिटी गार्ड की नाईट ड्यूटी के लिए सेक्टर 59 स्थित कंपनी में गए हुए थे। सुबह 8 बजे उनकी छुट्टी हो जाती है, लेकिन जब रविवार सुबह 9 बजे तक घर नहीं पहुंचे, तो उन्हें फोन किया गया, लेकिन फोन नहीं उठाया। बाद में जब दूसरे किसी व्यक्ति को फोन करके वहां चेक करने के लिए बोला, तो पता चला कि उनकी कंपनी के गार्ड रूम में मौत हो चुकी है। जब कंपनी में जाकर देखा तो पिता बिना शर्ट के कुर्सी पर मृत अवस्था में थे और पूरा शरीर नीला पड़ चुका था।

सुबह करीब 9 बजे यह सूचना मिली कि उनकी मौत हो चुकी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया कि उनकी मृत्यु किस कारण हुई है, क्योंकि उनके बॉडी पर किसी भी तरह का कोई चोट जैसा निशान नहीं था। बस पूरा शरीर नीला पड़ हुआ था। जब इस बारे में कंपनी मालिक से बात की गई, तो उन्होंने कुछ नहीं बोला। परिजनों ने कहा हमें बस यह पता जानना है, उनकी मृत्यु कैसे हुई है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाए कि उनके फोन से सभी डाटा डिलीट भी किया गया है।

## खाद्य तेलों में टिकाव; चना, चना दाल और अनाज चढ़े

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि उठाव होने से चना, दाल चना, गेहूं और चावल महंगे हो गए वहीं अन्य जिंसों में स्थिरता रही।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 46 रिंगिट चढ़कर 3876 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.86 सेंट की गिरावट के साथ 38.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13113 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19560 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12308 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12088 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8666 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11166 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहनः बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में चना 200 रुपये और दाल चना में 200 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर कम होकर 670.12 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट होने से 09 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर कम होकर 670.12 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी 7.53 अरब डॉलर बढ़कर 674.93 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 09 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.1 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 588 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 86 करोड़ डॉलर के कम होकर 59.24 अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 12.1 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.64 अरब डॉलर हो गया।



## भारत ने पोलैंड को अंजीर जूस की पहली खेप निर्यात की

**नयी दिल्ली।** भारत ने पोलैंड को अंजीर के जूस की पहली खेप का निर्यात किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर बताया कि अंजीर के रस की यह खेप सभी हितधारकों की उपस्थिति में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) के अध्यक्ष अभिषेक देव द्वारा हरी झंडी दिखाकर 01 अगस्त 2024 को जर्मनी के हैम्बर्ग बंदरगाह से होते हुए रवाना हुई। यह आयोजन वैश्विक मंच पर भारत के विशिष्ट कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एपीईडीए ने जीआई-टैग वाले पुरंदर अंजीर से बने भारत के प्रथम पीने के लिए तैयार अंजीर के रस को पोलैंड को निर्यात के लिए सुगम बनाया।

## आरआईएनएल ने गर्भम मैंगनीज खदान के पट्टे के लिए नायडू को धन्यवाद दिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री अतुल भट्ट ने गर्भम मैंगनीज खदान के पट्टे को आरआईएनएल को सौंपने के लिए उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नारा चंद्रबाबू नायडू के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। यह आरआईएनएल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो मैंगनीज अयस्क के उत्पादन की निरंतर उपलब्धता को सुनिश्चित करता है। श्री अतुल भट्ट ने विशाखापत्तनम के गजुवाका के माननीय विधायक और आंध्र प्रदेश के तेलुगू देशम पार्टी के अध्यक्ष श्री पल्ला श्रीनिवास राव और विशाखापत्तनम के माननीय सांसद श्री एम. श्री भारत को इस संबंध में उनके अथक प्रयासों के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। उनका समर्थन और सक्रिय भागीदारी आरआईएनएल के लिए इस महत्वपूर्ण संसाधन को सुरक्षित करने में सहायक रही है, जिससे देश की आर्थिक प्रगति और विकास में योगदान देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को बल प्राप्त हुआ है। गर्भम मैंगनीज खदान के पट्टे का क्षेत्र 654 एकड़ है और आरआईएनएल द्वारा प्रति वर्ष लगभग 6000 टन की खपत होती है।



# हीरो मोटो कॉर्प को मिला 17 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश एवं दुनिया में दोपहिया वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटो कॉर्प लिमिटेड को दिल्ली माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधिकारियों से 17 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स डिमांड (कर मांग) का नोटिस मिला है। हीरो मोटो कॉर्प लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को दिल्ली सरकार के जीएसटी अधिकारी कार्यालय से उसको वित्त वर्ष 2019-20 के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट की अस्वीकृति के मामले में 17 अगस्त, 2024 को एक आदेश प्राप्त हुआ है। कंपनी ने कहा कि जीएसटी नोटिस के अनुसार कर मांग 9,38,66,513 रुपये, ब्याज 7,32,15,880 रुपये और जुर्माना 93,86,651 रुपये है। कंपनी ने कहा कि हीरो मोटोकॉर्प के आकलन के आधार पर टैक्स डिमांड कानून के तहत स्वीकार्य नहीं है। कंपनी ने कहा कि जीएसटी अधिकारी, नई दिल्ली के कार्यालय के द्वारा अस्वीकृत इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा कंपनी के द्वारा जीएसटी कानून के प्रावधानों के अनुसार सही तरीके से किया गया था, लेकिन आपूर्तिकर्ता के गैर-अनुपालन के कारण इसे अस्वीकृत कर दिया गया, जो कि कंपनी के लिए जिम्मेदार नहीं है। उल्लेखनीय है कि हीरो मोटो कॉर्प लिमिटेड एक बहुराष्ट्रीय भारतीय मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी है। इसका मुख्यालय राजधानी नई दिल्ली में स्थित है। ये दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनियों में से एक के साथ ही सबसे बड़ी मोटरसाइकल कंपनी भी है। इसे भारत की हीरो साइकल और जापान की होंडा मोटर ने मिलकर 1984 में बनाया था।




# श्रीराम आईएएस कोचिंग पर सीसीपीए ने 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा 2022 के परिणाम के बारे में भ्रामक विज्ञापन के लिए श्रीराम आईएएस कोंचिंग संस्थान पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण ने श्रीराम कोचिंग के खिलाफ तत्काल प्रभाव से भ्रामक विज्ञापन बंद करने का आदेश जारी किया है।

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कहा कि यह निर्णय उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के लिए लिया गया है। सीसीपीए ने संस्थान के 200 से अधिक चयनों के दावा में से केवल 171 उम्मीदवारों का वास्तविक चयन पाया। सीसीपीए ने कहा कि संभावित उम्मीदवारों (उपभोक्ताओं) को प्रभावित करने के लिए कोचिंग संस्थान और ऑनलाइन एडटेक प्लेटफॉर्म अक्सर एक ही सफल उम्मीदवारों की तस्वीरों और नामों का इस्तेमाल करते हैं। वे ऐसे उम्मीदवारों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रमों और भाग लेने की अवधि का खुलासा किए बिना ऐसा करते हैं।

सीसीपीए मुख्य आयुक्त निधि खरे ने कहा कि किसी विज्ञापन में महत्वपूर्ण जानकारी का खुलासा करके तथ्यों का सच्चा और ईमानदार प्रतिनिधित्व होना चाहिए ताकि, वे स्पष्ट, प्रमुख और उपभोक्ताओं के लिए बेहद मुश्किल हों। उन्होंने उपभोक्ता अधिकारों के महत्व और उपभोक्ताओं को सटीक जानकारी प्रदान करने के लिए विज्ञापनदाताओं के दायित्व पर भी प्रकाश डाला। खरे ने बताया कि जांच में सीसीपीए ने पाया कि श्रीराम आईएएस कोचिंग ने विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों का विज्ञापन किया लेकिन 2022 यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा परिणामों में विज्ञापित सफल उम्मीदवारों के चुने गए पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी जानबूझकर विज्ञापन में छिपाई गई थी।




# अगले सप्ताह खुलेंगे 7 नए आईपीओ, 5 कंपनियों की होगी लिस्टिंग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शुरू होने जा रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान 7 नए आईपीओ की ओपनिंग होने वाली है। इसी तरह इस सप्ताह 5 कंपनियां के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्ट होने वाले हैं। मतलब अगले सप्ताह इन पांच शेयरों में कारोबार शुरू हो जाएगा। इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स का आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा। कुल 600.29 करोड़ रुपये का ये आईपीओ 21 अगस्त को बंद होगा। आईपीओ के तहत शेयर का प्राइस बैंड 850 से 900 रुपये तय किया गया है। निवेदक आईपीओ के तहत 16 शेयर के लॉट में अप्लाई कर सकेंगे। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 26 अगस्त को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में होगी।

इसी तरह फॉर्क्स स्टूडियो का आईपीओ भी 19 अगस्त को खुलने के बाद 21 अगस्त को बंद होगा। कंपनी इस आईपीओ के जरिए 37.44 करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश कर रही है। आईपीओ के तहत शेयरों का प्राइस बैंड 77 से 80 रुपये तय किया गया है, जबकि इसका लॉट साइज 1,600 शेयर है। फॉर्क्स स्टूडियो के शेयरों की लिस्टिंग 26 अगस्त को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इसके अलावा ब्रेस पोर्ट लॉजिस्टिक्स का 24.41 करोड़ रुपये का आईपीओ 19 से 21 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इसका प्राइस बैंड 76 से 80 रुपये तय किया गया है। अगले सप्ताह आने वाले आईपीओ में अगला नाम आइडियल टेक्नोप्लास्ट इंडस्ट्रीज का है।

कंपनी का 16.03 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू 21 अगस्त से लेकर 23 अगस्त तक सब्सक्रिप्शन के लिए उपलब्ध होगा। इसके शेयरों की लिस्टिंग एनसीसी के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 28 अगस्त को होगी। क्यूवीसी एक्सपोर्ट्स का आईपीओ भी 21 अगस्त से 23 अगस्त तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इसी तरह ओरिएंट टेक्नोलॉजी का 214.76 करोड़ रुपये का आईपीओ भी 21 से 23 अगस्त के बीच खुलने वाला है इस आईपीओ के लिए 195 से 206 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है। इसके अलावा रिसोर्सफुल ऑटोमोबाइल का 11.99 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू 22 अगस्त से 26 अगस्त के बीच खुलेगा। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 29 अगस्त को होगी।

आईपीओ के अलावा अगले सप्ताह 5 कंपनियों के शेयर भी स्टॉक मार्केट में लिस्ट होने वाले हैं। सनलाइट रीसाइकलिंग इंडस्ट्रीज और पॉजिट्रॉन एनर्जी के शेयर 20 अगस्त को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। 20 तारीख को ही सरस्वती साड़ी डिपो के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट किए जाएंगे। इसके अलावा 21 अगस्त को सॉल्व प्लास्टिक प्रोडक्ट्स के शेयर एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर और ब्रॉक लाइफ केयर हॉस्पिटल के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।




## खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम के लिए परियोजना शुरू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक संदूषण को लेकर बढ़ती चिंता से निपटने के लिए यहां एक नवोन्मेषी परियोजना आरंभ की। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा है कि माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को एक उभरते खतरे के रूप में स्वीकार करने और जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है,।

**वज्ञप्ति के अनुसार 'उभरते खाद्य संदूषक के रूप में माइक्रो- और नैनो-प्लास्टिक:**मान्य पद्धतियों की स्थापना और विभिन्न खाद्य मैट्रिक्स में व्याप्ति की समझ' नाम से एक परियोजना इस वर्ष मार्च में शुरू की गयी थी। इसका उद्धेश्य विभिन्न खाद्य उत्पादों में माइक्रो और नैनो-प्लास्टिक के प्रदूषण का पता लगाने के लिए विश्लेषणात्मक तरीकों को विकसित और उनकी प्रामाणिकतस स्थापित करना था। इसके साथ साथ इसमें भारत खाद्य उत्पादों में इस तरह के प्रदूषण के विस्तार और जोखिम के स्तर का भी आकलन भी करना था। परियोजना के प्राथमिक उद्देश्यों में माइक्रो/नैनो-प्लास्टिक विश्लेषण के लिए मानक प्रोटोकॉल विकसित करना, इंट्रा- और इंटर-लैबोरेटरी तुलना करना तथा उपभोक्ताओं के बीच माइक्रोप्लास्टिक जोखिम के स्तर पर महत्वपूर्ण डेटा तैयार करना शामिल है। यह अध्ययन देश भर के अग्रणी अनुसंधान संस्थानों के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है, जिनमें सीएसआईआर-भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (लखनऊ), आईसीएआर-केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान (कोच्चि) और बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (पिलानी) शामिल हैं।

मंत्रालय का कहना है कि वैश्विक अध्ययनों ने विभिन्न खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति को उजागर किया है, भारत के लिए विशिष्ट विश्वसनीय डेटा उत्पन्न करना अनिवार्य है। यह परियोजना भारतीय खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक संदूषण की सीमा को समझने में मदद करेगी और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रभावी विनियमन और सुरक्षा मानकों के निर्माण का मार्गदर्शन करेगी।इस परियोजना के निष्कर्ष न केवल नियामकीय कार्रवाइयों की सूचना प्रदान करेंगे, बल्कि माइक्रोप्लास्टिक संदूषण की वैश्विक समझ में भी योगदान देंगे, जिससे भारतीय अनुसंधान इस पर्यावरणीय चुनौती से निपटने के वैश्विक प्रयास का एक अभिन्न अंग होगा।

# आईआईए सचिव ने उद्योगों की समस्याओं को मुख्य सचिव के समक्ष रखा

**एजेंसी**

**बिजनौर।** बरेली में उत्तर प्रदेश प्लाईवुड एसोसिएशन द्वारा मुरादाबाद व बरेली मण्डल के उद्योगों निर्यातकों व किसानों के सम्बंध में आयोजित संवाद एवं समाधान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के समक्ष कार्यक्रम संयोजक व बिजनौर के उद्यमी आईआईए के डिवीजनल चेयरमैन विकास अग्रवाल द्वारा जनपद बिजनौर के उद्योगों की समस्याओं को प्रमुखता के साथ रखा तथा जनपद बिजनौर में बड़े इंडस्ट्रियल एरिया की स्थापना, गुड़ क्रेशर इकाइयों की मंडी समिति व प्रदूषण विभाग की समस्याओं, सरकारी निर्माणों में फ्लाई ऐश ब्रिक के उपयोग, नगीना काष्ठ कला , अमानगढ़ टाइगर रिज़र्व में पर्यटन इकाइयों की स्थापना एवं ईंट भट्ठों में जेसीबी के उपयोग के नाम पर स्थानीय प्रशासन द्वारा किये जा रहे शोषण आदि समस्याओं के निराकरण की मांग की। मुख्य सचिव द्वारा अनेक समस्याओं का निराकरण मंच से ही किया गया। इस अवसर पर सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय आशीष तिवारी , प्रदेश के कई उच्च अधिकारियों सहित बरेली कमिश्नर एवं आईआईए के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश गोयल व अन्य अधिकारियों एवं आईआईए बिजनौर चैप्टर चेयरमैन अवनीश अग्रवाल सचिव दीपक अग्रवाल, अंशुल सिंघल, भट्ठा उद्योग से राजीव गोयल गुड़ क्रेशर उद्योग से अरुण अग्रवाल आशेन्द्र सिंघल सुरेश गुप्ता, प्लाई वुड उद्योग से रामदर्शन अग्रवाल देवेंद्र कुमार आदि उद्यमियों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम के आयोजक व उत्तर प्रदेश प्लाईवुड एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने की।




## बीपीसीएल अगले पांच वर्षों में करेगी 1.7 लाख करोड़ निवेश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की अगले पांच वर्षों में मुख्य तेल शोधन और ईंधन विपणन कारोबार का विस्तार करने के साथ-साथ पेट्रोकेमिकल्स और हरित ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए 1.7 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है।

कंपनी ने रविवार को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में बताया कि बीपीसीएल के पास वर्तमान में भारत की तेल शोधन क्षमता का 14 प्रतिशत और ईंधन खुदरा बिक्री नेटवर्क का 25 प्रतिशत हिस्सा है।

कंपनी का लक्ष्य भारत की बढ़ती ऊर्जा मांग का लाभ उठाते हुए इन मुख्य व्यवसायों का विस्तार करना है।

# टॉप 10 में शामिल देश की 7 कंपनियों के मार्केट कैप में 1.40 लाख करोड़ की बढ़ोतरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में हुए उतार-चढ़ाव के कारण पिछले सप्ताह के दौरान देश की टॉप 10 कंपनियों में से 7 के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई, जबकि 3 कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आई। टॉप 10 में शामिल इन 7 कंपनियों के मार्केट कैप में पिछले सप्ताह 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर टॉप 10 में शामिल 3 कंपनियां के मार्केट कैप में 71,489 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। शेयर मार्केट से मिले आंकड़ों के मुताबिक पिछले सप्ताह टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस सबसे ज्यादा फायदे में रहीं। टीसीएस का मार्केट कैप 67,477.33 करोड़ रुपये बढ़ कर 15.97 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह इंफोसिस का मार्केट कैप 36,746.21 करोड़ रुपये बढ़कर 7.72 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा भारती एयरटेल का मार्केट कैप 11,727.55 करोड़ रुपये बढ़कर 8.45 लाख करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 10,913.96 करोड़ रुपये बढ़कर 8.36 लाख करोड़ रुपये, आईटीसी का मार्केट कैप 8,569.73 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 6.28 लाख करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 5,311.4 करोड़ रुपये बढ़ कर 20 लाख करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 117.48 करोड़ रुपये बढ़कर 6.45 लाख करोड़ रुपये हो गया।

दूसरी ओर लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) का मार्केट कैप 47,943.48 करोड़ रुपये घट कर 6.69 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 13,064 करोड़ रुपये घट कर 12.43 लाख करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का मार्केट कैप 10,486.42 करोड़ रुपये घट कर 7.25 लाख करोड़ रुपये रह गया।

जहां तक मार्केट कैप के लिहाज से मोस्ट वैल्युएबल भारतीय कंपनी होने की बात है तो रिलायंस इंडस्ट्रीज 20 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ देश की मोस्ट वैल्युएबल कंपनी बनी हुई है। इसके बाद 15.97 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ टीसीएस दूसरे स्थान पर, 12.43 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ एचडीएफसी बैंक तीसरे स्थान पर, 8.45 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ भारती एयरटेल चौथे स्थान पर और 8.36 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ आईसीआईसीआई बैंक पांचवी मोस्ट वैल्युएबल कंपनी बनी हुई है। इनके अलावा मार्केट कैप के लिहाज से इंफोसिस छठे पायदान पर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सातवें पायदान पर, एलआईसी आठवें पायदान पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर नौवें पायदान पर और आईटीसी दसवें पायदान पर बनी हुई हैं।



# रक्षाबंधन पर 12 हजार करोड़ रुपये के कारोबार होने का अनुमान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश के व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि सोमवार, 19 अगस्त को मनाए जाने वाला भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक का त्योहार रक्षाबंधन पर इस वर्ष करीब 12 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने अनुमान है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने जारी एक बयान में कहा कि देशभर में धूमधाम से रक्षाबंधन की तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी बात ये है कि बाजार से चीन में बनी राखियां गायब हैं। कारोबारियों ने मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हुए सिर्फ देश में बनी हुई राखियों को ही प्राथमिकता दी है।

खंडेलवाल ने कहा कि लोगों के उत्साह को देखते हुए व्यापारियों को उम्मीद है कि रक्षाबंधन के अवसर पर इस साल लगभग 12 हजार करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है। उन्होंने कहा कि देशभर के बाजारों में राखी की खरीदारों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी है, लोगों में त्योहार के प्रति बहुत उत्साह भी है। पिछले कई वर्षों से देश में स्वदेशी राखियों ही बिक रही हैं और इस वर्ष भी चीन की बनी राखियों की न तो कोई मांग थी और बाजार में चीनी राखियां दिखाई भी नहीं दी।

खंडेलवाल ने बताया कि पिछले दिनों में राखियों की मांग में वृद्धि को देखते हुए इस वर्ष रक्षाबंधन पर 12 हजार करोड़ रुपये के व्यापार होने की उम्मीद है, जबकि पिछले वर्ष ये कारोबार लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का था। वहीं, वर्ष 2022 में करीब 7 हजार करोड़ रुपये, 2021 यह व्यापार 6 हजार करोड़ रुपये का रहा था। वर्ष 2020 में 5 हजार करोड़, जबकि वर्ष 2019 में यह 3500 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2018 में 3 हजार करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष राखियों की एक विशेषता यह भी है कि इनमें देश के विभिन्न शहरों के मशहूर उत्पादों से विशेष प्रकार की राखियां बनाई गईं है, जिनमें नागपुर में बनी खादी राखी, जयपुर में सांगानेरी कला राखी, पुणे में बीज राखी, मध्य प्रदेश के सतना में ऊनी राखी, आदिवासी वस्तुओं से बनी बांस की राखी, असम में चाय पत्ती राखी, कोलकाता में जूट राखी, मुंबई में रेशम राखी, केरल में खजूर राखी, कानपुर में मोती राखी, बिहार में मधुबनी और मैथिली कला राखी, पुडूचेरी में सॉफ्ट पत्थर की राखी, बेंगलुरु में फूल राखी आदि शामिल हैं। इसके साथ ही देश का गर्व प्रदर्शित करने वाली तिरंगा राखी, वसुधैव कुटुंबकम की राखी, भारत माता की राखी आदि शामिल हैं, जिनकी मांग बहुत अधिक है। इसके अलावा डिजाइन राखियां तथा चांदी की राखियां भी बाज़ार में खूब बिक रही हैं। कैट की वैदिक कमेटी के अध्यक्ष तथा उज्जैन के प्रसिद्ध वेद मर्मज्ञ आचार्य दुर्गेश तारे ने बताया कि 19 अगस्त, सोमवार को दोपहर 1.30 मिनट तक भद्रा काल है। इसमें कोई भी मंगल कार्य निषेध है। इसलिए देशभर में रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार दोपहर 1 बजकर 31 मिनट से ही रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाए। कैट ने इस तरह की एडवाइजरी को देश के सभी व्यापारी संगठनों को भेजी है। इसके साथ ही कहा गया है कि सभी व्यापारी शुभ समय में ही रक्षाबंधन का पर्व मनाएं। कैट महामंत्री ने उम्मीद जतायी है कि 19 अगस्त, रक्षाबंधन से शुरू होकर 15 नवंबर को तुलसी विवाह के दिन तक त्योहारी अवधि के दौरान सामानों की बिक्री के माध्यम से देशभर के बाजरों में लगभग 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री होने की उम्मीद है जो मूल रूप से भारतीय वस्तुओं की ख़रीदी से ही होगी। गौरतलब है कि कैट पिछले चार साल से देश में खास तौर पर त्योहारों के समय भारतीय उत्पाद खरीदने के साथ चीनी सामान के बहिष्कार की सफल मुहिम चला रहा है।




# सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत


**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन के पहले दिन घरेलू सर्राफा बाजार में आज जोरदार तेजी नजर आई। सोने की कीमत में आज 1,150 रुपये से लेकर 1,040 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। इसी तरह चांदी भी आज 1,900 रुपये से लेकर 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गया है। आज की तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये के स्तर के काफी करीब पहुंच गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,700 रुपये के स्तर को पार कर गया है। आज सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,920 रुपये से लेकर 72,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,850 रुपये से लेकर 66,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 86,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह चेन्नई में भी 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 65,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## कैंसर का सबसे गंभीर प्रकार है Blood Cancer, शरीर में नजर आ रहे 5 संकेतों को गलती से भी न करें इग्नोर



**Cancer एक गंभीर बीमारी है जो दुनियाभर में चिंता का विषय बनी हुई है। पूरी दुनिया में कई लोग इस जानलेवा बीमारी से प्रभावित है। इस बीमारी के कई प्रकार होते हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते हैं। Blood Cancer इन्हीं में से एक है जो इस बीमारी का एक बेहद गंभीर प्रकार है। आइए जानते हैं इसके कुछ प्रमुख लक्षण है-**

शब्द सुनते ही सबके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कैंसर किसी भी प्रकार का हो, ये एक खतरनाक बीमारी है, जिसका समय से पता चलना बहुत ही मायने रखता है। कैंसर के कई स्टेज होते हैं, जिसमें शुरुआती स्टेज पर इसकी पहचान हो जाना एक उपलब्धि है। ब्लड कैंसर (Blood Cancer) इस जानलेवा बीमारी का एक बेहद गंभीर प्रकार है, जो हमारे ब्लड और बोन मैरो को प्रभावित करता है। ये ब्लड सेल के डीएनए में बदलाव और म्यूटेशन के कारण शुरू होता है।

ये मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं, ल्यूकीमिया, लिंफोमा और मायलोमा। दुनिया में लगभग हर 3 मिनट पर एक ब्लड कैंसर के मरीज की पहचान होती है। ऐसे में इस साइलेंट किलर के रेड फ्लैग पहचानना बहुत जरूरी है, जिससे समय रहते सही बचाव और इलाज किया जा सके। इसलिए शरीर में नजर आने वाले इन 5 संकेतों भूलकर भी इग्नोर न करें-

**सांस फूलना और थकान**

अगर आपको थकान के साथ ही सांस फूलने की परेशान आ रही हैं, तो सतर्क हो जाए। रेड ब्लड सेल की संख्या घटने के कारण शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है, जिससे सांस फूलती है। एनीमिया होने के कारण हर समय थकान और स्किन में पीलापन भी छाया रहता है।

**स्किन रैश**

बिना किसी कारण त्वचा में कहीं भी लाल रैश, चोट, ब्रूज आदि का होना भी ब्लड कैंसर का संकेत हो सकता है। ऐसा प्लेटलेट का प्रोडक्शन कम होने के कारण होता है, जिसकी वजह से अनावश्यक ब्लीडिंग हो जाती है और ये समस्या होती है।

**लगातार फीवर और इन्फेक्शन**

व्हाइट ब्लड सेल की संख्या कम होने के कारण शरीर इन्फेक्शन से लड़ने में असमर्थ होता है, जिससे बार-बार फीवर हो सकता है और साथ ही तेजी से इन्फेक्शन भी होने लगता है।

**सूजन या गांठ**

लिंफ नोड्स में कैंसर सेल मौजूद होने के कारण ये असामान्य रूप से विकसित होती हैं, जिससे शरीर के कुछ विशेष हिस्सों में सूजन या गांठ जैसा महसूस हो सकता है। ऐसा गर्दन, आर्मपिट या ग्रोइन जैसे हिस्सों में होना संभव है।

**रात में पसीना आना और वजन घटना**

कैंसर सेल साइटोकाइन लेवल को बढ़ाते हैं, जिससे रात में पसीना आता है। इसे नाइट स्वेट कहते हैं। साथ ही कैंसर के तोड़ने वाले कैटाबोलिक नेचर के कारण भूख कम लगती है, जिससे वजन कम होने लगता है।

# भारत के लिए क्यों जरूरी है सेक्युलर सिविल कोड अलग-अलग पर्सनल लॉ के चलते क्या हो रही हैं परेशानियां



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता (एससीसी) की जोरदार वकालत करते हुए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और इसके बारे में उच्चतम न्यायालय के आदेशों का उल्लेख किया तथा इस विषय पर देश में गंभीर चर्चा की जरूरत पर बल दिया। इसके बाद से देश में सेक्युलर सिविल कोड के मुद्दे पर चर्चा शुरू हो गयी है। जहां विपक्ष कह रहा है कि ना तो भाजपा सेक्युलर है और ना ही सिविल है वहीं सत्तारुढ़ एनडीए में शामिल दलों का कहना है कि प्रधानमंत्री के प्रस्ताव का स्वागत किया जाना चाहिए और इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाना चाहिए क्योंकि हमारा संविधान यही कहता है कि सभी देशवासियों के लिए एक ही नागरिक संहिता होनी चाहिए।आइए पहले समझते हैं कि देश में अलग-अलग ÷पर्सनल लॉ÷ लागू होने से क्या परेशानियाँ हैं फिर समझेंगे कि क्यों भारत के लिए जरूरी है समान नागरिक संहिता।

1. मुस्लिम पर्सनल लॉ में बहु-विवाह करने की छूट है लेकिन अन्य धर्मों में %एक पति-एक पत्नी% का नियम बहुत कड़ाई से लागू है। बांझपन या नपुंसकता जैसा उचित और व्यावहारिक कारण होने पर भी हिंदू, ईसाई, पारसी के लिए दूसरा विवाह करना एक गंभीर अपराध है और भारतीय दंड संहिता की धारा 494 में बहुविवाह के लिए 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है इसीलिए कई लोग दूसरा विवाह करने के लिए मुस्लिम धर्म अपना लेते हैं। भारत जैसे सेक्युलर देश में मौज मस्ती के लिए भी चार निकाह जायज है जबकि इस्लामिक देश पाकिस्तान में पहली बीवी की इजाजत के बिना शौहर दूसरा निकाह नहीं कर सकता है। मानव इतिहास में %एक पति- एक पत्नी% का नियम सर्वप्रथम भगवान श्रीराम ने लागू किया था और यह किसी भी प्रकार से धार्मिक या मजहबी विषय नहीं बल्कि ÷सिविल राइट, ह्यूमन राइट, जेंडर जस्टिस, जेंडर इक्वालिटी और राइट टू डिग्निटी÷ का मामला है इसलिए यह जेंडर न्यूट्रल और रिलिजन न्यूट्रल होना चाहिए।

2. कहने को तो भारत में संविधान अर्थात समान विधान है लेकिन विवाह की न्यूनतम उम्र भी सबके लिए समान नहीं है। मुस्लिम लड़कियों की वयस्कता की उम्र निर्धारित नहीं है और माहवारी शुरू होने पर लड़की को निकाह योग्य मान लिया जाता है इसलिए 9 वर्ष की उम्र में लड़कियों का निकाह कर दिया जाता है जबकि अन्य धर्मों में लड़कियों की विवाह की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़कों की विवाह की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष है। विश्व स्वास्थ्य संगठन कई बार कह चुका कि 20 वर्ष से पहले लड़की शारीरिक और मानसिक रूप से परिपक्व नहीं होती है और 20 वर्ष से पहले गर्भधारण करना जच्चा-बच्चा दोनों के लिए अत्यधिक हानिकारक है, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार लड़का हो या लड़की, 21 वर्ष से पहले दोनों ही मानसिक रूप से परिपक्व नहीं होते हैं, 21 वर्ष से पहले तो बच्चे ग्रेजुएशन भी नहीं कर पाते हैं और आर्थिक रूप से माता-पिता पर निर्भर होते हैं इसलिए विवाह की न्यूनतम उम्र सबके लिए एक समान ÷21 वर्ष÷ करना नितांत आवश्यक है। %विवाह की न्यूनतम उम्र% किसी भी तरह से धार्मिक या मजहबी विषय नहीं है बल्कि ÷सिविल राइट, ह्यूमन राइट, जेंडर जस्टिस, जेंडर इक्वालिटी और राइट टू हेल्थ÷ का मामला है इसलिए यह जेंडर न्यूट्रल रिलिजन न्यूट्रल और 21 वर्ष होना चाहिए।

3. तीन तलाक अवैध घोषित होने के बावजूद अन्य प्रकार के मौखिक तलाक (तलाक-ए-हसन एवं तलाक-ए-अहसन) आज भी मान्य है और इसमें भी तलाक का आधार बताने की बाध्यता नहीं है और केवल 3 महीने तक प्रतीक्षा करना है जबकि अन्य धर्मों में केवल न्यायालय के माध्यम से ही विवाह-विच्छेद हो सकता है। हिंदू, ईसाई, पारसी दंपति आपसी सहमति से भी मौखिक विवाह-विच्छेद की सुविधा से वंचित हैं, मुसलमानों में प्रचलित मौखिक तलाक का न्यायपालिका के प्रति जवाबदेही नहीं होने के कारण मुस्लिम बेटियों और उनके माता-पिता भाई-बहन और बच्चों को हमेशा भय के वातावरण में रहना पड़ता है। तुर्की जैसे मुस्लिम बाहुल्य देश में भी अब किसी तरह का मौखिक तलाक मान्य नहीं है इसलिए तलाक लेने का तरीका जेंडर न्यूट्रल रिलिजन न्यूट्रल और सबके लिए यूनिफार्म होना चाहिए।

4. मुस्लिम कानून में मौखिक वसीयत एवं दान मान्य है लेकिन अन्य धर्मों में केवल पंजीकृत वसीयत एवं दान ही मान्य है। मुस्लिम कानून में एक-तिहाई से अधिक संपत्ति का वसीयत नहीं किया जा सकता है जबकि अन्य धर्मों में शत-प्रतिशत संपत्ति का वसीयत किया जा सकता है। वसीयत और दान किसी भी तरह से धार्मिक या मजहबी विषय नहीं है बल्कि ÷सिविल राइट, ह्यूमन राइट, जेंडर जस्टिस, जेंडर इक्वालिटी और राइट टू लिबर्टी÷ का मामला है इसलिए यह जेंडर न्यूट्रल रिलिजन न्यूट्रल और सबके लिए यूनिफार्म होना चाहिए।5. मुस्लिम कानून में %उत्तराधिकार% की व्यवस्था अत्यधिक जटिल है, पैतृक संपत्ति में पुत्र एवं पुत्रियों के अधिकार में अत्यधिक भेदभाव है और अन्य धर्मों में भी विवाहोपरान्त अर्जित संपत्ति में पत्नी के अधिकार अपरिभाषित हैं और उत्तराधिकार के कानून बहुत जटिल है, विवाह के बाद पुत्रियों के पैतृक संपत्ति में अधिकार सुरक्षित रखने की व्यवस्था नहीं है और विवाहोपरान्त अर्जित संपत्ति में पत्नी के अधिकार अपरिभाषित हैं। %उत्तराधिकार% किसी भी तरह से धार्मिक या मजहबी विषय नहीं है बल्कि ÷सिविल राइट, ह्यूमन राइट, जेंडर जस्टिस, जेंडर इक्वालिटी और राइट टू लाइफ÷ का मामला है इसलिए यह भी जेंडर न्यूट्रल रिलिजन न्यूट्रल और सबके लिए यूनिफार्म होना चाहिए।6. विवाह विच्छेद (तलाक) का आधार भी सबके लिए एक समान नहीं है। व्याभिचार के आधार पर मुस्लिम शौहर अपनी बीबी को तलाक दे सकता है लेकिन बीवी अपने शौहर को तलाक नहीं दे सकती है। हिंदू पारसी और ईसाई धर्म में तो व्याभिचार तलाक का ग्राउंड ही नहीं है। कोढ़ जैसी लाइलाज बीमारी के आधार पर हिंदू और ईसाई धर्म में तलाक हो सकता है लेकिन पारसी और मुस्लिम धर्म में नहीं। कम उम्र में विवाह के आधार पर हिंदू धर्म में विवाह विच्छेद हो सकता है लेकिन पारसी ईसाई मुस्लिम में यह संभव नहीं है। %विवाह विच्छेद% किसी भी तरह से धार्मिक या मजहबी विषय नहीं है बल्कि ÷सिविल राइट, ह्यूमन राइट, जेंडर जस्टिस, जेंडर इक्वालिटी और राइट टू लाइफ÷ का मामला है इसलिए यह भी पूर्णतः जेंडर न्यूट्रल रिलिजन न्यूट्रल और सबके लिए यूनिफार्म होना चाहिए।7. गोद लेने और भरण-पोषण करने का नियम भी हिंदू मुस्लिम पारसी ईसाई के लिए अलग-अलग है। मुस्लिम महिला गोद नहीं ले सकती है और अन्य धर्मों में भी पुरुष प्रधानता के साथ गोद लेने की व्यवस्था लागू है। %गोद लेने का अधिकार% किसी भी तरह से धार्मिक या मजहबी विषय नहीं है बल्कि ÷सिविल राइट, ह्यूमन राइट, जेंडर जस्टिस, जेंडर इक्वालिटी और राइट टू लाइफ÷ का मामला है इसलिए यह भी पूर्णतः जेंडर न्यूट्रल रिलिजन न्यूट्रल और सबके लिए यूनिफार्म होना चाहिए।

8. विवाह-विच्छेद के बाद हिंदू बेटियों को तो गुजारा-भत्ता मिलता है लेकिन तलाक के बाद मुस्लिम बेटियों को गुजारा भत्ता नहीं मिलता है। गुजारा-भत्ता किसी भी तरह से धार्मिक या मजहबी विषय नहीं है बल्कि ÷सिविल राइट, ह्यूमन राइट, जेंडर जस्टिस, जेंडर इक्वालिटी और राइट टू लाइफ÷ का मामला है इसलिए यह भी पूर्णतः जेंडर न्यूट्रल रिलिजन न्यूट्रल और सबके लिए यूनिफार्म होना चाहिए। ÷भारतीय दंड संहिता÷ की तर्ज पर सभी नागरिकों के लिए एक समग्र समावेशी और एकीकृत ÷भारतीय नागरिक संहिता÷ लागू होने से विवाह विच्छेद के बाद सभी बहन बेटियों को गुजारा भत्ता मिलेगा, चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान, पारसी हो या ईसाई और धर्म जाति क्षेत्र लिंग आधारित विसंगति समाप्त होगी।9. पैतृक संपत्ति में पुत्र-पुत्री तथा बेटा-बहू को समान अधिकार प्राप्त नहीं है और धर्म क्षेत्र और लिंग आधारित बहुत-सी विसंगतियां व्याप्त हैं। विरासत, वसीयत और संपत्ति का अधिकार किसी भी तरह से धार्मिक या मजहबी विषय नहीं बल्कि ÷सिविल राइट, ह्यूमन राइट, जेंडर जस्टिस, जेंडर इक्वालिटी और राइट टू लाइफ÷ का मामला है इसलिए यह भी पूर्णतः जेंडर न्यूट्रल रिलिजन न्यूट्रल और सबके लिए यूनिफार्म होना चाहिए। ÷भारतीय दंड संहिता÷ की तर्ज पर सभी नागरिकों के लिए एक समग्र समावेशी और एकीकृत ÷भारतीय नागरिक संहिता÷ लागू होने से धर्म क्षेत्र लिंग आधारित विसंगतियां समाप्त होगी और विरासत वसीयत तथा संपत्ति का अधिकार सबके लिए एक समान होगा चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान, पारसी हो या ईसाई।10. अलग-अलग पर्सनल लॉ लागू होने के कारण विवाह-विच्छेद की स्थिति में विवाहोपरांत अर्जित संपत्ति में पति-पत्नी को समान अधिकार नहीं है जबकि यह किसी भी तरह से धार्मिक या मजहबी विषय नहीं बल्कि ÷सिविल राइट, ह्यूमन राइट, जेंडर जस्टिस, जेंडर इक्वालिटी और राइट टू लाइफ÷ का मामला है इसलिए यह भी पूर्णतः जेंडर न्यूट्रल रिलिजन न्यूट्रल और सबके लिए यूनिफार्म होना चाहिए।

## संपादकीय

### जम्मू-कश्मीर में पहली परीक्षा

आखिरकार लंबे इंतजार के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिये चुनावों की घोषणा कर दी गई है। वहीं हरियाणा में एक माह पूर्व चुनाव कराने की घोषणा हुई है। जे एंड के राज्य में तीन चरणों में मतदान 18 व 25 सितंबर व एक अक्तूबर को होगा। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने तीस सितंबर तक राज्य में विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिये थे। उल्लेखनीय है कि जे एंड के में अनुच्छेद 370 निरस्त करने के बाद इसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था। तब से राज्य में राष्ट्रपति शासन चला आ रहा था। बहरहाल, परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब चुनावी परिदृश्य बदल गया है। एक ओर जम्मू क्षेत्र में परिसीमन के बाद विधानसभा सीटों की संख्या 37 से बढ़कर 43 हो गई हैं, वहीं कश्मीर विधानसभा क्षेत्रों की संख्या 46 से बढ़कर 47 हो गई हैं। निश्चित तौर पर परिसीमन से बदलाव का असर राजनीतिक परिदृश्य पर पड़ेगा। लेकिन हाल के दिनों में राज्य में जैसे सिलसिलेवार तरीके से आतंकी हमले हुए हैं, वहां शांतिपूर्ण चुनाव प्रचार व मतदान कराना एक बड़ी चुनौती होगी। हाल के दिनों में आतंकवादियों ने अपनी रणनीति व सक्रियता के क्षेत्रों में बदलाव किया है। वे अब हिंदू-बहुल क्षेत्रों को निशाना बना रहे हैं जहां लंबी शांति व अन्य कारणों से सुरक्षा बलों की संख्या कम की गई थी। वहीं मुस्लिम बहुल कश्मीर में आतंकी गतिविधियां कम नजर आई हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सामने शांतिपूर्ण चुनाव प्रचार व मतदान सुनिश्चित करने की बड़ी चुनौती होगी। निश्चित रूप से भारत विरोधी ताकतें इन चुनावों में बाधा डालने का प्रयास करेंगी। मतदाता निर्भय होकर मतदान करने निकलें इसके लिये अनुकूल माहौल बनाना जरूरी होगा। एक ओर जहां जम्मू में भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला नजर आता है, वहीं दूसरी ओर कश्मीर में मैदान खुला होगा। जहां फारूख अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस तथा महबूबा मुफ्ती की पीडीपी के साथ ही सज्जाद लोन की जेएंडके पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, अल्ताफ बुखारी की जेएंडके अपनी पार्टी व पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद की पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी मैदान में होगी। आशंका है कि कट्टरपंथी रुझान वाले आजाद उम्मीदवार भी मुकाबले में आ सकते हैं।वहीं दूसरी ओर दिल्ली से सटे हरियाणा में भी विधानसभा के लिये चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। यहां एक ही चरण में एक अक्तूबर को चुनाव होंगे और चार अक्तूबर को जम्मू-कश्मीर के साथ ही चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। जाहिरा तौर पर एक दशक से राज्य की सत्ता पर काबिज भाजपा को सत्ता विरोधी लहर का मुकाबला करना पड़ सकता है। जिसकी बानगी पिछले महीनों में हुए लोकसभा चुनावों में नजर आई थी। हालिया लोकसभा चुनाव में पांच सीटें जीतने से उत्साहित कांग्रेस पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। यदि पिछली बार के विधानसभा चुनावों की तरह ही इस बार भी किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो इंडियन नेशनल लोकदल और जननायक जनता पार्टी जैसे दलों की भूमिका किंगमेकर की हो सकती है। दरअसल, हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल तीन नवंबर को खत्म हो रहा है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने मनोहर लाल को मुख्यमंत्री पद से हटाकर नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाया था। लेकिन इसके बावजूद वर्ष 2019 में दस में से दस लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में पांच सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था। इससे पहले बीजेपी व जेजेपी गठबंधन में खटास पड़ गई थी। दुष्यंत चौटाला के अलग होने पर भाजपा ने निर्दलीयों की मदद से सरकार चलाई। बहरहाल, राज्य में भाजपा व कांग्रेस में कड़े मुकाबले का कयास राजनीतिक पंडित लगा रहे हैं। दरअसल, हाल ही में चुनाव आयुक्तों द्वारा चुनाव संबंधी तैयारियों का जायजा लेने के लिये हरियाणा का दौरा करने के बाद संकेत मिलने लगे थे कि जल्दी चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की जा सकती है। हरियाणा के बाईस जिलों में नब्बे सीटों में 73 सामान्य व 17 आरक्षित हैं। राज्य के दो करोड़ के करीब मतदाता नब्बे सीटों पर प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला करेंगे। विश्वास किया जाना चाहिए कि इस चुनाव के जरिये जागरूक मतदाता लोकतांत्रिक परंपराओं को समृद्ध करने में रचनात्मक भूमिका निभाएंगे।

# Vishwakhabram: US से मिले आधुनिक हथियारों को लेकर kraine Ìô Russia के भीतर घुसता ही चला जा रहा है

रूस-यूक्रेन युद्ध के तीसरे वर्ष में युद्ध मैदान के हालात में आये बड़े परिवर्तन ने सबको चौंका दिया है। जिस तरह यूक्रेन रूस को उसके घर में घुसकर मार रहा है उससे समूची दुनिया हैरान रह गयी है। हालांकि यहां एक सवाल यह उठ रहा है कि यूक्रेन अमेरिकी हथियारों के साथ जिस तरह रूस में हमले कर रहा है क्या उससे अमेरिका की हथियार नीति का उल्लंघन नहीं हो रहा है? हम आपको बता दें कि यूक्रेन ने कहा है कि उसके सैनिक 6 अगस्त को घुसपैठ शुरू करने के बाद से अब तक रूस में 35 किमी (21 मील) तक घुस आए हैं। कीव का कहना है कि उसे रूसी भूमि पर कब्जा करने में कोई दिलचस्पी नहीं है और वह अपने सीमावर्ती क्षेत्रों को रूस से बचाने के लिए एक बफर जोन बना रहा है।

दूसरी ओर, अमेरिका का कहना है कि अगर यूक्रेन अमेरिकी हथियारों और वाहनों का उपयोग करके गांवों और अन्य गैर-सैन्य ठिकानों पर कब्जा करना शुरू कर देता है, तो इससे अमेरिकी हथियार नीति पर सवाल उठ सकते हैं। अमेरिका को यह भी चिंता है कि युद्ध में अमेरिका और नाटो देशों के हथियारों का रूस के खिलाफ खुलकर विरोध होने से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भड़क सकते हैं। अमेरिका का कहना है कि वाशिंगटन की हथियार नीति यूक्रेन द्वारा रूस पर आक्रमण करने के लिए नहीं बनाई गई थी। अमेरिका का कहना है कि राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने हमले के समर्थन या विरोध में कोई मजबूत सार्वजनिक रुख नहीं अपनाया है।वैसे अभी यह स्पष्ट नहीं है कि रूस में यूक्रेनी घुसपैठ में कौन से अमेरिका निर्मित हथियार या उपकरण का इस्तेमाल किया गया है। हम आपको बता दें कि फरवरी 2022 में रूस द्वारा अपने पड़ोसी पर आक्रमण करने के बाद से अमेरिका यूक्रेन के साथ मजबूती से खड़ा रहा है और उसे 50 बिलियन डॉलर से अधिक के सैन्य उपकरण प्रदान किए हैं। हालांकि अपने भूराजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रूस के साथ व्यापक संघर्ष से बचने की कोशिश करते हुए, बाइडन प्रशासन ने शुरू में अपने हथियारों के उपयोग पर सख्त शर्तें लगा दीं थीं। लेकिन अब उन शर्तों को धीरे-धीरे ढीला कर दिया गया है। हम आपको यह भी बता दें कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदमीर ज़ेलेंस्की की अपील के बावजूद अमेरिका अभी भी रूसी क्षेत्र पर लंबी दूरी के हमलों के लिए अपने हथियारों के उपयोग की




अनुमति नहीं दे रहा है। वैसे बाइडन प्रशासन ने सार्वजनिक रूप से ÷लंबी दूरी÷ को परिभाषित नहीं किया है। विशेषज्ञों का इस बारे में कहना है कि अमेरिका ने धीरे-धीरे यूक्रेन द्वारा अपने हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंधों में ढील दे दी है, क्योंकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूरोप या अमेरिका के खिलाफ आशंका के मुताबिक अब तक कोई हमला नहीं किया है।हम आपको बता दें कि व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने हाल ही में कहा था कि हम बहुत स्पष्ट और सुसंगत रहे हैं कि हम वास्तव में यूक्रेन को अपनी सीमाओं के अंदर आक्रामकता के खिलाफ खुद का बचाव करने पर ध्यान केंद्रित करते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कि हम यूक्रेन के बाहर हमलों को न तो प्रोत्साहित करते हैं और न ही इसकी अनुमति देते हैं, सिवाय उन आपातकालीन परिस्थितियों के, जहां हमारा मानना है कि सीमा पर वे कुछ आसन्न खतरों का सामना कर रहे हैं।हम आपको बता दें कि यूक्रेन ने सीमा पार से बिजली की तेजी से रूस पर हमला किया था। अब यूक्रेनी सैनिक बड़े जोखिम के साथ आगे बढ़ रहे हैं और रूस को वापस अपने पैर जमाने से रोकना चाहते हैं। बताया जा रहा है कि यूक्रेन ने पिछले हफ्ते पश्चिमी रूसी क्षेत्र कुर्स्क में हजारों सैनिकों को तैनात किया। यूक्रेन ने अपने सैनिकों द्वारा जब्त किए गए शहरों में रूसी झंडे उतार दिए और पहली बार युद्ध में मास्को पर बढ़त बना ली। इस बारे में कीव में अधिकारियों ने कहा है कि यूक्रेन अपने उत्तर को रूसी हमलों से बचाने के लिए जब्त किए गए रूसी क्षेत्र को ÷बफर ज़ोन÷ के रूप में उपयोग करेगा। यूक्रेनी सशस्त्र बलों के प्रमुख ऑलेक्ज़ेंडर सिर्स्की ने कहा है कि कीव ने कुर्स्क के कब्जे वाले हिस्से में एक सैन्य कमांडेंट का कार्यालय स्थापित किया है। सिर्स्की ने कहा है कि कब्ज़ा किया गया क्षेत्र 1,150 वर्ग किमी से अधिक है। इस बीच, पूर्व यूक्रेनी रक्षा मंत्री एंड्री ज़ागोरोड्न्युक ने एक साक्षात्कार में कहा है कि कुर्स्क में यूक्रेन का लक्ष्य यह भी है कि डोनबास के पूर्वी यूक्रेनी क्षेत्र से रूसी सेना को भगाया जाये जहां उसने लगातार बढ़त हासिल की है।इस बीच, रूस ने कहा है कि वह सीमा सुरक्षा बढ़ाएगा, कमान और नियंत्रण में सुधार करेगा और कुर्स्क में यूक्रेनी घुसपैठ के बाद अतिरिक्त बल भेजेगा। इसके साथ ही रूस ने यूक्रेन द्वारा पश्चिमी हथियारों के इस्तेमाल के खिलाफ भी चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के उपर राजदूत दिमित्री पोलांस्की ने कहा है कि कुर्स्क में, यूक्रेन में या कहीं और अमेरिकी हथियारों का उपयोग अगर होता है तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। हम आपको बता दें कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए यह हमला बड़ा झटका तो है ही साथ ही, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से रूस पर सबसे बड़ा आक्रमण है जिसने रूसी सेनाओं की प्रतिष्ठा को नष्ट कर दिया है। रूसी अधिकारियों ने कहा है कि रूसी क्षेत्र पर यूक्रेनी हमला एक ÷आतंकवादी आक्रमण÷ है क्योंकि नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। पुतिन ने कहा कि रूस हमले का ÷उचित जवाब÷ देगा लेकिन पहला काम रूसी क्षेत्र से सभी यूक्रेनी सैनिकों को बाहर निकालना है। पुतिन ने कहा है कि यूक्रेन शांति वार्ता में सौदेबाजी के लिए इस क्षेत्र को अपने कब्जे में लेना चाहता है।बहरहाल, यह भी माना जा रहा है कि रूसी भूमि के एक बड़े हिस्से पर कब्ज़ा करने की कोशिश करने से यूक्रेनी सेना को संभावित रूप से भारी नुकसान हो सकता है। ऐस इसलिए क्योंकि इस क्षेत्र की जनता यूक्रेन को एक बड़े दुश्मन के रूप में देखती है। युद्धों का इतिहास रहा है कि जब तक कब्जाये गये इलाके के लोग आक्रमणकारी के खिलाफ होंगे तब तक उस क्षेत्र पर ज्यादा समय कब्जा नहीं रखा जा सकता।

## आपकी पर्सनालिटी के बारे में बहुत कुछ बताता है

# बैग कैरी करने का तरीका

हमारी जिंदगी में बहुत सी चीजें ऐसी होती है, जिन्हे कैरी करने के तरीके से हमारी पर्सनालिटी के बारे में बहुत कुछ पता चलता है, कि हमारी पर्सनालिटी कैसी है। इन्हीं चीजों में से एक है हमारे बैग कैरी करने की आदत। अगर आपको लगता है कि बैग को किसी भी तरह कैरी करो क्या फर्क पड़ता है, तो आपको इस बारे में एक बार और सोचने की ज़ुरुरत है। यही तरीका आपके बारे में बहुत कुछ कहता है।

तो आईए जानते है कि बैग कैरी करने का आपका तरीका आपके बारे में क्या कहता है।

### 1. कंधे पर (आप काफी प्रोफेशनल)

अगर आपको कंधे पर बैग कैरी करना अच्छा लगता है, तो आप उन औरतें में से एक है जो काम और फैमिली दोनों को एक साथ हैंडल करके चलती हैं और जो काफी व्यस्त रहती हैं। आप दिखावे में यकीन नहीं करती हैं और आप काफी प्रैक्टिकल इंसान हैं। आप फैशन से ज़्यादा अपने काम पर फोकस करना पसंद है।

### 2. हाथ में पकड़कर (आप है एक प्रिंसेज़)

अगर आप अपना बैग हाथ में पकड़ती है, तोआपको ऐश-ओ-आराम की लाइफ और लोगों की नज़र में बने रहना पसंद है। आपको महंगे लेकिन छोटे क्लचेज़ कैरी करना काफी अच्छा लगता है। पार्टीज़ या वीआइपी इवेंट्स आपके लिए ही बने हैं। आपके आस-पास आपके हेवी स्टफ्स कैरी करने के लिए हमेशा कोई न कोई रहता ही है, क्योंकि आप किसी प्रिंसेज़ से कम नहीं हैं।

### 3. बांह के नीचे (आप हैं एक ऑब्ज़र्वर)

आज भी पुराने ज़माने की कई औरतें अपने बैग को बांह के नीचे दबाकर रखती हैं। अगर आप भी ऐसा ही करती हैं तो आप उन औरतों में से हैं, जो लोगों से आसानी से घुलती-मिलती नहीं हैं और उनसे दूरी बनाकर रखती हैं।

### 4. क्रास-बॉडी स्लिंग बैग (आप हैं एक हिप्पी)

आपको टेंशन-फ्री लाइफ जीना पसंद है। आपके लिए कुछ भी नामुमकिन नहीं है। आपको घूमने-फिरने के अलावा आत्मनिर्भर रहना पसंद है। किसी भी काम में आप अपने आराम और सहूलियत का सबसे ज़्यादा ख्याल रखती हैं। वहीं, आपको खुद को और अपनी ज़रूरी चीज़ों को बचाकर रखना भी बहुत अच्छे से आता है।

### 5. हैंडल से पकड़कर (आप हैं एक अचीवर)

आपका पर्सनल स्टाइल आपके सोशल और प्रोफेशनल ग्रोथ के बारे में बखूबी बताता है। आपको काम करना पसंद है और आपकी काबिलियत के बारे में सभी अच्छे से जानते हैं. आपके अंदर कॉन्फिडेंस की कमी नहीं है और अपनी कामयाबी को लेकर आप काफी अलर्ट रहती हैं। आपको अच्छी चीज़ों की पहचान है और आपको महंगी चीज़े काफी पसंद आती हैं।

### 6. बैगपैक्स (आप हैं काफी कूल)

फैसले लेने की आपकी क्षमता काफी अच्छी है और कम समय में बनाए गए प्लैन के लिए आप हमेशा तैयार रहती हैं। आपको आरामदायक फैशन पसंद है। आपको घूमना काफी पसंद है। आपको अपने स्टाइल में थोड़ा क्र्की टच डालकर कूल स्टाइल स्टेटमेंट बनाना पसंद आता है।







## ये हैं लेटेस्ट डिजाइन की ड्रेसेज, जो आपको देगी कूल और डिसेंट लुक

आजकल यंगस्टर्स ज्यादातर सेलिब्रेशन में लेटेस्ट फैशन को अपना रहे है। वह हर पार्टी में अलग- अलग स्टाइल की ड्रेसस पहनते है। जैसे कि लड़कियां लॉन्ग टॉप्स, शॉर्ट मिडी और लाइक्रा ड्रेस को काफी पसंद करती है। वह पार्टी में सबसे खूबसूरत दिखने के लिए सिल्वर और गोल्डन कलर में ड्रेसेज डिजाइन की हुई ही पहनती है। आइए जानते है इन ड्रेसेज के बारे में...

**– लांग टॉप**

लांग टॉप हमेशा ही डीप लेंथ का होता है। आप इसे किसी स्पेशल ओकेजंस में लेगिंग्स, जेगिंग्स और जींस के साथ मैच कर के डाल सकते है। मलमल कॉटन से बनाया गया है इसलिए यह रात के समय चमकता है।

**– मक्खी नेट शॉर्ट्स**

इन दिनों बाजार में मक्खी नेट शॉट्स का फैशन बहुत चल रहा है। इसे पहन कर आप बहुत ही कूल और डिसेंट दिखेगी। नेट शॉर्ट्स को पहनना बहुत ही अरामदायक है।

**– शॉर्ट मिडी**

आजकल बाजार में शॉर्ट मिडी का फैशन बहुत देखने को मिल रहा है। इसे आप वन पीस ड्रेस में भी पहन सकती है। पर अगर आप इसे जींस, लेगिंग्स या जेगिंग्स के साथ पहेनेगे तो आप ज्यादा कम्फर्टेबल महसूस करेंगे।



**– वेल्वेट ड्रेसेस**

आजकल हर पार्टी के लिए लाइक्रा और वेलवेट ड्रेसेस पसंद की जा रही है। इन पर फिल पैटर्न में डिजाइन बहुत ही अच्छी लगती है। बाजार में ईवनिंग गाउन से लेकर, वन पीस ड्रेसेस, स्कर्ट्स ज्यादातर ड्रेसेस फिल पैटर्न में अवेलेबल हैं।

## व्हाइट टी-शर्ट और इसे पहनने के 4 तरीके !

आम दिनों में, जब आप जल्दी में रहती हैं या फिर सोने जा रही होती हैं तो एक आउटफिट जो आपके वॉडरोब में ज़रूर मौजूद रहता है और हर बार आप उसे ही चुनती हैं वो है व्हाइट टी-शर्ट। पर क्या आपने कभी सोचा है कि ये सिंपल सा दिखने वाला गारमेंट, कई बेहतरीन तरीके से स्टाइल किया जा सकता है। बस ज़रूरत है तो इसे सही लोअर्स, हील्स और एक्सेसरीज़ के साथ पेयर करने की और विश्वास करें आप हमारे इस आइडियाज़ के लिए शुक्रगुज़ार होंगी।

- स्कर्ट के साथ एक व्हाइट टी-शर्ट के साथ स्कर्ट आपको सेक्सी लुक देने का काम करेगी। अगर आप किसी फॉर्मल नाइट आउट के लिए जा रही हैं तो इसे एक घेरेदार स्कर्ट के साथ पेयर करें। एक टी-लेंथ या हाई वेस्ट ब्लैक लेदर पेंसिल स्कर्ट ज़्यादा बेहतर लगेगी। अपने लुक को थोड़ा ग्लैमरस बनाने के लिए इसे हील्स और बेल्ट के साथ पेयर करें।



- डेनिम के साथ आमतौर पर व्हाइट टी-शर्ट को डेनिम के साथ पहनना काफी आसान और आम चॉइस है (ध्यान दें बोरिंग नहीं)। लेकिन हम कहेंगे कि आप जो भी डेनिम चुनने वाली उसके साथ थोड़ा एक्सपेरिमेंट करें। पार्टी के लिए, एक ब्लैक डेनिम और पॉइंटेड पम्पस को निकालें और इसे पेयर करें व्हाइट टी-शर्ट के साथ।

- शॉर्ट्स के साथ शॉर्ट्स को एक सिंपल आउटफिट माना जाता है, लेकिन आप बेवकूफ न बनें और एक सही शॉर्ट्स के साथ व्हाइट टी-शर्ट को पेयर कर पाएं हॉट लुक। सिंपल और मुलायम शॉर्ट्स जो आप घर पर पहनती है, को भूल जाइए। इसकी जगह एक सेक्सी सी सीक्विन्ड शॉर्ट्स या डेनिम शॉर्ट्स को कॉर्सेट पम्प्स (टाइ-अप पम्पस) या ग्लैडिएटर हील्स के साथ पहनें।

- ट्राउजर के साथ

जी हां! फॉर्मल होने के बावजूद भी ट्राउज़र से आप स्मार्ट और स्टाइलिश लुक पा सकती हैं, इसे एक व्हाइट टी-शर्ट के साथ पेयर करके एक वॉल्यूमिनस वाइड-लेग्ड ट्राउज़र या एंकल लेंथ के साथ व्हाइट शर्ट को टक इन करके पहने।

## Floral saree पहन कर खुद को दिखाएं Stylish



साड़ी इंडियन औरतों का ड्रैस कोड है जो पूरी दुनिया में सबसे लंबे और पुराने परिधानों में शामिल हैं। इस ट्रैडिशनल आउटफिट में औरतें बेहद खूबसूरत दिखती हैं,जिसमें उनकी हाइड लंबी और फिगर स्लिम नजर आता है। साड़ी वियर करने का तरीका आपके ट्रैडीशन और फैशन ट्रैंड पर निर्भर करता है। कांजीवरम साड़ी, बनारसी साड़ी, पटोला साड़ी और रशमी साड़ियां काफी मशहूर रही हैं।

अगर आप फैमिली फंक्शन या पार्टी में ज्यादातर साड़ी को ही प्रेफर करती हैं तो हर बार एक ही तरह की स्टाइल की साड़ी पहनना छोड़कर स्टाइलिश साड़ी बांधना शुरू करें। अब तो साड़ी बहुत यूनिक तरीकों से वियर की जाने लगी है। पिनअप साड़ी, लहंगा स्टाइल, मुमताज स्टाइल, बंगाली या वेस्टर्न लुक के साथ मेशअप की गई धोती स्टाइल साड़ी लेकिन आपको यह पता होना चाहिए कि आप पर किस तरह का स्टाइल सूट करेगा। अगर आप हैल्दी हैं तो धोती स्टाइल साड़ी पहनने की गलती न करें क्योंकि यह स्लिम बॉडी पर सूट करती है। हैल्दी औरतें इसमें ज्यादा मोटी दिखाई देती हैं। - फैमिली फंक्शन पर खुद को डिसेंट सी लुक देना चाहती हैं तो प्लेन साड़ी पर बॉर्डर के साथ हैवी पल्लू वाली साड़ी पहन सकते हैं। अगर आप बिलकुल प्लेन सिल्क साड़ी पहनने जा रही हैं तो ब्लाउज फुल स्लिव और एम्ब्रायडरी वाला हो।

-नेट और फ्लोरल प्रिंटेड साड़ियां भी इन दिनों लड़कियों को खूब भा रही हैं। प्लेन साड़ी के साथ हैवी एम्ब्रायडरी वाले ब्लाउज अच्छे खासे ट्रैंड में हैं। फुल लेयरिंग वाली साड़ी आपकी पर्सनैलिटी में चार चांद लगा देती है। अगर आपको लगता है कि आप साड़ी को ज्यादा देर तक संभाल नहीं सकती तो पिनअप या पहले से ही स्टीच की गई साड़ी पहनना सबसे बेस्ट हैं। - धोती साड़ी में आपको वेस्टर्न टच साफ दिखाई देगा। इसके साथ ब्लाउच की जगह पर आप एम्ब्रायडरी वाला टॉप भी पहन सकते हैं। यह लुक आपको सबसे यूनिक बनाएंगी। फ्लोरल साड़ी में सोनम कपूर मशहूर एक्टर अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर ने अपने स्टाइल और फैशन स्टेटमेंट के दम पर बॉलीवुड में कदम रखा और अपनी अलग पहचान बनाई। स्टाइल आइकन सोनम कपूर अपनी ड्रेसिंग सेंस के लिए काफी मशहूर हैं। साल 2016 में बेस्ट ड्रैसेज के तौर पर उनका नाम बहुत सारी मैगजीन में शामिल किया गया। उन्होंने हर तरह के फैशन और स्टाइल अपनाया जो उनकी लुक को बेहद सूट भी किया।

साड़ी में भी वह बेहद खूबसूरत और सैक्सी लुक में दिखती हैं। हाल ही में अपनी नई मूवी नीरजा की प्रमोशन के दौरान वह यैलो और लाइम ग्रीन फ्लोरल साड़ी में नजर आई, जिसमें वह काफी खूबसूरत लग रही थी। फ्लोरल साड़ी के साथ उन्होंने फुल एम्ब्रायडरी वर्क वाला न्यूड ब्लाउज वियर किया था जो बेहद स्टाइलिश दिख रहा था। आप भी किसी खास फंक्शन में अगर हल्की-फुल्की साड़ी पहना चाहती हैं तो फ्लोरल साड़ी के साथ स्टाइलिश सा ब्लाउज कैरी करें।

# हेल्थ प्लस

## प्री प्रेग्नेंसी काउंसलिंग

प्रेग्नेंसी के दौरान सेहत व खानपान के लिए डॉक्टर की सलाह जितनी जरूरी है, उतनी ही महत्वपूर्ण है प्री प्रेग्नेंसी काउंसलिंग। इसलिए अगर आप अपना परिवार बढ़ाने के बारे में सोच रही हैं, तो डॉक्टर से इसके बारे में कंसल्ट जरूर करें...



**स्वस्थ** शिशु के जन्म के लिए यह बहुत जरूरी है कि प्रेग्नेंसी प्लान करने से पहले पति-पत्नी दोनों स्त्री रोग विशेषज्ञ से मिलकर इस संबंध में सारी बातें जान लें। जब आप अपना परिवार बढ़ाने की प्लानिंग करें, तब कम से कम तीन महीने पहले से आपको इसके लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

**खानपान**

स्वस्थ शिशु के जन्म के लिए यह बहुत जरूरी है कि गर्भधारण से पहले अपने खानपान की ओर खास ध्यान दें। रोजाना के भोजन में कैल्शियम, आयरन और प्रोटीन की मात्रा बढ़ाएं। हरी पत्तेदार सब्जियों, फलों व मिल्क प्रॉडक्ट्स का सेवन बढ़ाएं। अगर डायबिटीज या हाई ब्लड प्रैशर की फैमिली हिस्ट्री हो, तो डाइट में मीठे व नमक का सेवन कम कर दें। फ्राइड, स्पाइसी और फास्ट फूड से कुछ समय के लिए दूरी बना लें।

**सप्लीमेंट्स**

कंसीव करने के कम से कम तीन महीने पहले से डॉक्टर की सलाह के अनुसार फॉलिक एसिड का सेवन शुरू कर देना चाहिए, क्योंकि सबसे पहले बच्चे के मस्तिष्क और उसकी रीढ की हड्डी का निर्माण शुरू होता है और इसे बनाने में फॉलिक एसिड की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसकी कमी से बच्चे को नर्वस सिस्टम से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं।

ज्यादातर स्त्रियों को एनीमिया की समस्या होती है। हीमॉग्लोबिन की कमी के कारण मां की जान को खतरा हो सकता है, अबॉर्शन हो सकता है, बच्चे में जन्मजात नुकस हो सकते हैं और बच्चे का विकास भी प्रभावित हो सकता है। इसलिए यदि आप एनीमिक हैं, तो डॉक्टर की सलाह से आयरन सप्लीमेंट व विटामिन बी 12 अवश्य लें।

**वैक्सीनेशन**

अगर किसी स्त्री को रूबेला का वैक्सीन नहीं लगा हो, तो कंसीव करने से पहले उसे यह टीका लगवा लेना चाहिए। सर्विक्स और हैपेटाइटिस की वैक्सीन भी यदि न लगी हो, तो वो भी लगवा लें। लेकिन ये वैक्सीन लगवाने के बाद कम से कम तीन महीने तक प्रेग्नेंसी के लिए कोशिश नहीं करनी चाहिए।

**जनरल टैस्ट**

**एचआईवी:** पति-पत्नी दोनों के लिए एचआईवी टैस्ट करवाना जरूरी है, क्योंकि अगर मां एचआईवी पॉजीटिव हो, तो बच्चे को भी इसका खतरा रहता है।

**ब्लड ग्रुप:** पति-पत्नी दोनों के ब्लड ग्रुप्स की जांच होनी चाहिए। यदि स्त्री का ब्लड ग्रुप नैगेटिव हो, तो प्रेग्नेंसी के दौरान खास एहतियात बरतना पड़ता है।

**हैपेटाइटिस बी:** पति-पत्नी दोनों को हैपेटाइटिस बी की जांच करवानी चाहिए और इसके टीके भी जरूर लगवा लेने चाहिए।

**डायबिटीज:** स्त्री के लिए डायबिटीज की जांच बहुत जरूरी है, क्योंकि अगर मां को यह समस्या हो, तो प्रेग्नेंसी के दौरान मां व बच्चे दोनों को कई तरह की सेहत संबंधी दिक्कतें पेश आ सकती हैं।

**हाई ब्लड प्रैशर:** हाई ब्लड प्रैशर के कारण बच्चे की ग्रोथ पर असर पड़ता है व मिसकैरेज का खतरा बढ़ जाता है। यदि आपका वजन अधिक है या हाई ब्लड प्रैशर की फैमिली हिस्ट्री है, तो पहले वजन कम करें।

**हाइपोथाइरॉइड:** हाइपोथाइरॉइड के कारण कंसीव करने में परेशानी हो सकती है, बच्चे की ग्रोथ व ब्रेन की डिवैलपमेंट पर असर पड़ सकता है और मिसकैरेज की संभावना भी बनी रहती है।

**सिफलिस:** कंसीव करने से पहले स्त्री के लिए सिफलिस की जांच जरूरी है, क्योंकि इससे डिलिवरी के समय कई तरह की समस्याएं आ सकती हैं।

**आनुवांशिक बीमारियों की जांच**

अगर आपके या पति के परिवार में किसी खास बीमारी की फैमिली हिस्ट्री रही हो, तो उसके बारे में डॉक्टर को जरूर बताएं। गर्भधारण से पहले पति-पत्नी दोनों को थैलेसीमिया की जांच जरूर करवानी चाहिए। यह आनुवांशिक बीमारी है। अगर पति-पत्नी दोनों को माइनर थैलेसीमिया हो, तो बच्चे को मेजर थैलेसीमिया होने का खतरा होता है, जोकि एक गंभीर बीमारी है। इसमें रोगी को हर तीन महीने के अंतराल पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन की जरूरत होती है।

**वजन करें नॉर्मल**

मां बनने की कोशिश करने से पहले हर स्त्री को अपने वजन पर ध्यान देना चाहिए। ओवरवेट या अत्यधिक दुबलेपन के कारण गर्भधारण में भी मुश्किलें आ सकती हैं। अगर स्त्री का वजन बहुत ज्यादा हो, तो प्रीमेच्योर डिलिवरी की आशंका बनी रहती है, जबकि कम वजन के कारण प्रेग्नेंसी के दौरान कई तरह की सेहत संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**लाइफ स्टाइल**

पति-पत्नी दोनों ही एल्कोहल और सिगरेट से दूर रहें। इनके सेवन से पुरुषों में स्पर्म काउंट कम हो जाता है। इससे शारीरिक व मानसिक रूप से विकृत शिशु के जन्म या मिसकैरेज की आशंका रहती है।


**...अगर ले रही हों कंट्रासैप्टिव**

गर्भनिरोधक गोलियों के सेवन के दौरान रोजाना एक गोली फॉलिक एसिड की जरूर लेनी चाहिए। जब कंसीव करने की इच्छा हो, तो गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन बंद कर देना चाहिए, पर फॉलिक एसिड की गोली लेते रहें।

**मत छिपाएं कोई बात**

बच्चे की प्लानिंग करते समय यदि किसी भी हैल्थ प्रॉब्लम के लिए आप कोई मैडिसिन ले रही हैं, तो डॉक्टर को इसके बारे में जरूर बताएं। ये बच्चे की डिवैलपमेंट पर बुरा असर डाल सकती हैं। मैडिसिन का कोर्स पूरा होने के बाद ही कंसीव करने की प्लानिंग करें। अगर आप दोनों के परिवारों में से किसी को डाउन सिंड्रोम, डिप्रैशन या मनोवैज्ञानिक समस्या हो, तो डॉक्टर को जरूर बताएं। इनके कारण जन्म से पहले व बाद में भी शिशु और मां दोनों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## शादी बढ़ाती है कैंसर से लड़ने की क्षमता



**संभवत:** विवाह टूटने का तनाव कैंसर से लड़ने की क्षमता कम करता है। एक नए शोध के अनुसार विवाहित लोगों में कैंसर का सामना करने की संभावना अधिक होती है, जबकि ऐसे लोगों के लिए कैंसर से बचना मुश्किल हो सकता है, जिनकी शादी टूटने की स्थिति में है। अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी ने 1973 से 2004 के बीच 38 लाख कैंसर रोगियों के आंकड़ों का अध्ययन करने के बाद ये निष्कर्ष निकाला है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि शादीशुदा कैंसर रोगियों की रोग होने के बाद पांच साल तक जीवित रह पाने की संभावना 63 फीसदी होती है। लेकिन इसकी तुलना में ऐसे विवाहित लोगों के कैंसर से पांच साल तक लड़ पाने की संभावना 45 फीसदी होती है जिनकी शादी टूटने के कगार पर है।

विज्ञान जर्नल कैंसर में प्रकाशित होनेवाली शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि संभवत: शादी टूटने के तनाव के कारण रोगियों की कैंसर से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है।

इसके पहले भी शादी और सेहत को लेकर कई अध्ययन किए गए हैं। इनमें कई स्टडीज में पाया गया है कि जीवनसाथी का प्यार और साथ रोग से लड़ने के लिए बहुत जरूरी होता है।

शोधकर्ताओं ने अध्ययन के दौरान विवाहित, अविवाहित, विधवा-विधुर, तलाकशुदा और शादी टूटने की स्थिति वाले कैंसर रोगियों के बारे में स्टडी की और यह पता लगाने की कोशिश कि इनमें से कितने लोग कैंसर के बाद पांच से 10 साल तक जीवित रहे। उन्होंने पाया कि विवाहित व अविवाहित रोगियों के कैंसर से लड़ पाने की संभावना सबसे अधिक रही। उनके बाद तलाकशुदा व विधवा-विधुर रोगियों का स्थान आता है।

इस शोध की मुख्य वैज्ञानिक डॉक्टर ग्वेन स्प्रेन ने कहा कि इस अध्ययन से यह पता चलता है कि कैंसर रोगियों में ऐसे लोगों पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए जिनकी शादी टूटने वाली है। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस दिशा में और अध्ययन किए जाने की जरूरत है। शादी टूटने की स्थिति वाले रोगियों के कैंसर से लड़ पाने की क्षमता कम होने के और भी कई कारण हो सकते हैं।

## जब बात हो डिनर की

**भागदौड़** भरी जिंदगी में सारा दिन घर और ऑफिस का काम करने के बाद कई बार महिलाएं इतना थक जाती हैं कि वे डिनर बनाने से मुक्ति पाना चाहती हैं। इसके लिए सबसे आसान उपाय रहता है या तो बाहर रेस्तरां में खाना खाया जाए या फिर फास्ट फूड से गुजारा चलाया जाए। लेकिन ये दोनों ही ऑप्शन सेहत के लिए खराब हैं। इनसे हमारी भूख तो मिट जाती है, पर शरीर कई बीमारियों का शिकार हो जाता है।

खाना केवल पेट भरने के लिए ही नहीं खाया जाता, बल्कि अच्छी सेहत के लिए खाया जाना चाहिए। कामकाजी दम्पति नाश्ता तो जल्दबाजी में कर लेते हैं, लंच भी ऑफिस में ही हो जाता है, पर डिनर में वे पोषक तत्वों का ध्यान रख सकते हैं। डिनर संतुलित और पौष्टिक होना चाहिए। याद रखें काम का चाहे कितना भी बोझ क्यों न हो, सड़क के किनारे बिकने वाला खाना खाने से बचें।



डिनर के मेन्यू में कुछ बातों का ध्यान रखकर आप हैल्दी जिंदगी इंजॉय कर सकते हैं:

- सोने से कम से कम दो घंटे पहले डिनर जरूर कर लें। डिनर में कम लेकिन न्यूट्रिशस फूड आइट्म्स ही लें, क्योंकि इससे दिनभर की थकान से टैंस हुए मसल्स को रिलैक्स होने में मदद करती है।
- डिनर हमेशा लाइट लें, हैवी डिनर आपको ड्राउजी बना देता है और आपको कम्फर्टेबल व साउंड नींद नहीं आती।
- क्रीमी सूप, वाइट ब्रेड, सफेद चावल, पेस्ट्री, पिज्जा और बचेखुचे खाने आदि से परहेज करें। इनमें पोषक तत्व नामात्र होते हैं और ये स्लीप पैटर्न को खराब करते हैं।
- तला-भुना खाना न खाएं, इससे गैस, हार्ट बर्न व इन्डाइजैशन होती है। इसके बजाय ग्रिल्ड, बेक्ड और उबला हुआ खाना खाएं।
- चीनी युक्त चीजों का सेवन कम करें, क्योंकि ये आपके शरीर के शुगर लैवल को बढ़ा सकती हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 2561




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 2560 का हल



## लॉफिंग ज़ोन



पुलिस अधिकारी ने अभियुक्त से पूछा, 'क्या तुम लिख-पढ़ सकते हो?'

अभियुक्त ने कहा, 'लिख सकता हूं, पढ़ नहीं सकता.'

'अच्छा, इस कागज पर अपना नाम लिखो.' पुलिस अधिकारी ने उसे आदेश दिया. अभियुक्त ने कुछ आड़ी-तिरछी रेखाएं खीच दी. इस पर पुलिस अधिकारी ने खीझकर कहा, 'यह क्या लिखा है?'

अभियुक्त - 'सर, मैंने पहले ही कहा था कि मै लिख सकता हूं, लेकिन पढ़ नहीं सकता.'

☺ ☺ ☺

रेलवे स्टेशन पर प्रेमी अपनी प्रेमिका को शादी के लिए मना रहा था. जब प्रेमिका नहीं मानी तो उसने खीझकर कहा, 'ठीक है, अगर तुम मुझसे शादी नहीं करोगी तो मै आने वाली गाड़ी से कटकर मर जाऊंगा.'

प्रेमिका ने भी सिर झटकते हुए कहा, 'पहले मुझे सोचने का समय तो दो. गाड़ी का क्या है वह तो हर आधे घंटे में आती है.'


☺ ☺ ☺

एक भिखारी ने महिला से कहा, 'बहन जी! इस गरीब लाचार की मदद करो.'

महिला ने जवाब दिया, 'लेकिन तुम्हारे हाथ-पैर तो सब सलामत है फिर तुम लाचार कैसे हो गये?'

भिखारी ने जवाब दिया, 'अपनी आदत से.'

## फिल्म वर्ग पहेली - 2561



**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, करीना की 'जिसे तू ना मिला उसे कुछ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कितनी खूबसूरत ये' गीत वाली अमिताभ, विनोद, राखी की फिल्म-४
६. 'दिल विल प्यार व्यार' में आर. माधवन के साथ नायिका-३
७. सनी, प्रीति जिंटा की 'देखें भी तो क्या देखें' गीत वाली फिल्म-२
८. 'कैसी है दिल की लगी' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१०. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार की नायिका कौन थी?-२
१२. 'दिल में जागी धड़कन' गीतवाली लकीअली, गौरी की फिल्म-२
१४. 'माया मेमसाब' में शाहरूख के साथ नायिका कौन थी-२
१५. अजय देवगन, रवीना की 'एक से लेकर दस तक' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'लिखे जो खत तुझे' गीत वाली शशिकपूर, आशापारेख की फिल्म-४
२१. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज मदहोश हुआ जाए रे' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
२५. मनोज वाजपेयी, तब्बू की 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. फिल्म 'इंडियन' में शिल्पा शेट्टी के साथ नायक कौन था?-२
२७. फिल्म 'बँबई से आया मेरा दोस्त' की नायिका कौन थी?-२
२९. 'आज फिर तुम पे प्यार आया है' गीत वाली फिल्म-४
३१. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
३३. नसीर, अतुल, पूजाभट्ट की 'आज हमने दिल का' गीत वाली फिल्म-२
३४. 'गम का फसाना बन' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'शरारत' में अभिषेक की नायिका?-३
२. 'अजनबी' में राजेश की नायिका?-३
३. अरशद, मयूरी कांगो की 'गुनगुनाती हुई इक नदी' गीत वाली फिल्म-३
४. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
५. सनी, सुनील, शिल्पा की 'शाम भी खूब है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
९. संजय कपूर, जूही चावला की 'प्यार में दिल का' गीत वाली फिल्म-३
११. 'दूल्हा-दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली अमिताभ, हेमा की फिल्म-३
१३. 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'तू ही तू सतरंगी' गीतवाली फिल्म-२,१
१६. राज कुमार, हेमा, शत्रुघ्न, विजयेंद, मिथुन की १९८४ की एक फिल्म-३
१८. चंद्रचूड़सिंह, महिमा की फिल्म-२
१९. मिलिंद, विक्रम सलूजा, किरण की 'चंदा की चांदनी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'जैसे इक चाँद का टुकड़ा' गीत वाली सनी, अनिल, किमी की फिल्म-४
२२. 'बॉक्सर भाई' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'चंपई धूप के साये' गीतवाली फिल्म-२
२६. 'आँखों में नींदें ना दिल में करार' गीत वाली फिल्म-३
२८. संजय कपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'ये कैसा है शहर' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'कसूर' में आफताब शिवदासानी के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली - 2560



## सूडोकु -2561


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2560 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## शब्द पहेली - 2561




**बाएँ से दाएँ**

1. छुट्टी,रजा-4
3. वध,आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल,अनूठा-3
8. अनाथ,बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार,सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में,दौरान-3
24. खुश,आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना,परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2. मयखाना,मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना,वचन तोड़ना-4
7. फिजूल,व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग,गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश,मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली - 2560 का हल



## आईबीएफ की बहनों से राखी बंधवाकर खिल उठे बीएसएफ जवानों के चेहरे

एजेंसी

**जोधपुर।** रक्षाबंधन के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण फेडरेशन (आईबीएफ) की जोधपुर महिला इकाई ने बीएसएफ जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें अपनेपन और समर्थन का संदेश दिया। इस आयोजन की दिशा-निर्देशिका प्रदेश अध्यक्ष हस्तीमल सारस्वत के मार्गदर्शन में की गई। राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बीएसएफ जवानों की कलाई पर राखी बांधकर आईबीएफ की जोधपुर महिला इकाई ने यह सुनिश्चित किया कि जवानों को यह अहसास हो कि उनकी बहनें हमेशा उनके साथ हैं। अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण फेडरेशन की जोधपुर महिला इकाई की अध्यक्ष गायत्री उपाध्याय ने बताया कि, रक्षाबंधन पर राखी बांधकर हमने न केवल भाई-बहन के रिश्ते की अहमियत को सराहा बल्कि जवानों को यह भी दिखाया कि वे हमारी सुरक्षा के लिए जो भी जोखिम उठाते हैं, हम उनकी सराहना और समर्थन करते हैं।

इस अवसर पर डॉ. स्वाति शर्मा, जोधपुर संभाग अध्यक्ष (महिला) और अन्य टीम सदस्य भी उपस्थित थे। इस समारोह से बीएसएफ जवानों के चेहरे पर खुशी और संतोष का भाव स्पष्ट रूप से देखा गया।

## केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर में की जनसुनवाई, उदयपुर और जोधपुर की घटनाओं पर व्यक्त किया दुख

**जोधपुर।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को जोधपुर के सर्किट हाउस में जनसुनवाई आयोजित की। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। शेखावत ने हाल की जोधपुर और उदयपुर की घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपियों को सख्त सजा मिलेगी और प्रशासन द्वारा इस मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी। शेखावत ने कहा, हमारी जिम्मेदारी है कि इन घटनाओं को लेकर न्याय सुनिश्चित किया जाए और दोषियों को कड़ी सजा मिले। रक्षाबंधन के अवसर पर उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी और इस पर्व को प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संकल्प लेने का अवसर बताया। उन्होंने कहा, इस रक्षाबंधन पर हम सब मिलकर राष्ट्र, प्रकृति, पर्यावरण, धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लें। जोधपुर में नाबालिक के साथ दुष्कर्म की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए शेखावत ने कहा, यह घटना अत्यंत दुखद है। पीड़िता का इलाज चल रहा है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि आरोपी को कठोर से कठोर सजा दी जाए।

## जयपुर सेंट्रल जेल में रक्षाबंधन की विशेष पहल : बहनों से मिले मुलजिम, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**जयपुर।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर जयपुर सेंट्रल जेल प्रशासन ने एक अनूठी पहल की, जिससे जेल में बंद मुलजिमों को अपनी बहनों से मिलने का मौका मिला। इस विशेष व्यवस्था के तहत, कैदियों को अपने परिजनों के साथ त्योहार मनाने का अवसर प्रदान किया गया, जिसे सभी ने सराहा। जेल प्रशासन ने मुलजिमों और उनकी बहनों के लिए मुलाकात के दौरान सभी आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध किया। जेल परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि मुलजिम सुरक्षित और अनुकूल वातावरण में अपनी बहनों से मिल सकें। इस पहल को जेल प्रशासन ने मुलजिमों के मानसिक स्वास्थ्य और परिवारिक संबंधों को बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। रक्षाबंधन जैसे पर्व पर अपने परिजनों से मिलने की अनुमति देकर प्रशासन ने कैदियों को समाज से जुड़े रहने का अवसर दिया। इस आयोजन ने कैदियों और उनके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ा दी। बहनों के साथ इस विशेष मुलाकात ने उन्हें एक भावुक और संतोषजनक अनुभव प्रदान किया। जेल प्रशासन की इस सकारात्मक पहल की हर तरफ से प्रशंसा हो रही है, जो न केवल कैदियों के लिए बल्कि उनके परिजनों के लिए भी उम्मीद की किरण साबित हुई है।

## गंभीर नदी में युवक के डूबने से मौत, शव निकालने में दो घंटे की मशक्कत

**बयाना।** बयाना के गंभीर नदी में एक युवक मोहन सिंह जाटव की डूबने से मौत हो गई। मृतक अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था जब वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने युवक की तलाश शुरू की। नदी के गहरे और खतरनाक पानी के बीच दो घंटे की कठिन मेहनत के बाद शव को बाहर निकाला गया। शव मिलने के बाद मोहन के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बयाना अस्पताल भेजा गया है। पिछले एक महीने में बयाना इलाके में नदी में डूबने की घटनाओं में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जिससे स्थानीय प्रशासन और निवासियों में चिंता व्याप्त है। इस घटनाक्रम की जानकारी के लिए SDM राजीव शर्मा, तहसीलदार विनोद मीणा, BDO नरेंद्र सिंह गुर्जर और सदर थाना प्रभारी बलराम यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी की और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की।

# कुछ इस अंदाज में पीएम मोदी ने स्कूली बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देशभर में रक्षाबंधन का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूल के बच्चों के साथ पीएम आवास पर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। पीएम मोदी ने बच्चों से राखी भी बंधवाई और उनसे बातचीत भी की। इस दौरान वे काफी खुश दिखाई दिए। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में नजर आ रहा है, पीएम मोदी की कलाई राखी से भरी हुई है। इतना ही नहीं उनकी कलाई में एक बच्ची ने मां हीरा बेन तस्वीर वाली राखी भी बांधी। इसके अलावा राखी में एक पेड़ मां के नाम का संदेश दिया गया।

राखी बंधवाने के बाद पीएम मोदी ने बच्चों को आशीर्वाद भी दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके साथ ही लोग इस पर अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बता दें कि हर साल पीएम मोदी छोटे-छोटे बच्चों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाते हैं।

इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए देशवासियों को रक्षाबंधन की



शुभकामनाएं दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, समस्त देशवासियों को भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की ढेरों शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख, समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। भाई-बहन के बीच प्रेम और आपसी विश्वास की भावना पर आधारित यह त्योहार, सभी बहन-बेटियों के प्रति स्नेह और सम्मान की भावना का संचार करता है। मैं चाहूंगी कि इस पर्व के दिन सभी देशवासी हमारे समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने का संकल्प लें।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रक्षाबंधन के इस पावन त्यौहार पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि भाई-बहन के पवित्र बंधन का उत्सव एक ऐसा अवसर है जो एक-दूसरे का समर्थन करने और उन्हें संजोने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पावन अवसर पर, आइए हम महिलाओं की गरिमा और सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हों, एक ऐसा माहौल तैयार करें जहां वे आगे बढ़ सकें और अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर सकें।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में शुभेंदु अधिकारी ने कहा, तेज करेंगे विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना को लेकर देशभर में आक्रोश है। डॉक्टर हड़ताल पर हैं। उनका कहना है कि जब तक इस वीभत्स घटना में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो जाती, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। डॉक्टरों के हड़ताल से मरीजों के उपचार में बाधा उत्पन्न हो रही है। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं जारी है, लेकिन ओपीडी सेवाओं के ठप होने से मरीजों को बड़े पैमाने पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना पर बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा, ÷यदि पीड़िता के पिता न्याय के लिए समय सीमा तय करते हैं, तो भाजपा राज्य भर में विरोध प्रदर्शन तेज करने के लिए तैयार है।

उन्होंने परिवार की न्याय की खोज में समर्थन देने के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

वो कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। शुभेंदु अधिकारी ने कहा, कितनी शर्म की बात है कि राज्य सरकार नोटिफिकेशन जारी कर कहती है कि रात के समय में महिलाओं की सुरक्षा नहीं है। संसद में नारी सशक्तिकरण की बात कही जाती है, वहीं राज्य सरकार कहती है कि महिलाओं का रात में ड्यूटी करना सही नहीं है।÷

इस घटना को लेकर विपक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग कर रहा है। उसका कहना है कि ममता बनर्जी को इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उनके कार्यकाल में राज्य की कानून-व्यवस्था चौपट हो चुकी है। अपराधियों में कानून-व्यवस्था को लेकर बिल्कुल भी खौफ नहीं बचा है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के आंकड़े बेहद मजबूत : गीता गोपीनाथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईएमएफ की डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था के सभी आंकड़े काफी मजबूत हैं, जो दिखाते हैं कि बड़े स्तर पर पब्लिक निवेश हुआ है और इससे देश की विकास दर को सहारा मिल रहा है। आगे उन्होंने कहा कि भारत को सुधारों को जारी रखना चाहिए, जिससे विकास की गति बनी रहे और रोजगार के नए अवसर पैदा होते रहे।

गोपीनाथ ने कहा कि भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, लेकिन विकास रोजगार युक्त होना चाहिए, जिससे सभी को इसका फायदा मिल सके। दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लंबी अवधि में राजकोषीय समेकन और विकास के बीच कोई समझौता नहीं होना चाहिए। अगर कोई देश अपनी राजकोषीय स्थिति को अच्छा नहीं रखेगा, तो उसके



सामने एक वित्तीय संकट खड़ा हो जाएगा। इस कारण से सभी सरकारों को राजकोषीय समेकन पर ध्यान देना चाहिए। गोपीनाथ की टिप्पणी ऐसे समय पर आई है जब वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को चालू वित्त वर्ष के लिए घटाकर 4.9 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्री की यह कोशिश अर्थव्यवस्था को विकास के पथ पर बनाए रखते हुए राजकोषीय घाटे को कम करने की है। साथ ही सरकार ने अपने उधारी के लक्ष्य को भी कम रखा है। इससे मार्केट में अधिक पैसा बचेगा और कंपनियां ज्यादा उधार ले पाएंगी। गोपीनाथ ने आगे कहा कि महिलाओं को नेतृत्व के लिए आगे आना होगा। पूरे विश्व में इस दिशा में प्रगति हुई है। एक समय पर यह सोचना भी मुश्किल था कि आईएमएफ की मैनेजिंग डायरेक्टर महिला हो सकती है, लेकिन मौजूदा और इससे पहले की मैनेजिंग डायरेक्टर महिला थी। इसका मतलब चीजें काफी बदल गई हैं और काफी महत्वपूर्ण है कि आने वाले समय में हम अधिक महिलाओं को नेतृत्व करते देखें।

## तमिलनाडु में फर्जी एनसीसी कैंप लगाकर 13 लड़कियों से यौन शोषण, प्रिंसिपल और शिक्षक गिरफ्तार

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने सोमवार को कहा कि एक फर्जी राष्ट्रीय कैडेट कोर में 13 लड़कियों के साथ यौन शोषण हुआ। इस मामले में कृष्णागिरी जिले के एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल और दो शिक्षकों सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह शिविर स्कूल परिसर में आयोजित किया गया था और इसके आयोजक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।कृष्णागिरी जिले के पुलिस अधीक्षक पी. थंगादुरई ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि स्कूल में एक फर्जी एनसीसी शिविर में एक लड़की का यौन उत्पीड़न किया गया और कम से कम एक दर्जन से अधिक लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि स्कूल अधिकारियों को यौन शोषण के बारे में पता था लेकिन उन्होंने पुलिस को सूचित करने के बजाय मामले को दबाने का फैसला किया। पुलिस जांच में बताया गया कि जिस निजी स्कूल में कैंप लगा था, वहां एनसीसी यूनिट ही नहीं थी। एक समूह ने स्कूल प्रबंधन से संपर्क किया और उसे आश्वस्त किया कि शिविर आयोजित करने के बाद स्कूल में एनसीसी इकाई स्थापित हो सकती है। स्कूल सहमत हो गया और पुलिस ने कहा कि प्रस्ताव पर सहमत होने से पहले कोई जांच नहीं की गई।

तीन दिवसीय शिविर अगस्त के पहले सप्ताह में आयोजित किया गया था और इसमें 41 प्रतिभागी थे जिनमें से 17 लड़कियां थीं। पुलिस ने कहा कि लड़कियों को उस सभागार से बहला फुसला कर ले जाया गया जहां वे रह रही थीं और उनका यौन शोषण किया गया। लड़कियों को सभागार की पहली मंजिल पर ठहराया गया था जबकि लड़कों को



ग्राउंड फ्लोर पर रखा गया था और बच्चों की निगरानी के लिए कोई शिक्षक सभागार में नहीं था। आरोपियों पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं। कृष्णागिरि जिला बाल कल्याण समिति के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि विभाग ने स्कूल अधिकारियों और शिविर के आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या फर्जी एनसीसी शिविर के पीछे के समूह ने अन्य स्कूलों में भी इसी तरह के शिविर आयोजित किए थे।

# मुरादाबाद में नर्स से हैवानियत, डॉक्टर पर बलात्कार का आरोप, केस दर्ज

एजेंसी

**मुरादाबाद।** कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले में देश भर में लोगों का आक्रोश है। इस बीच, मुरादाबाद के कोतवाली ठाकुरद्वारा क्षेत्र के निजी अस्पताल में अनुसूचित जाति की एक नर्स से हैवानियत की एक और खबर आई जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। नर्स को बंधक बनाकर डॉक्टर ने बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के साथ अन्य दो को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान शाहनवाज (डॉक्टर), (जुनैद) वार्ड बॉय और नर्स (मेहनाज) के तौर पर हुई है। अस्पताल को भी सील कर दिया गया है। इन तीनों के खिलाफ संगीन



धाराओं के तहत एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अस्पताल को सीज कर दिया गया है। पुलिस ने कहा, जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी अस्पताल में पिछले 10 माह से नर्स के तौर पर जॉब कर रही थी। 17 अगस्त को अस्पताल में उसकी नाइट ड्यूटी थी। अस्पताल में दूसरी नर्स ने उसे कहा कि डॉक्टर ने बुलाया है। लेकिन मेरी बेटी ने जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद वार्ड बॉय जुनैद और नर्स मेहनाज उसे जबरन बंधक बनाकर अस्पताल के ऊपर बने कमरे में ले गए। दोनों ने बाहर से ताला लगा दिया। इस दौरान, डॉक्टर ने नर्स से बलात्कार किया। पीड़िता मदद के लिए चीखती रही, चिल्लाती रही। लेकिन, कोई भी मदद के लिए नहीं आया। आरोपी ने पीड़िता को धमकाया और किसी को कुछ भी बताने से मना किया। ऐसा न करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। साथ ही जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। शिकायत में कहा गया है कि पीड़िता का मोबाइल भी छुपा लिया गया जिससे वो किसी को कॉल न कर सके। बता दें कि कोलकाता कांड के बाद से डॉक्टर कामकाजी जगहों पर सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अगर वह अपने वर्क प्लेस पर ही सुरक्षित नहीं हैं तो वह काम कैसे करेंगे।

## राज्यसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी ने तेलंगाना से भरा पर्चा

एजेंसी

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने तेलंगाना से सोमवार को राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। सिंघवी के नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, मंत्री, विधायक, एमएलसी, सांसद और पार्टी की राज्य मामलों की प्रभारी दीपा दास मुंशी मौजूद थीं। चुनाव आयोग ने बीते सप्ताह 9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर चुनाव कराने के लिए घोषणा की थी। 12 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 3 सितंबर को होंगे। इधर, चुनाव आयोग की घोषणा के बाद, बुधवार को कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए तेलंगाना से अभिषेक मनु सिंघवी को अपना उम्मीदवार घोषित किया था। पार्टी द्वारा जारी एक नोटिफिकेशन में कहा गया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मंजूरी के बाद अभिषेक मनु सिंघवी को राज्यसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि जिन 12 राज्यसभा सीटों पर 3 सितंबर को चुनाव होने हैं, उनमें एक सीट तेलंगाना की भी है। कांग्रेस नेता सिंघवी 3 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए अब तक नामांकन दाखिल करने वाले पहले और एकमात्र उम्मीदवार हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि सिंघवी सर्वसम्मति से राज्यसभा के लिए चुने जाएंगे।

# सीएम मोहन यादव ने लाडली बहनों के घर पहुंचकर बंधवाई राखी

एजेंसी

**भोपाल।** देशभर में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को लाडली बहना से राखी बंधवाई। दरअसल, राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को रक्षाबंधन के दिन उज्जैन और आसपास के स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान उन्हें बहनों ने राखी बांधी और कई फीट लंबी राखी भी सौंपी।

सीएम मोहन यादव रक्षाबंधन पर अचानक नागदा में बादीपुरा आजादपुर स्थित लाडली बहना आशा बौरासी के निवास पर पहुंचे। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव को अपने घर की चौखट पर पाकर लाडली बहना आशा बौरासी और अनीता बौरासी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक उठे। लाडली बहनों ने मुख्यमंत्री का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने



बहनों को उपहार भेंट करते हुए लाडली बहना की राशि प्राप्त होने की जानकारी भी ली। लाडली बहनों ने उन्हें इसकी जानकारी दी और 1,250 रुपए की राशि के अलावा शगुन की 250 रुपए की राशि देने के लिए आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव लीलाबाई के निवास पर भी पहुंचे। यहां उन्होंने रक्षासूत्र बंधवाया और उपहार भेंट किया। उन्होंने लीलाबाई के निवास पर आठ माह के नन्हें यश को गोदी में उठाकर दुलार भी किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बहनों और बेटियों के साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने एक्स अकाउंट पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, स्नेह और आशीर्वाद की डोर, आज नागदा, उज्जैन में बहनों के निवास पर जाकर रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया। बहनों से मिला असीम प्रेम और आशीर्वाद मेरे जीवन की अमूल्य निधि है।

उल्लेखनीय है कि सीएम मोहन यादव रक्षाबंधन उत्सव को काफी वर्षों से सामूहिक रूप से बहनों के साथ मनाते आ रहे हैं। इस परंपरा को उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जीवित रखा है। उन्होंने सावन महीने को बहनों के नाम समर्पित किया है। इसके चलते उन्होंने प्रदेश भर में लाडली बहनों के साथ रक्षाबंधन कार्यक्रम मनाने का फैसला किया है। साथ ही उन्होंने लाडली बहनों के खाते में प्रतिमाह डाले जानी वाली 1,250 रुपए की राशि के अतिरिक्त शगुन के रूप में 250 रुपए की राशि भी देने की घोषणा की है।

# मुर्मु, धनखड़, मोदी और राहुल गांधी ने देशवासियों को दी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में रविवार को भाई-बहन के पवित्र प्रेम का पर्व रक्षाबंधन जहां उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं ने भी भाई-बहन के इस पर पर्व पर देशवासियों को शुभकामनाएं एवं बधाई संदेश दिया।

श्रीमती मुर्मु ने अपने संदेश में कहा, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। भाई-बहन के बीच प्रेम और आपसी विश्वास की भावना पर आधारित यह त्योहार, सभी बहन-बेटियों के प्रति स्नेह और सम्मान की भावना का संचार करता है। मैं चाहूंगी कि इस पर्व के दिन, सभी देशवासी, हमारे समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने का संकल्प लें।

श्री धनखड़ ने रक्षाबंधन त्योहार



की शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि भाइयों और बहनों के बीच पवित्र बंधन का उत्सव यह एक ऐसा अवसर भी है जो एक-दूसरे का समर्थन करने और उसे संजोने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस शुभ अवसर पर आइए हम महिलाओं की गरिमा और सम्मान को बनाए रखने, एक सक्षम वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हों जहां वे आगे बढ़ सकें और अपनी क्षमता का पूरी तरह से एहसास कर सकें।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स 'पर शुभकमाना संदेश में कहा, समस्त देशवासियों को भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की ढेरों शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख, समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आए।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'एक्स 'पर पोस्ट किया, समस्त देशवासियों को रक्षाबंधन के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह के इस पर्व पर सभी के सुख व समृद्धि की प्रार्थना करता हूं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि भाई-बहन के अटूट स्नेह व विश्वास के पावन पर्व रक्षाबंधन की समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि हमारी पावन संस्कृति का यह उत्सव सभी के जीवन को सुख-सौभाग्य व समृद्धि से परिपूर्ण रखे।

श्री गांधी ने 'एक्स' पर बहन प्रियंका गांधी के साथ अपनी एक तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, भाई-बहन के अटूट प्रेम एवं स्नेह के पर्व, रक्षाबंधन की सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं. रक्षा का यह सूत्र आपके इस पावन रिश्ते को सदैव मजबूती के साथ जोड़े रहे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा अपने संदेश में कहा, भाई-बहन के असीम प्रेम, अटूट स्नेह एवं अनमोल रिश्ते के प्रतीक रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ। जाति, धर्म, पंथ से ऊपर उठकर परस्पर बंधुत्व और मेलजोल को बढ़ावा देने वाला ये अनोखा त्योहार, भारतीय समाज में महिलाओं की बराबरी पर महत्व देता है। हमारी आशा है कि राखी का यह त्योहार सभी देशवासियों के जीवन में प्रेम, सौहार्द, एकजुटता और आपसी सद्भावना के रिश्तों को मज़बूत करेगा।

# नोएडा में रक्षाबंधन पर नो चालान डे, महिला दोपहिया चालकों को बांटे गए हेलमेट

एजेंसी

**नोएडा।** रक्षाबंधन पर पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने आज बहनों को नो चालान डे की सौगात दी है। इस दौरान बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चला रही महिला चालकों को हेलमेट बांटे गए। यातायात को सुचारू तरीके से चलाया जा सके और त्योहार के दिन लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसको लेकर महत्वपूर्ण चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मी मौजूद हैं।

यातायात पुलिस कर्मियों के मुताबिक, जिन वाहनों में महिला मौजूद हैं, उन वाहनों का चालान नहीं किया जाएगा और अगर वह यातायात के नियमों का उल्लंघन करते भी हैं तो उन्हें रोक कर जागरूक किया जाएगा।

19 अगस्त को पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर व डीसीपी यातायात यमुना प्रसाद के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा रक्षाबंधन के त्यौहार के उपलक्ष्य पर दुपहिया वाहनों पर सवार सभी बहनों को जीवन रक्षा का उपहार देते हुए उनको हेलमेट वितरित किये गये। यातायात पुलिस ने सभी बहनों को समझाया कि सड़क दुर्घटनाओं से जीवन रक्षा के लिए हेलमेट अवश्य पहनें एवं अपने भाई व परिवार के सदस्यों को भी बिना हेलमेट के दुपहिया



वाहन न चलाने दे जिससे उनका जीवन सुरक्षित रहे।

यातायात पुलिस अधिकारी व कर्मचारी द्वारा रक्षाबंधन के त्योहार पर सभी बहनों को उपहार देते हुए नो चालान-डे मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिन वाहनों में महिलाएं सवार हैं, उन वाहनों के चालान नहीं किए जा रहे हैं व उनको यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा सभी मुख्य चौराहों पर उपस्थित रहते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराया जा रहा है। त्योहार के दिन और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई है।



# टॉप फूड कम्बीनेशन्स
## रखेंगे आपको स्वस्थ

यहां हम आपको ऐसे फूड कम्बीनेशन्स के बारे में बता रहे हैं जो आपको स्वस्थ रखने में सहायक होंगें।

**कम्बीनेशन - एक्सट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल तथा टमाटर**
**इससे आपको मिलती है - रोगों से बढ़िया सुरक्षा**
टमाटरों में चार मुख्य कैरोटीनोएड्स यानी अल्फा कैरोटीन, बीटा कैरोटीन, ल्यूटीन तथा लाइकोपीन के साथ-साथ तीन मुख्य एंटीऑक्सीडैंट्स यानी बीटा कैरोटीन, विटामिन ई तथा विटामिन सी पाए जाते हैं जो आपकी कैंसर तथा ह्रदय रोग से लड़ने में सहायता करते हैं। यह रक्षात्मक कैमिकल्स एक्सट्रा वर्जिन ऑयल के साथ लिए जाएं तो बढ़िया हैं। एक्सट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल में स्वास्थ्यवर्धक मोनोसैचुरेटिड फैट्स मौजूद होती हैं।
**सेवन** - टमाटर का छिलका न उतारें क्योंकि इसमें फाइटो कैमिकल्स होते हैं। एक्सट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल बहुत कम प्रसंस्कृत रूप होता है। इसलिए इसमें बहुत ही लाभदायक यौगिक मौजूद होते हैं। इसे ताप तथा रोशनी से दूर स्टोर करें।

**कम्बीनेशन - हरी फूल गोभी तथा टमाटर**
**इससे आपको मिलती है - कैंसर से सुरक्षा।**
हरी फूलगोभी तथा टमाटर में कैंसर से लड़ने वाले गुण मौजूद होते हैं परन्तु एक अध्ययन से पता चला है कि दोनों का कम्बीनेशन कैंसर से लड़ने में दोगुणा प्रभाव डालता है। विज्ञानियों ने शोध में पाया कि एक ही वक्त पर टमाटर तथा हरी फूल गोभी का सेवन करने से कैंसर युक्त प्रोस्टेट ट्यूमर्स के विकास की गति बहुत धीमी हो जाती है।
**सेवन** - डेढ़ कप हरी फूल गोभी का अढ़ाई कप ताजे टमाटरों के साथ पिकका या स्पाघेटी के साथ सेवन करें।

**कम्बीनेशन - ग्रीन टी तथा नीबू**
**इससे आपको मिलता है - एक स्वस्थ ह्रदय।**
ग्रीन टी शक्तिशाली एंटी ऑक्सीडैंट्स कैटेचिन्स का भरपूर स्रोत है जो ह्रदय के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए जाना जाता है। फिर भी अध्ययनों के अनुसार इन यौगिकों को सिर्फ 20 प्रतिशत ही मानवीय शरीर द्वारा जज्ब किया जाता है। ग्रीन टी में नीबू का रस मिलाने से पता चला है कि कैटेचिन्स का स्तर 80 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।
**सेवन** - ग्रीन टी तैयार करने के बाद इसमें एक पूरे नीबू का रस निचोड़ें और पीएं।

**कम्बीनेशन- जौ का दलिया तथा स्ट्राबेरीका**
**इससे आपको मिलता है - एक स्वस्थ ह्रदय।**
जौ में दो महत्वपूर्ण फाइटो कैमिकल्स ऐवेनैंथ्रामाइड्स तथा फिनोलिक एसिड्स पाए जाते हैं जो विटामिन सी के साथ मिलकर बुरे कोलैस्ट्रॉल के हानिकारक प्रभावों को कम करते हैं और प्लाक के निर्माण को रोक कर ह्रदयाघात से आपकी रक्षा करते हैं।
**सेवन** - सुबह के समय एक कटोरी जौ के दलिए के साथ आधा कप कटी हुई स्ट्रॉबेरीका का सेवन करें।

**कम्बीनेशन - दालचीनी तथा होलग्रेन टोस्ट**
**इससे आपको मिलता है - अतिरिक्त ऊर्जा तथा तेजी से वजन कम होना।**
टोस्ट पर दालचीनी छिड़कने से ब्लड शूगर एक स्वस्थ स्तर तक रह सकती है जिससे आपकी ऊर्जा में आने वाली कमी रुकती है और साथ ही आपकी भूख का स्तर भी बाधित होता है। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रीशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार दालचीनी भोजन के बाद पेट के खाली होने की दर को धीमा करती है और साथ ही ब्लड शूगर के स्तर को भी कम करती है।
**ऐसे करें सेवन** - होलग्रेन ब्रैड, ट्रांस फी मारग्रीन तथा एक चम्मच दालचीनी का सेवन करें।

**कम्बीनेशन - लहसुन तथा प्याज**
**इससे आपको मिलती है - पूरे शरीर की सुरक्षा।**
इन दोनों सब्जियों में बहुत सारे ऑर्गैनोसल्फर यौगिक तथा ह्रदय को स्वस्थ रखने वाले प्लांट कैमिकल्स पाए जाते हैं जो आपकी धमनियों को प्लाक से मुक्त रखते हैं। इन यौगिकों में से कुछ में शरीर में से कारसिनोजैन्स को डिटॉक्सीफाई करने की ताकत पाई गई है।
**सेवन** - अधिकतर भारतीय रसोइयों में लहसुन तथा प्याज का कम्बीनेशन आम देखने को मिलता है। फिर भी यदि आपका मूड कुछ और खाने का हो तो लहसुन तथा प्याज के कम्बीनेशन का सेवन सूप तथा सॉस के माध्यम से भी किया जा सकता है।

**कम्बीनेशन - ग्रीन टी तथा काली मिर्च**
**इससे आपको मिलती है - अत्यधिक पतली कमर।**
क्रैश डाइटिंग को भूल जाएं। अपने अगले भोजन में एक कप ग्रीन टी में थोड़ी-सी काली मिर्च मिलाकर पीएं। इस कम्बीनेशन से ई.जी.सी.जी. नामक एंटीऑक्सीडैंट की खपत में बढ़ौतरी होती है। यह एंटीआक्सीडैंट ग्रीन टी में कैलोरी बर्निंग के लिए जाना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ग्रीन टी में मौजूद यौगिक हार्मोन्स को प्रभावित कर सकते हैं जो भूख तथा संतुष्टि को नियंत्रित करते हैं।
**सेवन** - अध्ययनों से पता चला है कि आधा छोटा चम्मच काली मिर्च से ग्रीन टी के लाभदायक यौगिकों की खपत में बढ़ौतरी हो सकती है।

**कम्बीनेशन - अंडे तथा आम**
**इससे आपको मिलती है - कठोर त्वचा।**
कठोर तथा अच्छी त्वचा पाने के लिए बहुत से उत्पादों की जरूरत नहीं है। आप सिर्फ कुछ अंडों तथा आमों का सेवन करें। अंडे एमीनो एसिड्स से भरपूर होते हैं जो त्वचा में कोलाजैन का निर्माण करने हेतु जरूरी होते हैं। आम में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है जो इन एसिड्स के साथ कोलाजैन के निर्माण को बढ़ाता है। यह कम्बीनेशन शरीर में से नष्ट हुए तत्वों को पुनः निर्मित करने में सहायक होता है जो महत्वपूर्ण ढंग से त्वचा की रंगत को सुधारते हैं।
**सेवन** - अपने अगले नाश्ते को और पोषक बनाने के लिए आमलेट के साथ एक कप ताजा आम की कतलियों का सेवन करें जिससे आपको पूरे दिन की विटामिन सी की आपूर्ति होगी।

**कम्बीनेशन - लाल शिमला मिर्च तथा ब्लैक बीन्स**
**इससे आपको मिलती है - बढ़िया रोग प्रतिरोधक क्षमता।**
सब्जी बाजार में ये बहुत अच्छे दिखते हैं और काफी महंगे भी होते हैं परन्तु इन्हें खरीदने का एक अच्छा कारण है। आप अपनी प्लेट में लाल शिमला मिर्च को शामिल करके रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाले प्लांट आयरन का सेवन अधिक करते हैं। ब्लैक बीन्स में मौजूद आयरन शरीर के लिए जज्ब करना थोड़ा कठिन है। फिर भी विटामिन सी से भरपूर लाल शिमला मिर्च आयरन को ऐसी किस्म में बदल देती है जो शरीर के लिए इस्तेमाल करना आसान होता है।
**सेवन** - ऑनलाइन आपको बहुत सारी रैसिपीज मिल जाएंगी जो ब्लैक बीन्स को लाल शिमला मिर्च के साथ मिक्स करके आपको एक स्वादिष्ट भोजन देंगी।

# जब आपके घर हो किटी पार्टी



### एक दिन पहले ही योजना बना लें
सारे काम समय पर और सही ढंग से हों, इसके लिए आपको एक दिन पहले ही योजनानुसार सारी सामग्री एकत्रित कर लेनी चाहिए और घर की साज-सजावट के अलावा पार्टी में खिलाने वाले गेम्स भी तैयार कर लें ताकि पार्टी वाले दिन इन छोटे-मोटे कामों को करने में समय बर्बाद ना हो।

### ड्रेस तैयार करें
ऐसा ना हो कि पार्टी की तैयारी करते हुए आप अपनी ड्रेस के बारे में सोचना ही भूल जाएं। दूसरी महिलाओं के आगे आपकी चमक फीकी ना पड़ जाए। ऐसे में आप थीम के हिसाब से किटी के एक दिन पहले ही पहनने वाली ड्रेस तैयार कर लें।

### खाने-पीने की चीजें पहले से बना कर रख लें
किटी पार्टी शुरू होने के बाद आप कम से कम समय किचन में बिताएं, इसके लिए जरूरी है कि पार्टी के लिए तैयार किए गए व्यजंनों को ऐसे बर्तनों में पहले से रख लें, जिसे माइक्रोवेव में गर्म किया जा सके।

### गेम्स का भी हो मजा
किटी पार्टी में तंबोला के अलावा पेपर फोल्डिंग गेम्स के साथ-साथ हिंदी फिल्मी गानों पर गेम तैयार किए जा सकते हैं।

### ऐसे हों आप तैयार
केले को अच्छे से मसलकर उसे 10 से 15 मिनट के लिए फीजर में रख दें, इसके अलावा आलू काटते समय आलू के रस को अपने हाथों पर रगड़ लें। 15 मिनट बाद फीजर में रखे हुए केले के पैक को पूरे चेहरे और गर्दन पर 10 मिनट के लिए लगा लें। 10 मिनट बाद चेहरे पर लगे पैक को ठंडे पानी से धो लें। किचन में खाना बनाते समय महिलाओं के हाथ पूरी तरह चिकनाई और हल्दी वाले हो जाते हैं। आलू का रस लगा लें। इससे हाथों की चिकनाई हटाने में मदद मिलती है।
सर्दी के मौसम में ब्लैक लेगिंग के साथ किसी भी गहरे रंग का लंबा स्वेटर और साथ में स्टोल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन दिनों चेहरे पर हल्का मेकअप ही अच्छा लगता है। सीनियर ब्यूटीशियन मोनिका का कहना है कि 10 मिनट चेहरे पर लगाया गया केले का पैक डेड स्किन हटाने का काम करता है। पार्टी शुरू होने से पहले चेहरे पर माइस्चराइजर में हल्का फांउडेशन मिलाकर पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं । हल्का आईलाइनर का इस्तेमाल करते हुए हल्की रंग की लिपिस्टक लगाएं। नाखूनों पर भी हल्के रंग की नेल पॉलिश का इस्तेमाल करें।



# पति का काम नहीं करेगा परेशान



रत्नेश अपने करियर में ऊंचाइयों को महसूस करना चाहता है। उसकी पत्नी रुचि का भी यही हाल है, दोनों करियर को बहुत ज्यादा तवज्जो देते हैं। पर दोनों में एक बड़ा अंतर है। दरअसल रुचि काम ऑफिस तक सीमित रखती है, जबकि रत्नेश वर्कोहोलिक की श्रेणी में आते हैं। मतलब सिर्फ काम और काम। वह घर पर हों या ऑफिस में, बात सिर्फ काम की ही करते हैं। न पत्नी के लिए समय और न घर के दूसरे कामों के लिए। कुछ समय पहले इसकी वजह से रुचि खुद को इग्नोर महसूस करने लगी थी। उसको लगने लगा था कि बस, नाम के लिए हम लोग दोस्त और फिर पति-पत्नी बने। अक्सर झगड़े भी होने लगे। पर फिर रुचि ने खुश रहने के कुछ तरीके तलाशे। उसने महसूस किया कि गुस्सा दिखाने की बजाय पति को सपोर्ट करना शायद ज्यादा बेहतर होगा। हो सकता है रुचि का दर्द ही आपका दर्द भी हो। तो आइए जानते हैं उसने आगे और क्या-क्या हल निकाले जो आपके भी काम आ सकते हैं।

### जानती हैं उनके काम का नेचर?
इस सवाल का जवाब अगर ना है तो जरा इसे हां में बदलने के बारे में सोचिए। जानिए, आखिर आपके पति के काम का नेचर है कैसा, जो उनको इतना व्यस्त रखता है। कहीं उन्हें ऑफिस में कोई दिक्कत तो नहीं है, कहीं उन पर ही ज्यादातर काम की जिम्मेदारी तो नही है। हो सकता है, ऑफिस में सबसे जानकार आपके पति ही हों और इसीलिए उन पर ही सारे काम का बोझ हो। हां, यह सबकुछ जानने के बाद एक काम और करना होगा। उनके सारे काम में लगने वाले समय को जरूर जोडिए। जानिए, इन कामों में आमतौर पर समय कितना लगता है क्योंकि हो सकता है पतिदेव उसी काम में समय ज्यादा लगाते हों। यह सब जानकर या तो आप समझ जाएंगी कि पति सही कारण से ही इतना व्यस्त रहते हैं या फिर आपको उनकी कमियां पता चलेंगी, जिन्हें सुधारने में आप उनकी मदद कर सकती हैं।

### घर हो एक आरामदायक जगह
पति घर आएं तो आपके चेहरे पर गुस्से के चलते बारह बजे हों और घर भी अस्त-व्यस्त हो, तो स्थितियां सुधरेंगी नहीं, बल्कि और बिगड़ जाएंगी। ऐसे में जरूरी है कि आप घर का माहौल अच्छा रखें, ताकि जब पति काम की टेंशन से लौटें तो रिलैक्स महसूस कर सकें। खुद अच्छे से तैयार रहें और पति के खानपान और फिटनेस का ध्यान रखें।

### आप संतुष्ट हैं?
हो सकता है साथ घूमने जाती सहेलियों को देखकर आपको महसूस होता हो कि 'अरे, बस मैं ही अकेली हूं।' पर जरा भावनाओं पर काबू कीजिए। सबकी जिंदगियां एक सी नही हो सकती हैं, सबकी अलग जिम्मेदारी और परिस्थितियां होती हैं और उन्हीं के हिसाब से लोग जिंदगी जीते हैं। इसलिए अकेलेपन वाली भावनाओं को मन में ही रखिए और पति को यह महसूस करवाइए कि आप हमेशा उनके साथ हैं। जब वो फुरसत में होंगे तो जरूर आपके अकेलेपन को महसूस करेंगे और सुधार की पूरी कोशिश करेंगे।

### सुझाव तो दे सकती हैं
वो आपके जीवनसाथी हैं, आपने हर मुश्किल में साथ देने का वादा किया है तो उस वादे को निभाइए। वर्कोहोलिक होना उनकी आदत बन गई है, पर इससे वे शरीर और दिमाग दोनों से थक जाते हैं। यह वह समय है जब आपको अपने हिस्से का सपोर्ट दिखाना है। बैठकर पति से बात कीजिए, उनके मन की बातें जानिए, कोई दिक्कत है तो उन्हें सुझाव भी दीजिए।

### खुश रहिए और खुश रखिए
जी हां, आप दोनों जितना भी वक्त साथ बिताते हैं उसे खास बनाइए। अपनी तरफ से तो आप इसकी कोशिश कर ही सकती हैं। दो घंटे मिलते हैं तो उसमें भी हंसी-मजाक की बातें, खुश करने के तरीके इन सबको आजमाइए। उन्हें बताइए कि हम दोनों जब साथ होते हैं तो खुश होते हैं। हम दोनों का साथ कितना कीमती और खास है। अपेक्षाओं को खत्म न सही पर कम तो करना ही होगा।



पति के पास काम के अलावा कोई काम नहीं है। उन्हें वर्कोहोलिक का तमगा मिला हुआ। पर यह तमगा आपको पसंद नहीं। हमेशा अकेली-अकेली रह रहकर आप थक चुकी हैं। कुछ पल जो साथ बिताते हैं, उनमें भी झगड़े होते हैं तो जरा इन पलों की कीमत समझिए और पति की मदद कीजिए। उन्हें समझिए और खुश रहिए।

## जसपाल राणा ने चयन नीति के लिए NRAI की आलोचना की, कहा- इससे निशानेबाजों को नुकसान हो रहा है

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीत कर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर के कोच जसपाल राणा ने राष्ट्रीय महासंघ की लगातार बदलती ओलंपिक चयन नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे अतीत में कुछ सबसे होनहार प्रतिभाओं को नुकसान हुआ है और अगर इसमें सुधार नहीं किया गया तो आगे भी ऐसा होता रहेगा। एशियाई खेल 2006 में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की अपनी नीतियों में अंतिम समय में बदलाव करने की प्रवृत्ति की आलोचना की। राणा ने संवाददाताओं से बात करते हुए अपनी राय साझा की। इस दौरान उनके साथ मनु भी मौजूद थीं जिन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा (सरबजोत सिंह के साथ मिलकर) में कांस्य पदक जीते थे। राणा ने कहा, '(महासंघ की) चयन नीति हर छह महीने में बदलती है। मैंने खेल मंत्री से मुलाकात करके इस पर उनसे बात की। उन्हें निर्णय लेने दें... वे जो भी निर्णय लेते हैं, सही या गलत, हम उस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं, और फिर उस पर कायम रहो। आप इसके बाद निशानेबाजों के प्रदर्शन में अंतर देखेंगे। तोक्यो ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी सौरभ चौधरी और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज जीतू राय जैसे कई प्रतिभाशाली निशानेबाज कुछ ही वर्षों में फीके पड़ गए, जबकि वे सबसे प्रतिभाशाली निशानेबाजों में से एक थे।

# टीम विस्मा के डेनिश साइकिलिस्ट जोनास विंगेगार्ड ने टूर डी पोलोन जीता

**एजेंसी**

**वारसॉ।** टीम विस्मा के डेनिश साइकिलिस्ट जोनास विंगेगार्ड ने पोलैंड के क्राको में 81वें टूर डी पोलोन जीत ली है।

विएलिक्ज़्का से क्राको तक 142 किलोमीटर तक फैला अंतिम चरण पेलोटन फ़िनिश के साथ समाप्त हुआ, जिसमें डचमैन ओलाव कूइज (विस्मा-लीज़ ए बाइक) ने स्टेज जीत हासिल की।

कूइज ने बेल्जियम के टिम मेर्लियर (सौडल क्विक-स्टेप) और गेरबेन थिजसेन (इंटरमार्चे-वांटी) को पछाड़कर टूर डी पोलोन में अपनी चौथी स्टेज जीत हासिल की, और पूडनिक में अपनी पिछली सफलता के बाद इस साल के संस्करण में अपनी दूसरी जीत दर्ज की।अंतिम दिन विंगेगार्ड ने सामान्य वर्गीकरण में इटली के डिएगो



उलिसी पर 13 सेकंड की बढ़त हासिल की। ??रविवार की दौड़ बिना किसी बड़े आश्चर्य के हुई, क्योंकि चार साइकिल चालकों ने ब्रेकअवे की शुरुआत की, लेकिन फ़िनिश से तीन किलोमीटर पहले पेलोटन द्वारा उन्हें पीछे कर दिया गया। विंगेगार्ड ने आराम से पेलोटन के भीतर फ़िनिश लाइन पार की, जिससे सामान्य वर्गीकरण में उनकी समग्र जीत सुनिश्चित हुई। इटली के डिएगो उलिसी (यूएई टीम एमिरेट्स) और उनके डच साथी विल्को केल्डरमैन पोडियम पर विंगेगार्ड के साथ शामिल हुए। विंगेगार्ड ने रेस के बाद मीडिया से कहा, मैं जीत से बहुत खुश हूं। मैंने पोलैंड में प्रतिस्पर्धा करने का फैसला किया क्योंकि यह वर्ल्ड टूर रेस थी। मेरा लक्ष्य सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेना है, इसलिए मैं यहां हूं। मुझे वास्तव में गर्व महसूस हो रहा है। अब थोड़ा ब्रेक लेने का समय है।

## हमारी लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की जीत होगी : विनेश फोगाट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत से अभिभूत पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी और सच्चाई की जीत होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गई विनेश का यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था। विनेश ने अपने प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत होगी। विनेश और उनके साथी ओलंपियन बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और उसके पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक साल से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विनेश सहित छह पहलवान पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे। विनेश ने यह भी कहा कि उनका जिस तरह से शानदार स्वागत किया गया उससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। इस 29 वर्षीय पहलवान ने कहा, 'मुझे अपने देशवासियों, मेरे गांव और परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिला उससे मुझे इस झटके से उबरने में मदद मिलेगी। मैं वापस कुश्ती में लौट सकती हूं। उन्होंने कहा, 'ओलंपिक पदक से चूकना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका है।

## ऋषभ पंत ने दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले मैच में की गेंदबाजी

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में साउथ दिल्ली सुपरस्टार (एसडीएस) और पुरानी दिल्ली 6 (पीडीएल) के बीच दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले मैच में गेंदबाजी करते हुए देखा गया। पुरानी दिल्ली 6 की कप्तानी कर रहे पंत मैच का आखिरी ओवर करने आए जिसमें एसडीएस को जीत के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी। कलाई के स्पिनर ने लो फुल टॉस फेंकी जिसे लॉन्ग ऑन की तरफ ड्राइव करके सिंगल लिया गया और एसडीएस ने 19.1 ओवर में 198 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए मैच सात विकेट से जीत लिया। हालांकि पंत की गेंदबाजी को देखकर प्रशंसक खुश थे। पंत ने अपने पेशेवर करियर में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सिर्फ दो ओवर फेंके हैं, जहां उन्होंने दो ओवर में एक विकेट लिया। इसके अलावा उन्होंने कभी भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट या आईपीएल में गेंदबाजी नहीं की है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पहली पारी में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 35 (32) रन बनाए। पंत स्पिनरों के सामने संघर्ष करते दिखे क्योंकि वे 100 की स्ट्राइक रेट बनाए रखने में विफल रहे। हालांकि वे अंत में अपने स्कोर को बढ़ाने के लिए बाउंड्री की झड़ी लगाकर रन बनाने में सफल रहे। भारतीय क्रिकेटर की डीपीएल में यादगार शुरुआत नहीं रही और उनकी टीम मैच हार गई।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए रसेल, होल्डर और अल्जारी जोसेफ को आराम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए टीम घोषित कर दी है। हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल सीरीज से बाहर रहेंगे, क्योंकि उन्होंने आराम और रिकवरी के लिए कुछ समय मांगा है।

36 वर्षीय रसेल जून में अपने घरेलू विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज की सुपर आठ तक की दौड़ का हिस्सा थे और हाल ही में द हंड्रेड टीम लंदन स्पिरिट के लिए खेले थे। रसेल और जेसन होल्डर, जिन्हें टी20आई के लिए भी आराम दिया गया है, सीडब्ल्यूआई विज्ञान और चिकित्सा टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। अल्जारी जोसेफ, जो टी20 विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज के उप-कप्तान थे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे, वे भी आराम करना जारी रखेंगे। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग भी इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह जून में इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज के सुपर आठ




मैच के दौरान लगी साइड स्ट्रेन से उबर रहे हैं। किंग ने तब से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है। उनकी अनुपस्थिति में, शाई होप जॉनसन चार्ल्स के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत कर सकते हैं, जबकि रूकी एलिक अथानाज़े भी शीर्ष पर काम कर सकते हैं। वेस्टइंडीज के व्हाइट-बॉल कोच डैरेन सैमी ने सीडब्ल्यूआई के एक बयान में कहा, दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम का सामना करना हमारी टीम के लिए अपने खेल की योजना को फिर से बनाने और उस पर ध्यान केंद्रित करने का एक शानदार अवसर है। हमने हाल ही में उनके साथ खेला है और मिश्रित परिणाम मिले हैं, इसलिए यह एक रोमांचक और महत्वपूर्ण श्रृंखला होनी चाहिए। मुझे हमारे द्वारा चुनी गई टीम पर भरोसा है, और 2026 में अगले टी20 विश्व कप पर नज़र रखने के साथ, मुझे पता है कि खिलाड़ी सफलता के लिए अपनी भूख दिखाने के लिए उत्सुक होंगे।

शिमरोन हेटमायर, जिन्होंने 2024 टी20 विश्व कप में एक भी मैच नहीं खेला था, ने टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। हेटमायर ने आखिरी बार दिसंबर 2023 में वेस्टइंडीज के लिए टी20 मैच खेला था। अथानाज़े के साथ, ऑलराउंडर मैथ्यू फ़ोर्ड को 2026 टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए चुना गया है। फ़ोर्ड नई गेंद को स्विंग कर सकते हैं और निचले क्रम में छक्के लगा सकता है और सीपीएल में सेंट लूसिया किंग्स में सैमी के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर फ़ेबियन एलन टीम में वापस आ गए हैं, जो टी20 विश्व कप के लिए कट से चूक गए थे। वह स्पिन आक्रमण को मजबूत करेंगे जिसमें पहले से ही अकील होसेन, गुडाकेश मोती और रोस्टन चेज शामिल हैं। एलन ने जुलाई में जाफना किंग्स के साथ लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) जीती थी। तरौबा ब्रायन लारा स्टेडियम तीनों टी20 की मेज़बानी करेगा। श्रृंखला का पहला मैच 24 अगस्त, दूसरा 26 अगस्त और तीसरा 28 अगस्त को खेला जाएगा।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए वेस्टइंडीज की टीम-**

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेस (उप-कप्तान), एलिक अथानाज़े, फैबियन एलन, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ओबेद मैककॉय, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

## पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ श्रृंखला को देखते हुए लिया लंबा ब्रेक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस साल के आखिर में भारत के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए आठ सप्ताह का ब्रेक लिया है।

कमिंस अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में भाग लेने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया लौटे हैं। ऑस्ट्रेलिया में गर्मियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए उन्होंने खुद को तरोताजा रखने के लिए विश्राम करने का फैसला किया है। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है। कमिंस ने कहा, 'ब्रेक के बाद वापसी करने पर हर कोई तरोताजा महसूस करता है। आपको इसका कभी अफसोस नहीं होता। उन्होंने कहा, 'मैं लगभग 18 महीने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं।

## मोहम्मद शमी की रणजी ट्रॉफी में वापसी, इस टीम से खेलेंगे मुकाबला

**नई दिल्ली।** टखने की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) के दौर से गुजर रहे सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के रणजी ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीम बंगाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने की संभावना है। वह इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की श्रृंखला में किसी 1 टेस्ट मैच में खेल सकते हैं। समझा जाता है कि शमी 11 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश और 18 अक्टूबर को बिहार के खिलाफ बंगाल के शुरुआती 2 रणजी मैचों में किसी एक मैच में खेल सकते है। इन दोनों मैचों के बीच सिर्फ 2 दिन का समय है ऐसे में इस बात की संभावना कम है कि वह दोनों मैचों का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला 19 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू होगी, उसके बाद पुणे (24 अक्टूबर) और मुंबई (एक नवंबर) में टेस्ट होंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे पर जाने से पहले शमी के इनमें से एक मैच खेलने की उम्मीद है। भारत के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक 34 साल के शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेले गये एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के बाद से टीम से बाहर है।

## बपचन में मैं भी टेप बॉल से खेला, यह गेंद लेती है बल्लेबाजों की परीक्षा

**मुंबई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने खुलासा किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रिवर्स स्विंग का सामना करने के अपने अनुभव का इस्तेमाल टेनिस गेंद टूर्नामेंट 'इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) में इसे लागू करने के लिए किया। आईएसपीएल के दूसरे सत्र की यहां घोषणा की गई। आईएसपीएल का दूसरा सत्र ठाणे के दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में 26 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें अक्टूबर से देश के पांच क्षेत्रों के 55 शहरों में ट्रायल होंगे। टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा लेंगीतेंदुलकर ने उम्मीद जताई कि स्टेडियम में 30,000 और इससे अधिक दर्शकों को आकर्षित करने वाले टूर्नामेंट का जल्द ही महिला क्रिकेटर भी हिस्सा होंगी। तेंदुलकर ने लीग के खास नियमों जैसे 50-50 और एक शॉट पर नौ रन देने के बारे में बात करते हुए कहा कि अगर हम बल्लेबाजों को कुछ फायदा दे रहे हैं तो गेंदबाजों को भी खेल में शामिल होने का मौका मिलना चाहिए।

# योगेश्वर दत्त ने स्पीड और फिगर स्केटिंग के विजेताओं को किया सम्मानित

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** आईस्केट बाय रोजेट में पिछले छह दिन एक्शन, स्पीड, कौशल और रोमांच से भरे हुए थे। 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 300 एथलीटों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, आज 19वीं राष्ट्रीय स्पीड और फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप के विजेताओं की घोषणा की गई। प्रियम टेटेड और तारा प्रसाद ने फिगर स्केटिंग की सीनियर कैटेगरी में जीत हासिल की। उन्होंने सीनियर कैटेगरी में शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग के लिए भी गोल्ड मेडल जीता।

योगेश्वर दत्त ने आज गुरुग्राम में आईस्केट बाय रोजेट में आयोजित एक भव्य समापन समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उपस्थित अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में पीवी सिंधु और अमिताभ शर्मा शामिल रहे।

आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, श्री अमिताभ शर्मा ने कहा, हम आईस्केट बाय रोजेट में 19वीं राष्ट्रीय आइस स्केटिंग चैंपियनशिप प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया देशभर में शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के अपने मिशन में दृढ़ है। हम साल भर राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों और फिगर स्केटिंग और स्पीड स्केटिंग में प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने एथलीटों के कौशल को विकसित करने के लिए लगातार काम करते हैं। इस साल का आयोजन बहुत ही आशाजनक और व्यापक था, और हम आने वाले वर्षों में इस खेल को अभूतपूर्व स्तरों पर ले जाने के लिए तत्पर हैं।

विजेताओं को बधाई देते हुए, श्री करण राय, बिजनेस हेड, आईस्केट ने कहा, इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी करना हमारे लिए एक सम्मान और सौभाग्य की बात है, एक परंपरा जिसे हमने 2012 से गर्व से बनाए रखा है। वर्षों से, हमने उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, क्योंकि इस साल हमारे पास 300 से अधिक प्रतिभागी थे- जो इस खेल के प्रति बढ़ते उत्साह का स्पष्ट संकेत है। हमारी प्रतिबद्धता उत्कृष्टता की ओर है, जो हमारी विश्व स्तरीय सुविधाओं और व्यापक वर्षभर प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्पष्ट है। आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी में, आईस्केट हमारे स्केटर्स को समर्थन देने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा और प्रायोजन प्रदान करता है। हमारा रिंक भारत के कुछ स्थानों में से एक है जो सालभर आइस स्केटिंग में प्रशिक्षण की पेशकश करता है। शीतकालीन खेलों की पूरी क्षमता को साकार करने के लिए, हमें देशभर में अतिरिक्त बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास की वकालत करनी चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया जा सके और सभी के लिए प्रशिक्षण के अवसर बढ़ाए जा सकें। आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप में दो श्रेणियों-शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग और फिगर स्केटिंग में प्रतिस्पर्धा की गई जिसमें एथलीटों को उनके आयु वर्ग के आधार पर प्रत्येक श्रेणी में विभाजित किया गया था।

## पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच कराची से रावलपिंडी स्थानांतरित

**एजेंसी**

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले वर्ष होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची नेशनल स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य के कारण पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाले दूसरे टेस्ट मैच को कराची से रावलपिंडी स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है।

दो मैचों की टेस्ट शृंखला के प्रारंभिक कार्यक्रम के अनुसार पहला टेस्ट 21 अगस्त से रावलपिंडी में और दूसरा टेस्ट 30 अगस्त से 3 सितंबर के बीच कराची में खेला जाना था। अब कराची वाला मैच भी रावलपिंडी में खेला जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में बताया कि निर्माण विशेषज्ञों ने हमें स्थल की तैयारी के लिए समय-सीमा के बारे में बताया है।

उन्होंने सलाह दी कि खेल के समय निर्माण कार्य जारी रह सकता है लेकिन इसके परिणामस्वरूप होने वाला ध्वनि प्रदूषण खिलाड़ियों को परेशान करेगा। इसके अतिरिक्त, निर्माण कार्य से निकलने वाली धूल खिलाड़ियों, अधिकारियों, प्रसारकों और मीडियाकर्मियों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। पीसीबी ने कहा कि यह देखते हुए कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए निर्माण कार्य निर्बाध रूप से जारी रहना चाहिए, बोर्ड ने दोनों मैच रावलपिंडी में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

# पेरिस ओलंपिक के हॉकी खिलाड़ियों पर पंजाब सरकार ने की धनवर्षा

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने हाल ही में समाप्त हुए पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के पंजाब के आठ खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये और ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले 11 अन्य खिलाड़ियों को 15-15 लाख रुपये के चेक दिए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है, क्योंकि प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 52 वर्षों के अंतराल के बाद भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया को हराकर बेहद खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि टीम का पदक जीतना हर देशवासी के लिए सपने के साकार होने जैसा है। सबसे अच्छी बात यह है कि कप्तान हरमनप्रीत ने आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व किया, जिससे टीम जीत की ओर अग्रसर हुई। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस नेतृत्व की क्षमता




बेमिसाल थी, जिसके कारण टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरमनप्रीत ने अकेले ओलंपिक में 10 गोल किए हैं और प्रदेश सरकार आज इन हीरों को सम्मानित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश इन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर उनके कीर्तिमान की सराहना कर रहा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि भारतीय हॉकी पुनरुत्थान के रास्ते पर है और पंजाब नवंबर महीने में हॉकी की चार विश्व स्तरीय टीमों के बीच लीग टूर्नामेंट आयोजित करने पर विचार कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए पूरी तत्परता से काम कर रही है और इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि 'खेडा वतन पंजाब दीयां' का तीसरा संस्करण 28 अगस्त से शुरू होगा, जो प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि पंजाब सरकार प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए माहिलपुर क्षेत्र में फुटबॉल, संगरूर में बॉक्सिंग, जालंधर में हॉकी, लुधियाना में एथलेटिक्स और अन्य खेल क्लस्टरों का विकास करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पदक विजेता खिलाड़ियों को नकद इनाम और नौकरियों के अलावा प्रदेश सरकार पहले से दी गई नौकरियों में तरक्की देने की संभावना भी तलाशेगी। एक विशेष भूमिका निभाते हुए भगवंत सिंह मान ने ओलंपिक मैचों के दौरान मैदान में उनके अनुभवों के बारे में खिलाड़ियों से सवाल-जवाब भी किए। हरमनप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह और अन्य खिलाड़ियों के साथ बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने मैचों के दौरान खिलाड़ियों द्वारा दिखाई गई शानदार खेल भावना की सराहना की, जिसके कारण टीम ने शानदार जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों को नशे के खिलाफ प्रदेश की मुहिम के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा, ताकि हमारे युवाओं को प्रेरणा मिल सके।

# अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 के कार्यक्रम की घोषणा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मलेशिया में अगले साल की शुरुआत में होने वाले अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के मैचों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट की शुरुआत 18 जनवरी को होगी और फाइनल मुकाबला 2 फरवरी को खेला जाएगा। यह अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का दूसरा संस्करण है। विश्व कप के पहले संस्करण के फाइनल में भारतीय अंडर-19 महिला टीम ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था।

दूसरे संस्करण में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनके बीच कुल 41 मुकाबले खेले जाएंगे। मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम को ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया में रखा गया है। ग्रुप बी में इंग्लैंड, आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका की टीमे हैं। पिछले संस्करण की मेजबान दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, समोआ और अफ्रीका से क्वालीफायर ग्रुप सी में हैं। ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और एशिया से एक क्वालीफायर शामिल है। प्रत्येक टीम राउंड-रॉबिन चरण में अन्य टीमों के साथ खेलेगी, जिससे ग्रुप चरण में प्रत्येक टीम को तीन-तीन मैच खेलने




को मिलेंगे। इसके बाद सभी चार ग्रुपों से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी। सुपर सिक्स चरण में 12 टीमों को दो समूहों में विभाजित किया गया है। सुपर सिक्स में प्रत्येक टीम दो मैच खेलेंगी। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 31 जनवरी को होगा तथा फाइनल 2 फरवरी 2025 को होगा। यदि भारतीय टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करती है, तो वो सेमीफाइनल 2 खेलेगी, जो 31 जनवरी को स्थानीय समयानुसार 14¬30 बजे होगा। एक फरवरी को सेमीफाइनल के लिए आरक्षित दिन रखा गया है तथा 3 फरवरी को फाइनल के लिए आरक्षित दिन रखा गया है।

## 72 रन पर ऑलआऊट हुई ऑस्ट्रेलिया ए टीम, भारत को मिली बड़ी जीत

**एजेंसी**

**मकाय ।** प्रिया मिश्रा के 5 और मिन्नू मनी के (2 विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंडिया ए महिला टीम ने खेले के तीन मैचों की सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए को 171 रनों से हरा दिया है। भारतीय टीम शानदार गेंदबाजी के आगे 244 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया का कोई भी बल्लेबाज पिच पर नहीं टिक सका। मैडी डार्क ने सर्वाधिक (22), टेस फ्लिंटॉफ ने (20) और चार्ली नॉट (11) रन बनाए। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और ऑस्ट्रेलियाई टीम 22.1 ओवर में 72 के स्कोर पर सिमट गई।

भारतीय टीम ने अपने मुकाबले में अपना दमखम दिया है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया 2-1 से यह सीरीज जीत चुकी है। इंडिया ए महिला टीम की ओर से प्रिया मिश्रा ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिकरा करते हुए 5 ओवरों में 2 मेडन के साथ 14 रन देकर 5 विकेट लिए।

# टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर 2027 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा टेस्ट मैच

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरा होने का जश्न मनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें एक टेस्ट मैच खेलेंगी। यह स्टैंडअलोन सेलिब्रेशन मैच वर्ष 2027 में ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर खेला जाएगा। क्रिकेट के इतिहास में पहला टेस्ट मुकाबला मार्च 1877 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ही खेला गया था। यह मुकाबला भी मेलबर्न के मैदान पर खेला गया था। पहले टेस्ट मैच को ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। साल 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे हो रहे हैं। ऐसे में इस खास अवसर पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर स्टैंडअलोन सेलिब्रेशन मैच खेलेंगी। टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए ये ऐलान किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अगले सात ग्रीष्मकाल (2024-25 से 2030-31 तक) के लिए पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय टेस्ट, वनडे, टी20 और अन्य मैचों की मेजबानी के अधिकारों के आवंटन की भी घोषणा की है।

आईसीसी के अनुसार ये व्यवस्थाएं सीए और राज्य एवं क्षेत्रीय सरकारों के बीच रणनीतिक साझेदारी की श्रृंखला का हिस्सा हैं, जो प्रशंसकों और समुदायों के लिए अधिक निश्चितता प्रदान करने के साथ-साथ देशभर में क्रिकेट आयोजनों का विस्तार करने के लिए तैयार की गई हैं। इस व्यवस्था के तहत, एमसीजी वार्षिक बॉक्सिंग डे टेस्ट की मेजबानी की अपनी परंपरा को बनाए रखेगा, जबकि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड नए साल के मैच का आयोजन जारी रखेगा। एडिलेड ओवल 2025/26 सीजन से शुरू होने वाले हर दिसंबर में क्रिसमस टेस्ट की मेज़बानी करेगा, जिसमें डे-नाइट और डे टेस्ट का मिश्रण होगा। इस बीच, पर्थ स्टेडियम ने 2026/27 सीजन तक गर्मियों के पहले पुरुष टेस्ट की मेज़बानी करने के अधिकार सुरक्षित कर लिए हैं। सीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकले ने एक बयान में कहा कि हमें दीर्घकालिक मेजबानी अधिकारों की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है, जो अगले सात वर्षों में कुछ शानदार क्रिकेट मैचों के स्थानों के बारे में निश्चितता प्रदान करते हैं। हमें विश्वास है कि यह कार्यक्रम सुनिश्चित करेगा कि देश भर में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ स्थानों पर सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला जाएगा।



# प्रियंका चाहर चौधरी

## और अंकित गुप्ता के बीच क्या रिश्ता है? एक्टर ने कर दिया खुलासा

Salman Khan के रियलिटी शो Bigg Boss के बाद अक्सर कंटेस्टेंट्स की लाइफ बदल जाती है. इसका एक सबूत बिग बॉस 16 की दूसरी रनरअप प्रियंका चाहर चौधरी भी हैं. बिग बॉस के घर में प्रियंका का डंका पूरे सीजन के दौरान बजता हुआ नजर आया. इतना ही नहीं जब वो शो नहीं जीत पाईं तो खुद सलमान खान भी इस बात से काफी हैरान थे. सलमान समेत तमाम दर्शकों को उम्मीद थी कि प्रियंका चाहर ही बिग बॉस 16 की ट्रॉफी जीतकर घर जाएंगी. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. सलमान ने प्रियंका के जज्बे को सलाम किया और उनसे कहा कि वो बहुत बड़ी हीरोइन बनेंगी.इसी घर में प्रियंका चाहर चौधरी के साथ उनके को-एक्टर और खास दोस्त अंकित गुप्ता ने भी शिरकत की थी. प्रियंका और अंकित इस शो में आने से पहले टीवी सीरियल उड़ारियां में लीड स्टार कास्ट के तौर पर काम कर रहे थे. ऐसे में दोनों की दोस्ती पुरानी थी, जो इस घर में आकर और भी गहरी हो गई. इस जोड़ी को फैन्स ने 'प्रियंकित' का नाम भी दिया. पूरे शो के दौरान दोनों के बीच दोस्ती से ज्यादा वाला रिश्ता देखने को मिला था, लेकिन प्रियंका और अंकित ने हमेशा एक-दूसरे को दोस्त बताया.



**अंकित ने प्रियंका से कही अपने दिल की बात**

अब हाल ही में अंकित गुप्ता ने प्रियंका चाहर चौधरी से अपने दिल की बात कही है. दरअसल बीते दिनों प्रियंका ने अपने खास दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया. इस दौरान 'प्रियंकित' को फिर से साथ देखा गया. अंकित से एक इंटरव्यू के दौरान जब पूछा गया कि प्रियंका उनके लिए क्या हैं, तो उनके जवाब ने सभी का दिल खुश कर दिया. अंकित ने कहा मैं काफी लकी फील करता हूं. अब ये आ गई है, अब मैं इसको कहीं नहीं जाने दूंगा. मैं बहुत खुशनसीब महसूस करता हूं इसे अपने लाइफ में पाकर और मुझे लगता है, क्या होता है न, हम लड़के हमारी जिंदगी में बैलेंस नहीं होता है, जब ऐसा कोई आपकी लाइफ में आता है न, तो वो आपकी लाइफ में एक बैलेंस लेकर आता है, तो मुझे लगता है कि वो बैलेंस अब है.

**प्रियंका चाहर चौधरी और तुषार कपूर**

बिग बॉस 16 के दौरान प्रियंका चाहर चौधरी ने भी अंकित गुप्ता को लेकर ऐसा ही कहा था कि, अब ये आ गया है, अब मैं इसे अपने पास रखूंगी, कहीं जाने नहीं दूंगी. दोनों के फैन्स इस कपल को साथ देखना काफी पसंद करते हैं.

# कंगना रनौत

## ने शादी की योजना पर तोड़ी चुप्पी, पार्टनर को लेकर कहा- साथी के बिना रहना और भी मुश्किल




हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद बनने के बाद कंगना रनौत राजनीति में सक्रिय हो गई हैं. वे अगली बार फिल्म 'इमरजेंसी' में नजर आएंगी, जो 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. वे फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में हैं. ट्रेलर में कंगना रनौत की एक्टिंग झलक पाकर दर्शक काफी प्रभावित हुए. फैंस मानते हैं कि वे पॉलिटिकल मूवी के लिए पांचवीं बार नेशनल अवॉर्ड जीत सकती हैं. एक्ट्रेस के फैंस यह भी जानने में उत्सुक रहते हैं कि वे कब और किससे शादी करेंगी? एक्ट्रेस ने अब अपनी शादी की योजना के बारे में बात की. ंगना रनौत से जब यूट्यूबर राज शमानी ने अपने पॉडकास्ट में पूछा कि क्या वे शादी करना चाहती हैं और अपना परिवार बनाना चाहती हैं, तो उन्होंने कहा, 'हां बिल्कुल.' एक्ट्रेस से आगे पूछा कि क्या शादी करना अनिवार्य है, तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी के पास एक साथी होना चाहिए. साथी के साथ भी मुश्किलें होती हैं, लेकिन साथी के बिना और भी दिक्कतें हैं. वो बात अलग है कि आपको अपना साथी ढूंढना होगा. यह सबसे बड़ी त्रासदी है जो आपके साथ हो सकती है.'



**कंगना रनौत ने कम उम्र में शादी के गिनाए फायदे**

कंगना रनौत ने यह भी बताया कि उन्हें क्यों लगता है कि कम उम्र में शादी करना आसान है. वे आगे कहती हैं, 'जैसे-जैसे आप बड़े होते जाते हैं, आपके लिए एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाना उतना ही मुश्किल होता जाता है. अगर आप कम उम्र में शादी करते हैं, तो यह बहुत आसान होता है.' गांवों में लोग बहुत कम उम्र में शादी कर रहे हैं. इसके अलावा, उस समय आपका पैशन इतना तीव्र होता है. जब आप छोटे होते हैं तो अपने पैशन को दिशा देना बहुत आसान होता है.' बता दें कि कंगना रनौत ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'गैंगस्टर' से की थी, जिसमें वे इमरान हाशमी के साथ लीड रोल में नजर आई थीं.

## 13 साल की Arshiya Sharma ने AGT में मचाया धमाल, अब कर रही हैं ये काम



कुछ महीने पहले ही कलर्स चैनल पर 'मंगल लक्ष्मी' के नाम से एक सीरियल शुरू हुआ है, जिसमें टीवी इंडस्ट्री के जाने माने चेहरे शामिल हैं. इस सीरियल में दीपिका सिंह, नमन शॉ समेत और भी कई लोगों के नाम शामिल हैं, हालांकि इसमें ऑडियंस को कई नए चेहरे से भी रूबरू होना पड़ा है, जैसे अर्शिया शर्मा. कई लोगों के लिए यह एक नया नाम है, लेकिन अर्शिया विदेश में भी अपनी पहचान बना चुकी हैं.जी, हां सही सुना आपने अर्शिया ने देश का नाम विदेशों तक ऊंचा किया है. वह जम्मू-कश्मीर की रहने वाली हैं और पेशे से एक डांसर हैं. अर्शिया महज 13 साल की हैं और कुछ वक्त पहले अर्शिया2024 में नजर आई थीं. अर्शिया ने उस शो में एक हॉरर थीम डांस परफॉर्म किया था, जिसने चारों जजों- साइमन कॉवेल, हेइडी क्लम, होवी मैंडेल और सोफिया वेरगारा को उनकी सीट से उठने के लिए मजबूर कर दिया था. अर्शिया ने इस शो में क्वॉटर फाइनल्स तक का सफर तय किया था. ऑडिशन के दौरान ही अर्शिया लोगों के दिल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही थी, उसने जजों को बताया था कि वह डांसर तो हैं, लेकिन वह बाकी लोगों से कुछ हटकर परफॉर्म करने वाली है.

**America's Got Talent से ऑफर**

उसने बताया कि वह अपने डांस में जिम्नास्टिक का टच भी देने वाली है और उसने रिंग अराउंड द रोजेज पर डांस किया था. टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, अर्शिया ने बताया कि जब उन्हें 2024 से ऑफर आया था तो पहले उन्हें और उनके परिवार वालों को इस पर यकीन नहीं हुआ था और वो लोग इसे फेक समझ रहे थे. कुछ समय बाद जब के ऑफिशियल अकाउंट से उनसे कॉन्टैक्ट किया गया तब जाकर उन्हें इस बात पर यकीन हुआ था. के अलावा वो इंडिया के ही और भी रियालिटी शो में नजर आ चुकी हैं, जिसमें 4', शामिल है. साल 2021 में अर्शिया इस शो में शामिल हुई थी और टॉप 10 में अपनी जगह बनाई थी.

## 'रंग दे बसंती' वाली जोड़ी वापस आ रही है, 18 साल बाद इस एक्ट्रेस संग पर्दे पर दिखेंगे आर. माधवन



आर माधवन एक वर्सेटाइल एक्टर हैं, जिन्होंने हर तरह की फिल्मों में काम किया है. 'रंग दे बसंती' भी उनकी बेहतरीन फिल्मों में से एक है. राकेश ओमप्रकाश मेहरा की हिट पिक्चर्स में से एक 'रंग दे बसंती' बॉलीवुड की एपिक फिल्म है, जिसमें आर माधवन के अपोजिट सोहा अली खान दिखी थीं. दोनों की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री कमाल की लगी थी. साल 2006 में रिलीज हुई ये फिल्म एक कल्ट फिल्म बन गई है. अब लगभग 18 सालों के बाद एक बार फिर दोनों की जोड़ी पर्दे पर दिखने वाली है. दोनों की अगली फिल्म पर एक अपडेट सामने आया है.बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट की मानें तो वो दोनों 'ब्रिज' नाम की थ्रिलर फिल्म में साथ नजर आएंगे. इतना ही नहीं, इस जोड़ी ने यूनाइटेड किंगडम में इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है. फिल्म का डायरेक्शन नेथे धर्मा और नागराज दिवाकर कर रहे हैं. नेथे धर्मा ने अक्षय कुमार स्टारर 'मिशन मंगल' की स्क्रीप्ट लिखी थी. नागराज बॉलीवुड के एक जाने माने सिनेमैटोग्राफर हैं. वहीं, एक्ट्रेस और मॉडल राशी खन्ना, जो आखिरी बार 'योद्धा' में नजर आई थीं वो भी इस फिल्म में अहम रोल में नजर आएंगी.

**'ब्रिज' का कहानी**

ये फिल्म एक ऐसे कपल की कहानी है, जिसने एक दशक पहले एक स्थानीय मेले में अपनी बेटी को खो दिया था. अब वो दोनों अपनी बेटी की तलाश में बेचैन है और उसे ढूंढने के लिए क्या-क्या करते हैं, इस फिल्म में दिखाया जाएगा.

**'रंग दे बसंती' की कहानी**

बहरहाल, 'रंग दे बसंती' की बात करें तो ये बॉलीवुड में बनी अब तक की सबसे इंस्पिरेशनल और दमदार फिल्मों में से एक है. डायलॉग्स और इस फिल्म की कहानी ने इसे सबसे अलग और पॉपुलर बनाने का काम किया. फिल्म युवाओं के इर्द-गिर्द घूमती है और एक दिल को छू लेने वाली कहानी बताती है, जो दोस्ती और अपने देश के प्रति प्यार को दर्शाती है.इस फिल्म को बनाने में मेकर्स ने 28 करोड़ रुपये लगाए थे. कमाई की बात करें तो पहले ही दिन इस फिल्म ने 3 करोड़ की कमाई की थी और बॉक्स ऑफिस पर टोटल 97 करोड़ करोड़ का बिजनेस कर बॉलीवुड की हिट फिल्मों में शामिल हो गई थी.

**आर माधवन के अपकिंग प्रोजेक्ट्स**

बॉलीवुड और साउथ में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाने वाले एक्टर आर माधवन को आखिरी बार अजय देवगन के साथ स्मैश हिट 'शैतान' में देखा गया था. फिल्म 'शैतान' के हिट होने के बाद मेकर्स इसके दूसरे पार्ट को लाने की तैयारी कर रहे हैं. माधवन साउथ सुपरस्टार सूर्या की भी एक फिल्म में दिखने वाले हैं. हालांकि, फिल्म का नाम अभी तक सामने नहीं आया है. ये फिल्म साल 2024 के अंत तक रिलीज हो सकती है.